ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 05 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 242 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी ने रणबीर कपूर को... पेज 12 पर

गागर में सागर

उज्ज्वला लाभार्थियों को अब रसोई गैस पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी

नई दिल्ली। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और छह महीने दूर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने बुधवार को उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया, जिसकी बुधवार को बैठक हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सब्सिडी मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची। कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को दोपहर दो बजे प्रोजेक्ट भवन में यह बैठक होगी, जिसमें राज्य हित में कई बड़े फैसले लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में आदेश जारी किया है और सभी विभागों को इस संबंध में प्रस्ताव देने का निर्देश दिया है।

कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

कुलगाम। कुज्जर इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया है। अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए मुठभेड़ जारी है। कुलगाम जिले के कुज्जर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों को पास आते देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक दो आतंकियों को मार गिराया है। माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।

हाईकोर्ट में निलंबित आईएएस छविरंजन की बेल याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4. 55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त और निलंबित आईएएस अधिकारी छविरंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने छविरंजन की डिफॉल्ट बेल की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में अनुसंधान पूरा कर सही समय पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। इसलिए डिफॉल्ट बिल का मामला नहीं बनता है।

हाईकोर्ट में अमित अग्रवाल की जमानत पर 11 को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में लैंड स्कैम के आरोपित अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

ईडी को सीएम के अधिवक्ता का पत्र

हाईकोर्ट की सुनवाई तक दें वक्त

पांचवा समन भेज सीएम को ईडी ने बुलाया था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची जमीन घोटाले में सीएम हेमंत सोरेन पांचवें समन पर भी अनुपस्थित रहे। सीएम को ईडी ने दिन के 10.30 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन सीएम ने ईडी के समक्ष पांचवें समन पर भी उपस्थिति दर्ज नहीं करायी और पलामू में डेयरी प्लांट के उद्घाटन में शामिल हुए। सीएम की तरफ से दोपहर में हाईकोर्ट के अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर व केस के अनुसंधानक देवव्रत झा को पत्र भेजा। इस पत्र में अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने लिखा कि उनके मुवक्किल भारत के कानून को मानने वाले नागरिक हैं। ऐसे में ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने की मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित 2,430. 76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 1,836.41 करोड़ रुपये) की लागत से पूरा करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है, जबकि अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए पहले स्वीकृत लागत 1,622. 27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः

1,378. 60 करोड़ रुपये) की थी। शेष कार्य पूरा होने पर, यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी। उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना एक अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है जिसका कमान क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है। इस परियोजना में कुटकू गांव (जिला लातेहार, झारखंड) के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, बांध के नीचे 96 किमी एक बैराज (मोहम्मदगंज, जिला पलामू, झारखंड), दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल हैं। बिहार सरकार द्वारा उसके अपने संसाधनों से वर्ष 1972 में बांध के निर्माण के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियां शुरू की गईं। काम 1993 तक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू के गणके में सीएम ने किया मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन, बोले

कृषि उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध करायेगी सरकार

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कृषि एवं वनोत्पादों के लिए सरकार किसानों को बाजार उपलब्ध करायेगी। इस दिशा में काम चल रहा है। किसानों को पारम्परिक खेती में बदलाव लाने की जरूरत है। गेहूं और धान के साथ किसान फलदार वृक्षों की खेती कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बिरषा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी एवं मुख्यमंत्री पशुधन आदि योजनाओं की चर्चा करते हुए किसानों को लाभ उठाने की सलाह दी। कहा कि सरकार की योजनाओं से जुड़कर किसान बारहो महीने खेती से जुड़े रहें और आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री बुधवार को सदर प्रखंड के चियांकी से सटे गणके गांव में स्थापित मेधा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन के बाद किसानों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस दौरान सीएम ने शिलापट्ट का अनावरण कर प्लांट और दीप जलाकर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पूर्व पलामू पहुंचे सीएम का चियांकी हवाई अड्डे पर जिले के टॉप अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

पलामू पुलिस की ओर से गॉड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। मौसम का बदलाव भविष्य के लिए चिंता का विषय है। ऐसी स्थिति में किसानों को पारम्परिक खेती में बदलाव कर नई तकनिकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डेयरी प्लांट का संचालन किसान ही कर सकते हैं। किसान बदलाव लायें तो सरकार दर्जनों प्लांट लगा देगी। सरकार किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन दे रही है। गाय के साथ पशु शेड की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम दूसरे राज्यों से महंगा बकरी, मछली, अंडा खरीदते हैं। जबकि पशुपालन कर हम अपनी जरूरतों के बाद दूसरे राज्यों को भी बेच सकते हैं। इससे आमदनी बढ़ेगी और जीवन स्तर में सुधार होगा।

उन्होंने पलामू में लाह व महुआ की चर्चा करते हुए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

नहीं रहे देश के पहले आदिवासी कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कैथोलिक ईसाइयों के बड़े धर्मगुरु कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो नहीं रहे। वह पूरे एशिया के पहले आदिवासी थे, जिन्हें कार्डिनल बनाया गया था। वह कार्डिनल के साथ-साथ लंबे समय तक ईसाइयों के रांची आर्चडायसिस (धर्मप्रांत) के आर्कबिशप भी रहे। उन्होंने रांची के मांडर स्थित कांस्टेंट लीवंस अस्पताल में बुधवार दोपहर 3.45 बजे अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से इलाजरत थे। उनके फेफड़े में पानी भर जाने के बाद स्थिति गंभीर हो गई थी। उनकी उम्र 84 वर्ष थी। उन्हें रांची के संत मैरी चर्च में 7 अक्टूबर को दफनाया जायेगा। रांची के आर्कबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने यह जानकारी मीडिया के साथ साझा की है। फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी थे जिन्हें ईसाई मिशनरी में कार्डिनल बनने का गौरव हासिल हुआ था। कैथोलिक मिशन में सर्वोच्च धर्मगुरु पोप के बाद कार्डिनल का दर्जा ही सबसे ऊंचा होता है। वह कार्डिनल के पद से 24 जून 2018 को रिटायर हुए थे। फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का जन्म 15 अक्टूबर 1939 को गुमला के चैनपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी कॉलेज की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज और धर्मशास्त्र की पढ़ाई रोम के पोंटिफिकल अल्बेनियन यूनिवर्सिटी से की। तेलेस्फोर पी टोप्पो को 21 अक्टूबर 2003 को पोप जॉन पॉल द्वितीय की ओर से कार्डिनल बनाया गया था। वर्ष 2005 में आयोजित पोप कॉन्क्लेव में उन्होंने निर्वाचक की भूमिका निभाई थी। इस कॉन्क्लेव में जोसेफ रात्जिंगर को पोप बेनेडिक्ट 16वें के रूप में चुना गया था। वह उन कार्डिनल निर्वाचकों में से एक थे, जिन्होंने वर्ष 2013 के पोप कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया था, जिसमें पोप फ्रांसिस का चयन किया गया था। रोमन कैथोलिक चर्च के सबसे बड़ी संस्था कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) और कांफ्रेंस ऑफ कैथोलिक बिशप्स ऑफ इंडिया (सीसीबीआई) के वे अध्यक्ष भी रह चुके थे।

सीएम ने तेलेस्फोर के निधन पर जताया दुःख

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धर्मगुरु कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन का अत्यंत दुःखद समाचार मिला। कार्डिनल तेलेस्फोर जी लोगों की सेवा करते हुए उनके हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

लैंड फॉर जॉब मामले में अगली सुनवाई 16 को

लालू, राबड़ी और तेजस्वी समेत 6 आरोपियों को मिली जमानत

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 6 लोगों को बुधवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने आरोपियों को उनके खिलाफ जारी समन के अनुपालन में अदालत में पेश होने के बाद यह राहत दी। अदालत ने 22 सितंबर को लालू, राबड़ी, तेजस्वी और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद उन्हें तलब किया था और कहा था कि साक्ष्य प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित विभिन्न अपराधों को अंजाम दिए जाने की तरफ इशारा करते हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो

(सीबीआई) ने कथित घोटाले के संबंध में तीन जुलाई को आरोप पत्र दायर किया था। यह जांच एजेंसी द्वारा मामले में दायर किया गया दूसरा आरोप पत्र था। हालांकि, यह पहला आरोप पत्र था, जिसमें तेजस्वी यादव को आरोपी के रूप में नामित किया गया है। लालू नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले के साथ-साथ चारा घोटाला से जुड़े मामलों में भी जमानत पर बाहर हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

रांची। राज्य में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में फजीर्वाड़ा करने वाले 400 से भी ज्यादा अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत 78 अस्पतालों को गड़बड़ी करने के आरोप में डि-इम्पैनल्ड यानी सूची से हटा दिया गया है। साथ ही 89 अस्पतालों से करीब एक करोड़ रुपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 250 से भी ज्यादा अस्पतालों को शो-कॉज किया गया है। एक हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि गड़बड़ियों की जांच लगातार जारी है। जिन हॉस्पिटल्स को चिन्हित किया गया है, यदि उनके प्रबंधन से संतोषजनक जवाब नहीं आया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दो महीने पहले लोकसभा में पेश सीएजी की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामला

विस सचिव 7 दिन में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करें : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के तीन बार आदेश के बाद भी विधानसभा सचिव की ओर से अब तक जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट नहीं आई है। यह कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है। कोर्ट ने विधानसभा सचिव को सात

दिनों के भीतर जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई गुरुवार को निर्धारित की।

रिपोर्ट पेश नहीं होने से नाराज कोर्ट ने कहा कि यदि विधानसभा सचिव द्वारा जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उन पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश और अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि कैबिनेट सेक्रेटेरिएट ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास भेजा है। इसलिए कैबिनेट सेक्रेटेरिएट से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी गई है। यह रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिरा, दो की मौत, पांच घायल

गुमला। जिले के बिशुनपुर प्रखंड में बुधवार की सुबह नेतरहाट जाने के मार्ग पर जोहनडेरा घाटी में बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिर गया। हादसे दो लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग घायल हैं। मृतकों में एक बच्चा व एक महिला है। भारी बारिश के बीच बिशुनपुर और गुरदरी थाना की पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों व मृतकों को खाई से निकाला। बताया जाता है कि बॉक्साइट ट्रक माइंस से लोहरदगा जा रहा था। जोहनडेरा घाटी के समीप ट्रक खाई के नीचे जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि गाड़ी में महिला का शव फंसा हुआ था, जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को अस्पताल लाया गया है। पांच में से दो घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा

क्वांटम डॉट्स की खोज करने वाले सम्मानित

एजेंसी। नई दिल्ली

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया।

अकादमी ने एक बयान में कहा, रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए दिया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन



और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं, और कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष जोहान एक्विस्ट ने कहा, "क्वांटम डॉट्स में कई आकर्षक और असामान्य गुण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके साइज के आधार पर उनके अलग-अलग रंग होते हैं। क्वांटम डॉट्स अब क्यूएलईडी तकनीक पर आधारित कंप्यूटर मॉनिटर और टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करते हैं। वे कुछ एलईडी लैंप की रोशनी में बारीकियां भी जोड़ते हैं, और बायोकेमिस्ट और डॉक्टर उनका उपयोग जैविक ऊतकों को मैप करने के लिए करते हैं। भौतिक विज्ञानी लंबे समय से जानते थे कि सैद्धांतिक रूप से आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव नैनोकणों में उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उस समय नैनो-आयामों में नकाशी करना लगभग असंभव था। इसलिए, कुछ लोगों का मानना था कि इस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किया जाएगा।

हालांकि, 1980 के दशक की शुरूआत में, एकिमोव रंगीन कांच में आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव बनाने में सफल रहे। रंग कॉपर क्लोराइड के नैनोकणों से आया और एकिमोव ने प्रदर्शित किया कि कण का आकार क्वांटम प्रभावों के माध्यम से कांच के रंग को प्रभावित करता है। कुछ साल बाद, ब्रूस दुनिया के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने किसी तरल पदार्थ में स्वतंत्र रूप से तैरते कणों में आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव साबित किया।

रेमडिसिविर कालाबाजारी केस का अनुसंधान पूरा

कोराना काल में 250 वायल की तस्करी के साक्ष्य

डीजी अनिल पालटा के अधीन एसआईटी ने पूरी की जांच

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कोरोना काल में रेमडिसिविर के कालाबाजारी का चर्चित केस की एसआईटी जांच पूरी हो गई है। एसआईटी के प्रमुख डीजी अनिल पालटा ने बयान जारी कर बताया है कि एसआईटी ने अनुसंधान के क्रम में कई गवाहों के बयान, मोबाइल फोरेंसिक, कंप्यूटर

फोरेंसिक, वायस स्पेक्ट्रोग्राफी टेस्ट रिपोर्ट, केमिकल एनालिसिस रिपोर्ट के आधार पर जांच की। इस दौरान एसआईटी ने खुलासा किया कि कुल 250 वायल रेमडिसिविर की कालाबाजारी व अनाधिकृत रूप से बिक्री की गई। एसआईटी ने पाया कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर व सरकारी अस्पतालों से निर्गत रेमडिसिविर इंजेक्शन की चोरी के आरोप प्रमाणित हुए हैं।

किस-किस के खिलाफ हुई चार्जशीट

एसआईटी ने इस मामले में सबसे पहले 26 जून 2021 को गिरफ्तार आरोपी राजीव कुमार सिंह, मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। बाद में एसआईटी ने इस मामले में सुषमा कुमारी पर चार्जशीट दायर की थी। वहीं 4 अक्तूबर को ईडी ने इस मामले में साई कृपा मेडिकल एंड सर्जिकल के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

सीएम दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के ब्रह्मभोज में हुए शामिल

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय के दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दिवंगत न्यायाधीश के डोरंडा स्थित आवास पहुंचकर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

गरीबों का राशन चोरी करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : देवेन्द्र नाथ महतो

सिल्ली। राशन कटौती के खिलाफ आज 3 अक्टूबर दिन मंगलवार को झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केन्द्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय का घेराव किया गया जिसमें सिल्ली प्रखण्ड आस पास के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए। सिल्ली प्रखण्ड आपूर्ती पदाधिकारी से वार्ता के बाद समस्या का सामाधान का लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली प्रखण्ड भ्रष्टाचार का अड्डा और कचड़ा का डब्बा बन गया है, हक अधिकार का लूट चरम पर है। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि अधिकारी पदाधिकारी के मिलीभगत से जन वितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से डीलरों के माध्यम से फूड सिक्योरिटी एक्ट का उलंघन करते हुए गरीबों को दो बार टेपा मरवाकर कर दो महीना के जगह एक महीना का राशन दिया जा रहा है, ईपॉश मशीन द्वारा सम्पूर्ण वजन राशन के साथ पर्ची भी देने का प्रावधान है जो नहीं दिया जाता है, राशन कटौती महा घोटाला है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रखण्ड आपूर्ती पदाधिकारी द्वारा आगामी 9 अक्टूबर को एजीएम, डीएसडी, डीएसओ के उपस्थिति में सभी डीलरों का बैठक कर सभी मांग पूरा करने और दोषी अधिकारियों और डीलरों पर कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो मांग पूरा नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन का चेतवानी दिया। घेराव को सफल बनाने में देवेंद्र नाथ महतो, संजीव, खुदीराम, प्रकाश, संजीव, सुमन, के अलावा अन्य सैकड़ों ग्रामीण अहम योगदान दिया।

खेलो सिल्ली अभियान के तहत झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल खेल का हुआ उद्घाटन

सिल्ली। सिल्ली स्टेडियम परिसर में बुधवार को झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल खेल का शुभारंभ विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। इस खेल समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज खिलाड़ी हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को देंगे टिप्स, इस शानदार आयोजन में देश-विदेश के नामी- गिरामी फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। जबकि कई बड़े खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल का हिस्सा भी बनेंगे। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों पर सबकी नजर लगी हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आई एम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनंराज पिल्ले सरीखे महान खिलाड़ी विशेष तौर पर शामिल थे। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। इनमें रमेश स्पोर्टिंग, बाबा स्पोर्टिंग, स्टोनएक्स सेवन, तेलंगाना टाइटंस, बोकारो सुपरकिंग्स, सी.ऐ.जे टाटा, सिल्ली यूनाइटेड, एच एल एम स्पोर्टिंग शामिल हैं। युवा एवं प्रतिभावान इन टीमों के बीच कड़े और दिलचस्प मुकाबले को देख सकेंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय खिलाड़ियों को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका देना है। यह टूर्नामेंट राज्य में खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मैच का शुभारंभ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने फ्रेंडली मैच खेल कर किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के पदाधिकारियों को दिये चुनाव के टिप्स, कहा-

आगामी आम चुनावों में बेहतर मतदान प्रतिशत का रखें लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्रों से संबद्ध सभी एईआरओ के दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मौजूद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आगामी आम चुनाव में झारखंड में मतदान प्रतिशत को 80% से ऊपर लेकर जाना है, इसको लेकर सभी को अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सबसे पहले जो काम करना होगा वह है मतदाता सूची को त्रुटि विहीन बनाना तथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण करना। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने स्तर पर यह भी प्रचारित करें कि मतदाता पंजीकरण के लिए मात्र दो शर्तें आवश्यक है व्यक्ति का भारत का नागरिक होना एवं 18 वर्ष की आयु का होना । इसलिए ध्यान रहे कि अन्य किसी प्रमाण या दस्तावेज के अभाव में एक भी नये मतदाता के पंजीकरण का कार्य बाधित न हो। उन्होंने कहा कि इस बात का भी प्रचार प्रसार करें कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी अन्य दस्तावेज नियमानुसार निर्धारित हैं जिसे दिखाकर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के बीच जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया के भी सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश देने के साथ-साथ उनसे फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव श्री देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार एवं निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कैलाश स्टोर्स का एस्बेस्ट्स काटकर एक लाख की चोरी, केस दर्ज

रांची। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित कैलाश स्टोर का एस्बेस्ट्स काटकर एक लाख नगदी की चोरी कर ली। इस संबंध में संचालक मुकुल तनेजा ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुरुलिया रोड निवासी मुकुल तनेजा की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बीते 23 सितंबर की रात साढ़े आठ बजे वह अपनी प्रतिष्ठान बंद कर घर लौट गए थे। 25 सितंबर को जब वह सुबह नौ बजे प्रतिष्ठान गए और खोला। भीतर जाने पर देखा कि उनके एस्बेस्ट्स का शीट व ग्रील कटा हुआ है। काउंटर में रखा एक लाख रुपए गायब है। उन्होंने दावा किया है कि पड़ोस में निर्माण के लिए बांस-बल्ली लगाया गया है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
पशुपालन प्रभाग, झारखण्ड
कार्यालय प्रबंधक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा (हजारीबाग)

खाली बोरा निलामी स्थगित रखने की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR NO - 307480 द्वारा प्रकाशित निलामी सूचना के आलोक में राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा में दिनांक 07.10.2023 को होने वाली खाली बोरों की निलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।
पुनः निलामी की सूचना प्रकाशित की जायगी।

प्रबंधक
राजकीय पशु प्रक्षेत्र
गौरियाकरमा हजारीबाग।

PR 308283 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

मुख्य चुनाव आयोग के सभी दिशा-निर्देशों को पालन करने का पदाधिकारियों को दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा बुधवार को समहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में कांके तथा मांडर विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त मतदान केंद्रों का पुनः व्यवस्थीकरण एवं नया मतदान केन्द्र बनाने से सम्बंधित प्रस्तावों पर सहमति के लिए सम्बंधित सभी अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-65 कांके, राजीव कुमार सिंह एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-66 मांडर सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, अल्बर्ट बिलुंग, उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक सुमन एवं सम्बंधित सभी अधिकारी और राजनीतिक दलों (मान्यता प्राप्त) प्रतिनिधि मौजूद थे। 65- कांके विधानसभा के पुराने मतदान केन्द्र संख्या 312 में कुल 1560 मतदाता थे जिसमें कुल 5 अनुभाग है जिसमें से 2 अनुभाग काटकर नया मतदान केन्द्र संख्या 310 पंचायत सचिवालय खटगा में बनाया जा रहा है। इन दोनो अनुभाग के मतदाताओं को 02 कि०मी० से कम की दूरी तय करनी पड़ेगी। कांके विधानसभा के पुराने मतदान केन्द्र संख्या 302, 303 एवं 304 सुगनू गांव में अवस्थित है। तीनों मतदान केन्द्रों में दर्ज मतदाता सैन्य छावनी दीपाटोली कैंट में कार्यरत कर्मी एवं पदाधिकारियों का नाम दर्ज था एवं वर्तमान में उन सभी कर्मी एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण हो गया है। सैन्य छावनी के कमाडेन्ट से उक्त सूचना प्राप्त कर लेने के पश्चात निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके के द्वारा उक्त तीनों मतदान केन्द्रों के विलोपन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, रांची से प्राप्त निदेश की वैसे सोसाईटी या अपार्टमेन्ट जहां पर्याप्त संख्या में मतदाता उपलब्ध हो उनके लिये उनके सोसाईटी के अंदर उपर्युक्त स्थल पर मतदान केन्द्र का निर्माण किया जाना है। उक्त निदेश के आलोक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65- कांके के द्वारा पुराने मतदान केन्द्र संख्या - -काँके के 336, 337 एवं 338 जो वर्तमान में एस०एस० मेमोरियल कॉलेज, काँके रोड में स्थित है में सीएमपीडीआई के आवासीय परिसर में रहने वाले मतदाताओं की कुल संख्या-904 है, इसलिए एसएस मेमोरियल कॉलेज, कांके रोड स्थित मतदान केन्द्र संख्या- 338 का स्थल परिवर्तन करते हुए उसे सीएमपीडीआई परिसर स्थित रविन्द्र भवन में बनाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। कांके विधानसभा के कुल 21 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 1500 से अधिक होने के कारण उसके कुछ अनुभाग के मतदाताओं को 21 अन्य मतदान केन्द्रों में सम्मिलित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

जोखीराम सरावगी स्मृति निधि ट्रस्ट का साढ़े सात लाख किया गबन, केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के अपर बाजार स्थित जोखीराम सरावगी स्मृति निधि ट्रस्ट के धर्मशाला का साढ़े सात लाख रुपए गबन कर लिया गया। रुपए गबन का आरोप चंदन कुमार सिंह पर लगा है। ट्रस्ट के सदस्यों का आरोप है कि गबन की राशि मांगने पर आरोपी चंदन और उसके परिजन उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी है। इस संबंध में ट्रस्टी मनीष सरावगी ने कोतवाली थाने में चंदन कुमार सिंह, उसकी पत्नी और मां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

ट्रस्टी मनीष सरावगी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि अपर बाजार जेजे रोड में उनका एक धर्मशाला है। जिसका संचालन जोखीराम सरावगी स्मृति निधि ट्रस्ट करती है। इस ट्रस्ट में छह सदस्य हैं। धर्मशाला का लेखा-जोखा की जिम्मेवारी चंदन कुमार सिंह को दी गई थी। बीते दो साल से चंदन कुमार सिंह ने ट्रस्ट के सदस्यों को धर्मशाला का हिसाब-किताब नहीं दिया गया है। आरोप है कि साढ़े सात लाख रुपए की हेरा-फेरी की

ट्रस्टी मनीष सरावगी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि अपर बाजार जेजे रोड में उनका एक धर्मशाला है

गई है। पैसा का हिसाब मांगने पर चंदन और उसके परिजन उन्हें रेप और झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ट्रस्ट के सदस्य मनीष ने पुलिस को बताया कि धर्मशाला के भीतर आरोपी चंदन आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को बुलाकर बैठाता है। अपराधियों के साथ मिलकर आरोपी गैर-कानूनी कार्य भी किया करता है। इस बात की जानकारी मिलने पर जब ट्रस्ट के सदस्यों ने उससे पूछताछ की तो आरोपी उनके साथ उलझ गया और गाली-गलौज कर दिया। मनीष का आरोप है कि धर्मशाला में कब्जा कर भया दिखाकर सारा पैसा गबन कर लिया है।

क्रिएटिव टेक्सटाइल वर्क के खिलाफ नकली सामान बेचने पर केस दर्ज

रांची। यूनाइटेड पेटेंट एंड ट्रेड मार्क एटर्नी के अधिवक्ता राज कुमार वर्मा ने अपर बाजार स्थित क्रिएटिव टेक्सटाइल वर्क के संचालक पर नकली सामान बेचने पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। कोतवाली थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिष्ठित कंपनी का नकली सामान बेचा जा रहा था। बीते 30 सितंबर को कंपनी द्वारा की गई जांच में इसका खुलासा हुआ है। इस दौरान कंपनी ने कई प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई। इसी क्रम में क्रिएटिव टेक्सटाइल में जब कंपनी के लोग पहुंचे और सामान की खरीदारी की गई तो संचालक ने उन्हें कच्चा बिल दिया। जब सामानों की जांच की गई को पाया गया कि सामान नकली है। इसके बाद कंपनी के अधिकारी कोतवाली थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

बुंडू व सोनहातू प्रखंड में चलाया गया अमृत कलश यात्रा अभियान

बारिश के बावजूद ग्रामीणों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र, कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा के बुधवार पहले दिन बुंडू प्रखंड के नवाडीह, घाघराबेड़ा, गांव में अभियान चलाया गया आज जहां भारी वर्षा होने के कारण पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त था फिर भी लोक कलाकारों की जुनून एवं ग्रामीणों का उत्साह में कोई कमी नहीं आई। घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किए और सामूहिक रूप से सभी ग्रामीण ने शपथ भी लिए , लोक कलाकारों ने देशभक्ति गीत से पूरे गांव में देश भक्तिमय वातावरण बना दिए। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई एवं सभी को इस अभियान में शामिल होने के आग्रह किए । इन गांवों से कलश में मिट्टी एकत्र कर इसे दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा ।इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुबार्नी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुबार्नी के बारे में किसी को नहीं पता है । इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की

अमृत महोत्सव को समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंडो जिसमें रांची जिला के बुंडू , सोनाहातू , राहे,तमाड़ ,इटकी ,सरायकेला जिले के कुकडू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जा रहा। चंद्रदेव सिंह माननीय कार्यक्रम समिति सदस्य पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र संस्कृति मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के नेतृत्व में झारखंड में अमृत कलश यात्रा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निर्भय कुमार, मुकेश लोहारा, द्रौपदी देवी, शिवरतन ठाकुर,केवल महतो, सुनीता देवी ,सोनी कुमारी, ,उमेश महली आदि भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा।

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (वर्ष 2023–24) योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहन, तिलहन एवं न्यूट्री सिरियल फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस कम में वर्ष 2023–24 में कोडरमा जिलान्तर्गत इच्छुक किसानों को अनुदानित दर पर विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।
इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे वर्णित निम्न कृषि यंत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन)

क्र0 सं0	उपादान/कृषि यंत्र का नाम	अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट)	उपलब्धता (यूनिट) में
1	मेनुअल स्प्रेयर	600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	175
2	मेनुअल स्प्रेयर	750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST /small and marginal,Women farmers के लिए)	115
3	पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर)	2500 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	45
4	पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर)	3100 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए)	35
5	रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet	34000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	05
6	रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet	42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए)	03
7	मल्टी कॉप थ्रेसर (Tractor driven above 35BHP up to 4 tone/ hr capacity)	80000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	01
8	मल्टी कॉप थ्रेसर (Tractor driven above 35BHP up to 4 tone/ hr capacity)	100000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए)	01
9	पंपसेट	10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा।	35
10	स्प्रींकलर सेट	19542 से 21901 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार)	02
11	सिंचाई पाईप	कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा।	410 मी0
12	मोबाइल रेनगन	28681 से 34513 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार)	01
13	थ्रेसिंग फ्लोर (30'X30' साईज)	57500 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा।	09
14	रिज फॉरो प्लांटर (20BHP Tractor driven)	24000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	01
15	सीड स्टोरेज बीन	1000/क्वि0 या 50% जो दोनो में से कम होगा।	15
16	चिजेल प्लाऊ (20BHP Tractor driven)	40 प्रतिशत और 8000 रू0 अन्य के लिए	01
17	मिनी दाल मिल	95000 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा।	02
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन)			
1	मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आपॅरेटेड स्प्रेयर	750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए)	25
2	मेनुअल स्प्रेयर/नेपसेक स्प्रेयर/फूट आपॅरेटेड स्प्रेयर	600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	30
3	पावर आपॅरेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr)	3800 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए)	15
4	पावर आपॅरेटेड स्प्रेयर (12-16 ltr)	3000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	20
5	मेनुअल ऑपरेटेड कल्टीवेटर	10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए)	06
6	कल्टीवेटर	8000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	07
7	बीजोपचार ड्रम	10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा (SC/ST/small and marginal farmers के लिए)	06
8	बीजोपचार ड्रम	8000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	08
9	ट्रैक्टर चालित यंत्र रोटावेटर(above 35 BHP-5 feet)	42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/Women/ small and marginal farmers के लिए)	06
10	रोटावेटर(above 35 BHP-5 feet)	34000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	08
11	पंपसेट	10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा।	40
12	स्प्रींकलर सेट	19542 से 21901 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार)	03
13	सिंचाई पाईप	कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा।	620 मी0
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्री सिरियल)			
1	मेनुअल स्प्रेयर	500 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए)	01
2	मेनुअल स्प्रेयर	600 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/small and marginal farmers के लिए)	02
3	स्प्रींकलर सेट	19542 से 21901 रू0 प्रति हे0 (PMKSYमार्गदर्शिका के अनुसार)	01

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदक का आधार कार्ड का छायाप्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद की छायाप्रति।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- अंचल अधिकारी से सत्यापित जमीन के विवरणी की छायाप्रति।
- पासबुक का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति।

नोटः–
1. लाभुकों का चयन **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जायेगा।
2. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 20.10.2023 तक प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी /प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक एवं आत्मा कार्यालय कोडरमा में जमा किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र आत्मा कार्यालय से कार्यालय अवधि में अथवा अपने प्रखण्ड के BTM/ATM से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
4. किसी भी यंत्र का क्रय लाभुकों द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
5. पूर्व के पॉच वर्षों में किसी भी यांत्रिकरण योजना के द्वारा लाभ न लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यांत्रिकीकरण योजना का लाभ मिलेगा। यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया से सत्यापन करा के प्रतिवेदन जमा करना अनिवार्य है।
7. जमीन की रसीद में आवेदक के हिस्से में कितना जमीन आता है, स्पष्ट रूप से वंशावली के साथ अंचल से सत्यापित जमीन की रसीद आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा
कोडरमा।

PR 308265 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

गागर में सागर

बीआईटी मेसरा में पैनथन 2023 का आयोजन

रांची। बीआईटी मेसरा में पैनथन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। ये कार्यक्रम टेक्निकल बेस्ड होगा। इसका इंरोरेशन 5 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम 5 अक्टूबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में बिहार के गजल गायक अभिषेक पाठक भी आएंगे। इसमें कई तरह के इवेंट भी होंगे। 5 अक्टूबर को इनॉग्रेशन नाइट विद गजल सेशन, 6 अक्टूबर को कल्चरल नाइट, 7 अक्टूबर को बंद नाइट और 8 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरिमनी एंड प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम होगा। इसमें बीआईटी के सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस दौरान 6 अक्टूबर को 16 इवेंट, 7 अक्टूबर को 17 इवेंट और 8 अक्टूबर को 16 इवेंट आयोजित होंगे। उपरोक्त जानकारी इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ। प्रियंग सक्शेना और नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का थीम कॉस्मिक ओडिसी है। जिसमें स्पेस के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। वहीं 8 अक्टूबर को गूगल डेब्लपमेंट ग्रुप के लोग आएंगे और अपने विचारों को रखेंगे। कार्यक्रम में बीआईटी समेत ट्रिपल आईटी रांची, एनएलयू रांची, आईएसएम धनबाद, एनआईटी जमशेदपुर समेत देशभर के कई विश्वविद्यालय पार्टिसिपेट करेंगे।

डॉ. शिवानंद काशी के पिता के निधन से शोक की लहर

रांची। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार के वरिष्ठ सहयोगी डॉ. शिवानंद काशी के 74 वर्षीय पिताजी महावीर कांशी का बुधवार को राज हॉस्पिटल में निधन हो गया है। वे अपने पीछे चार पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। वे बिरसा चौक रांची के निवासी थे। उनके निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महावीर कांशी वरिष्ठ समाज सेवी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर पंकज कुमार सिंह, ध्रुव प्रसाद, डा. अमरेश कुमार, डा. अभिषेक कुमार, विष्णु कुमार, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संतोष शर्मा, अजय मेहता, शिवप्रसाद साहु, सुधीर, अशोक कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार डॉ. सुनील राम, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार, हीरा प्रसाद यादव, सुभाष प्रसाद बरनवाल, अजय कुमार सिंह, अखिलानंद प्रसाद, अजय शाह, यशवंत कुमार, रमेश प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार श्याम कुमार महतो सूरज यादव, अमित कुमार, नरेश डे, पवन कुमार यादव, सुभाष कुमार आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

आजसू ने शहर की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रांची। आजसू पार्टी रांची महानगर ने शहर की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इसके माध्यम से शहर में साफ-सफाई कराने का आग्रह किया गया। साथ ही डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम के लिए व्यवस्था करने को कहा। वहीं, सड़कों पर बन आये गड्ढों को भरने व जल निकासी का प्रबंध करने को कहा। दुर्गा पूजा के मद्देनजर शहर के गली-मोहल्लों की स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने का आग्रह किया। ज्ञापन देनेवालों में ज्ञान सिन्हा, सुनील यादव, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, बीरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, अमित वर्मा, अभिषेक राज नायक, अजय भारत, सूरज गुप्ता आदि शामिल थे।

खर्च के बावजूद बड़ा तालाब का नहीं हो पा रहा है सही रूप से सफाई कार्य

रांची। रांची नगर निगम बड़ा तालाब की सफाई एंफीबियस एक्सकेवेटर मशीन (तैरने वाला पोकलेन) से करा रहा है। पिछले 22 दिनों से इस मशीन से तालाब के अंदर से गाद निकाला जा रहा है। लेकिन, गाद को किसी सूखे स्थान पर न रख तालाब के किनारे पानी में ही रखा जा रहा है। नतीजा निकाला गया गाद धीरे-धीरे पानी में ही समा जा रहा है। यानी सफाई के नाम पर निगम सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। जब मीडिया ने जायजा लिया तो इसमें पाया गया कि पोकलेन ड्राइवर तालाब के बीच से गाद तो निकाल रहा है, लेकिन गाद को तालाब के किनारे पानी में ही रख दे रहा है। इस बारे में पूछने पर ड्राइवर ने कहा कि पहले गाद को एक जगह जमा कर ले रहे हैं। बाद में निकाला जायेगा। जब ड्राइवर से पूछा गया कि गाद निकालकर पानी में ही रख देने से तो वह पानी में घुल जायेगा। इस पर ड्राइवर का कहना था कि थोड़ा बहुत गाद घुलेगा। अधिकतर गाद वहीं पर रहेगा। मशीन से हर दिन 80-90 टन गाद तालाब से निकाला जा रहा है। 10 दिन पहले तक लगभग 1200 टन गाद निकाल कर उसे लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास जमा किया गया था। लेकिन, लगातार हो रही बारिश के कारण ज्यादातर गाद बहकर वापस तालाब में ही चला गया। ऐसे में अगर शेष गाद को नहीं हटाया गया, तो वह भी वापस पानी में चला जायेगा। मास्टर प्लान-2037 को लेकर रांची नगर निगम की ओर से आम लोगों से आपत्ति व सुझाव मांगे गये थे। इसी कड़ी में मंगलवार को अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने 17 लोगों की आपत्तियों पर सुनवाई की। आपत्ति दर्ज करानेवाले लोग खरसीदाग व प्लांडू क्षेत्र के थे। लोगों की आपत्ति पर अपर प्रशासक ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

प्रोजेक्ट भवन घेराव करने पहुंचे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के कर्मियों को पुलिस ने रोका

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ मांगों को लेकर प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने निकला लेकिन पुलिस ने धुर्वा गोलचक्कर के समीप बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। 24 जिलों से आये कर्मी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन पुलिस बार-बार बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक रही थी। इसके लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। मौके पर मजिस्ट्रेट अमित कुमार मौजूद थे। वह लोगों को लाउडस्पीकर से बैरिकेडिंग के आगे आने से रोक रहे थे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन और धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को हमसे वार्ता करनी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 90 दिनों से संघ के कर्मचारी राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी पिछले चार सालों के वेतनमान और मानदेय बढ़ोतरी को लेकर बार-बार सरकार से गुहार लगा रहे हैं लेकिन सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि प्रमुख मांगों में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वार्ता करने, स्वयं सेवकों की सेवा स्थायी करने, नियमित मानदेय लागू किया करने, स्वयं सेवकों का समायोजन करने और संघ का नाम बदलकर पंचायत सहायक करना शामिल है।

उल्लेखनीय है कि संघ के घेराव को लेकर जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट भवन के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी थी। इसके बावजूद संघ के कर्मचारी प्रोजेक्ट भवन घेराव करने पहुंचे हैं।

जिउतिया व्रत 6 व 7 अक्टूबर को

नवीन मेल संवाददाता। रांची
तीन दिनों तक चलने वाला संतान कामना का पर्व जीवित्पुत्रिका यानी जिउतिया को लेकर असमंजस की स्थिति है। मिथिला पंचांग में छह अक्तूबर को व्रत है, जबकि भोजपुरी क्षेत्र की महिलाएं सात अक्तूबर को व्रत करेंगी। आचार्य एके मिश्र का कहना है कि व्रत का प्रथम संयम नहाय-खाय गुरुवार पांच अक्तूबर को है। पांच अक्तूबर की मध्य रात्रि के बाद और गुरुवार, छह अक्तूबर को सूर्योदय से पूर्व व्रत के निमित्त ओठगन (सरगही) किया जा सकता है। वैसे ओठगन छह अक्तूबर के तड़के 4:10 से सुबह 5:30 बजे के बीच कर लेना चाहिए। शुक्रवार, छह अक्तूबर को जिउतिया व्रत और पूजन है। पूजन के लिए शुभ मुहूर्त दिवा 11:10 से दोपहर 1:01 बजे तक और दोपहर 3:59 से संध्या 5:26 बजे तक है। व्रत का पारण शनिवार, सात अक्तूबर को होगा। वाराणसी और क्षेत्रीय पंचांगों के अनुसार सुबह 10:31 बजे के बाद, जबकि राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार सुबह 8:09 बजे के बाद पारण किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्य राजेश पाठक ने कहा कि शास्त्र कहता है कि इस बार सात अक्तूबर को जिउतिया व्रत है। वे बताते हैं कि छह अक्तूबर की सुबह 9:34 बजे तक सप्तमी तिथि है। इसके बाद अष्टमी तिथि शुरू हो रही है। इस तरह अष्टमी उदया तिथि में प्राप्त नहीं हो रही।

मॉक ड्रिल : लश्कर-ए-तैयबा के तीन आंतकी ढेर, वीवीआईपी मुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। जिले के डोरंडा स्थित जैप-1 ग्राउंड में बुधवार को बम के धमाके होने लगे। यह धमाका आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और लश्कर-ए-तैयबा के बीच हुआ। एटीएस की टीम वीवीआईपी को छुड़ाने को लेकर हमला कर रही थी। यह लाइव मॉक ड्रिल 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट में हो रहा था। झारखंड पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली कि गढ़वा से रांची जा रहे एक वीवीआईपी को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने अगवा कर लिया है। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने आतंकियों से निपटने के लिए तुरंत एटीएस को भेजा। एटीएस की टीम वारदात की जगह पहुंची और बहादुरी दिखाते हुए बंधक बनाए गए वीवीआईपी को छुड़ा लिया। साथ ही एटीएस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को भी मार गिराया। दूसरी ओर मॉक ड्रिल के दौरान डॉग स्क्वायड की टीम ने लूट की घटना का खुलासा किया। एक व्यक्ति को दो लोग लूटकर भाग गये। पुलिस और डॉग स्क्वायड टीम पहुंची। डॉग स्क्वायड टीम ने छिपे हुए अपराधियों को पकड़ लिया। एटीएस और डॉग स्क्वायड की टीम के मॉक ड्रिल ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

रांची के सदर अस्पताल में डेंगू जांच में लगने वाले शुल्क को किया माफ

हर दिन 150 सैंपल की हो रही जांच

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सदर अस्पताल ने डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर जांच पर लगने वाला शुल्क माफ कर दिया है। अस्पताल में पहले डेंगू जांच कराने वाले मरीजों से प्रत्येक जांच के लिए 30 रुपये चार्ज किये जाते थे। अब इसे मुफ्त कर दिया गया है। सरकारी अस्पतालों में एक मरीज के एनएस-1 एलाइजा टेस्ट के लिए केमिकल सहित अन्य सामग्रियों पर 170 रुपये तक लागत आ रही थी। सदर में इन दिनों रोजाना 135 से लेकर 150 सैंपल की जांच की जा रही है। इस हिसाब से अस्पताल पर जांच में हर दिन 25,000 रुपये का अतिरिक्त भार आयेगा। फिलहाल सदर के डेंगू वार्ड में 30 मरीज भर्ती हैं। इसमें खूंटी की एक महिला मरीज की तबीयत मंगलवार को ज्यादा बिगड़ गयी थी। डेंगू और चिकनगुनिया के मरीज सामने आने के साथ ही अधिकतर मरीजों की जांच निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में करायी जा रही है। इसमें रिम्स के पास बरियातू रोड स्थित एनएबीएल लैब में एनएस-वन, एलाइजा के लिए 1500 रुपये तक चार्ज किये जा रहे हैं। वहीं, चिकनगुनिया की स्क्रीनिंग के लिए 1200 रुपये और प्लेटलेट्स जांच के लिए सीबीसी कराने पर 550 रुपये लिये जा रहे हैं। डेंगू के मरीज लगातार सामने आने के बाद निजी अस्पतालों में डेंगू और चिकनगुनिया के कार्ड टेस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। रैपिड कार्ड टेस्ट के आधार पर विभाग भी मरीज को डेंगू होने की पुष्टि नहीं करता है। एलाइजा टेस्ट में आइजीएम पॉजिटिव होने पर संबंधित व्यक्ति को डेंगू का मरीज माना जाता है, जबकि कार्ड टेस्ट में केवल एंटीजन और एंटीबॉडी को लेकर इंडिकेटर होते हैं, जो डेंगू की पुष्टि नहीं करते हैं। डेंगू के लिए एलाइजा और मलेरिया का ब्लड स्लाइड टेस्ट ही स्टैंडर्ड गाइडलाइन है। मरीजों को चाहिए कि यदि निजी अस्पताल या कहीं और उन्हें इन बीमारियों का संदिग्ध मान लिया गया है, तो वह यहां आकर संबंधित बीमारियों की जांच करवा सकते हैं। यह जांच अब सदर अस्पताल में मुफ्त हो रही है।

सरला बिरला के छात्रों का सेकेंड लिटरेरी आइडिएशन कॉन्क्लेव में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 30 सितंबर से 3 अक्टूबर, 2023 तक वाराणसी में आयोजित सकेंड लिटरेरी आइडिएशन कॉन्क्लेव में बाजी मारी। यह कॉन्क्लेव स्वतंत्रता, समानता, इक्विटी, पर्यावरण और सामाजिक न्याय के विषयों को समर्पित था। लोन वुल्फ स्टैंडिंग श्रेणी के इंटर स्कूल क्विज में कक्षा 10 के मोहम्मद अम्मार अहमद को 'मोस्ट प्रोमोसिंग क्विजर्ड' के खिताब से सम्मानित किया गया। उन्होंने इसी श्रेणी में दूसरा रनर अप स्थान भी हासिल किया। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता स्क्रिप्टोरियम के लिए कक्षा 11 के अतिशय सिंह और कक्षा 10 की प्रज्ञाश्री होता ने पहला स्थान प्राप्त किया। इमेजिनेरियम, वेल्थ एंड वर्ड्स आउट ऑफ वेस्ट के लिए कक्षा 11 की वैभवी राठौर और कक्षा 10 की अपूरव अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ जिंगल क्रिएशन का पुरस्कार मिला। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और स्कूल को गौरवान्वित करने के लिए उनके समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने टीम की प्रशंसा की और उनके ईमानदार प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दूसरों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारती है।

झारखंड में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए बनेगी वेबसाइट देनी होगी पूरी जानकारी

रांची। स्वास्थ्य विभाग झारखंड में स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेगा। मृत व्यक्ति के शरीर से निकाले गये स्वस्थ अंग को सही समय पर प्रत्यारोपित किया जा सके, इसके लिए मेडिकल कॉलेज और आई बैंकों में समन्वय स्थापित किया जायेगा। समन्वय स्थापित करने के लिए स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांट की अलग वेबसाइट बनायी जायेगी। इसमें सभी मेडिकल कॉलेज और आई बैंक को जोड़ा जायेगा। मेडिकल कॉलेज और आई बैंकों को प्राप्त स्वस्थ अंग की पूरी जानकारी इस वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। यह फैसला मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोटो की राज्यस्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में शामिल मेडिकल कॉलेज और आई बैंक के प्रतिनिधियों को बताया गया कि वर्तमान में राज्य में कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा है।

श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने बुधवार को पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस के षष्ठी के अवसर पर हेहल प्रखण्ड के पहाड़ टोली, मुण्डा टोली, पाहन टोली, मंडप टोली से आये हुए लगभग 200 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं एव पुरूषों के बीच सामुहिक श्राद्ध दिवस का सफल आयोजन कर सभी आये हुए बच्चों एवं महिला- पुरुष को श्राद्ध प्रसाद में भोजन का वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया। पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस षष्ठी के दिन पर आज 200 बच्चो एवं महिला- पुरुष के बीच भोजन और अल्पाहार में जैसे पुड़ी सब्जी, मिठाई, खीर, पुलाव, दाल, फल बच्चों के बीच कलर पेन्सिल एवं ड्राईग बुक का वितरण का कार्य वहाँ की सेवाधारी महिलाओ किरण बाड़ो की देखरेख में संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस के षष्ठी पर आज भोजन वितरण के महान कार्य में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी ओमप्रकाश सरावगी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह,धर्मजीत सिंह एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

कपड़ों के कलेक्शन तैयार | दुर्गापूजा के मौके पर रांची का फैशन बाजार हुआ गुलजार

मॉल से लेकर दुकानों में खरीदारों की जुटने लगी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। रांची
दुगार्पूजा का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। राजधानी में जगह-जगह पूजा मंडप अब आकार लेने लगे हैं। मंदिरों में भी कलश स्थापना से पूर्व रंग-रोगन और साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही रांची का फैशन बाजार गुलजार नजर आ रहा है। लेटेस्ट डिजाइनर कलेक्शन्स के साथ फैशन आउटफिट हर वर्ग को लुभा रहे हैं। महिला वर्ग से लेकर पुरुषों और बच्चों की पसंद का पूरा ख्याल रखा गया है। इस वर्ष दुगार्पूजा फैशन में विंटर कलेक्शन को भी शामिल किया गया है, जिससे लोग एक साथ दोतरफा खरीदारी पूरी कर रहे हैं। हर वर्ग के लोग पूजा फैशन की शॉपिंग कर सकें, इसके लिए कपड़ों की वेराइटी अलग-अलग रेंज में सजायी गयी है। बजट के अनुरूप लोगों के फैशन का मोल-भाव हो रहा है। बड़े-बड़े मॉल से लेकर कपड़ों की आम दुकान में खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है। खरीदारी के दौरान बच्चों के फैशन का भी ख्याल रखा जा रहा है। रांची में बच्चों का फैशन बाजार रेडीमेड गारमेंट से पूरा किया जा रहा है। ऐसे में ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह के फैशन वियर विकल्प में हैं। जीरो साइज कपड़े से लेकर ऊंचाई और उम्र के अनुरूप खरीदारी की जा रही है। लड़कों के लिए ट्रेडिशनल धोती-कुर्ता, कुर्ता विद पायजामा, जींस, शर्ट, टीशर्ट और थ्री पीस के रेंज ट्रेंड अनुरूप नजर आ रहे हैं। वहीं, लड़कियों में जींस, वेस्टर्न टॉप, फ्रॉक, केप्री, वन पीस, गाउन, टॉप-स्कर्ट और सूट के कलेक्शन खास हैं। इसके साथ ही फैंसी कपड़ों में कॉमिक्स व कार्टून कैरेक्टर प्रिंट वाले कपड़ों का खास स्टॉक सजाया गया है। युवतियों के बीच पूजा में ट्रेडिशनल वियर का चलन बढ़ा है। ऐसे में प्लाजो टॉप विथ चुनरी, डिजाइनर शॉर्ट कुर्ती, पाकिस्तानी सूट और फ्लोरल सूट के कलेक्शन बाजार में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही ब्रांडेड कुर्ती व सेमी स्टिच्ड सूट के नये कलेक्शन कपड़े के शोरूम व मॉल में नजर आ रहे हैं। युवतियां ट्रेंडी वेस्टर्न आउटफिट को भी अपने पूजा कलेक्शन में शामिल कर रही हैं। इसके लिए स्पेशल फैंसी वेस्टर्न गाउन, वनपीस, क्रॉप टॉप, जंप सूट, जेगिंस विद सर्ट जैसे कलेक्शन भी डिमांड में हैं। इसके अलावा कॉटन टॉप, जींस, लखनवी चिकन वर्क सूट और प्लाजो सेट भी डिमांड में हैं।

पूजा फैशन में महिलाओं की पहली पसंद तांत, कॉटन और सिल्क की साड़ियां हैं। बाजार में इसके आकर्षक रेंज उपलब्ध हो चुके हैं। खास तौर पर तांत और कॉटन की साड़ियां महिलाएं खरीदने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही साड़ी में कांजीवरम, असम सिल्क, धर्मावरम, कतान सिल्क, बालू चुरी, फैंसी सिल्क, तसर, चिकनकारी, साउथ कॉटन, बंगाल की ढाकायी तांत और प्योर सिल्क, जामदानी जैसी साड़ियां इस वर्ष पूजा फैशन में नजर आ रही हैं।

आईसीएआर जेआरफ में कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है क रांची कृषि महाविद्यालय के सत्र (2019-23) के 14 छात्र-छात्राओं को इसमें सफलता मिली है कइन्हें देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों के मास्टर पाठ्यक्रम में तो प्रवेश सुनिश्चित हुआ ही है, आल इंडिया रैंक 60 के अंदर आनेवालों को मासिक फेलोशिप भी मिलेगी। नुशरत जहां और वैष्णवी रानी को सामाजिक विज्ञान और पादप विज्ञान में क्रमशः 9वां और 17वां आल इंडिया रैंक प्राप्त हुआ है। कुल 14 में से अनीस कुमार राज, कुमारी रानी, मेघना दिनकर, दीपशिखा और सादिया नूरी को फिजिकल साइंस में, श्यामसुन्दर दास और शुभम कुमार को सस्य विज्ञान में बैष्णवी रानी और सोनू कुमार को पादप विज्ञान में, कौशल कुमार और संकेत कुमार तिवारी को कृषि व्यवसाय प्रबंधन में तथा नुशरत जहाँ और सुष्मिता टोप्पो को सामाजिक विज्ञान में जेआरएफ मिली है। बीएयू के प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ बीके झा ने बताया कि कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आइसीएआर जेआरएफ में विशिष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ अग्रणी प्रबंधन संस्थानों की प्रवेश परीक्षा में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रीति कुमारी हिम्मत सिंह का भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक, अंजलि कुमारी उपाध्याय बीएचयू, खुशबू कुमारी जेवियर प्रबंधन एवं उद्यमिता संस्थान, चेन्नई तथा आकांशा रानी बिमटेक, दिल्ली के स्नातकोत्तर प्रबंधन पाठ्यक्रम के लिए चयनित हुई हैं। आइसीएआर ने कृषि विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश और फेलोशिप के लिए अखिल भारतीय भारतीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सौंपी थी।

गागर में सागर

धनबाद : तेलीपाड़ा दामोदरपुर में महिला ने की पति की हत्या

धनबाद। तेलीपाड़ा दामोदरपुर में बुधवार 4 अक्टूबर को सुबह एक महिला पति की हत्या कर फरार हो गई. परिजनों ने बताया कि देर रात पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. प्राप्त जानकारी के अनुसार अजित हांसदा राज मिस्त्री का काम करता था. घर में उसकी पत्नी सरस्वती देवी और दो बच्चे साथ रहते थे. पत्नी का मायका निरसा के दलदली में है. शादी लगभग 5 वर्ष पहले हुई थी. मंगलवार 3 अक्टूबर की शाम वह मजदूरी कर घर लौटा था. रात में खाना खाने के बाद बच्चे सो गए, इधर पति-पत्नी के बीच किसी बात पर जमकर कहा सुनी होने लगी. इसी बीच सरस्वती देवी ने पति अजित हांसदा पर हमला कर दिया व जान से मार डाला. शोर गुल में बच्चे जग गए तो उन्हे सोने के लिए बोली और कुछ देर बाद घर छोड़कर भाग गई. बताया जाता है कि झगडे के मौके पर एक युवक भी वहां मौजूद था. घटना स्थल पर सदर थाने की पुलिस पहुंची व जांच पड़ताल में जुट गई है. दामोदरपुर के उप मुखिया राजेश शर्मा ने बताया कि सरस्वती देवी ने एक बार दामोदरपुर के डाहर कुल्ही के समीप कुएं में जान देने की कोशिश की थी. परंतु उसे बचा लिया गया था.

प्रेमिका के छोड़ देने से नाराज प्रेमी ने चाकू से किया जानलेवा हमला

पश्चिमी सिंहभूम। प्रेमिका के छोड़ देने से आहत प्रेमी ने प्रेमिका पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपित युवक को पकड़ कर लोगों ने जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पोकाम गांव में बुधवार सुबह युवती घर के पास बर्तन धो रही थी। इसी दौरान संजय बेहरा हाथ में धारदार भुजाली लेकर आया और युवती के पेट पर कई वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। लहूलुहान अवस्था में युवती को जगन्नाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित भाग गया। बाद में आरोपित प्रेमी भी घायल प्रेमिका को देखने के लिए मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए आया, जिस पर लड़की के जीजा और उसके सहयोगी ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और जगन्नाथपुर पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि आरोपित संजय बेहरा युवती को प्रेमजाल में फंसा कर भगा ले गया था। इसके बाद युवती उसे छोड़कर घर आ गई थी। इससे नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

साहिबगंज में अधेड़ को मारी गोली इलाज के दौरान मौत

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी स्थित संथाली बस्ती के तुरी टोला में शंकर तुरी (50) को अपराधियों ने गर्दन में गोली मारकर घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में मंगलवार रात को जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद बुधवार अहले सुबह ओपी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। कुछ संदिग्ध लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार शंकक तुरी के घर के बगल में कुछ लोग शराब के नशे में झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा को सुलझाने के लिए वो वहां गया था। अपराधियों ने उसके गर्दन में गोली मार दी। खून से लथपथ अधेड़ वहीं गिर गया। गोली मारकर अपराधी फरार हो गए। थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया कि घटना में शामिल आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

युवती की प्रसव के बाद मौत मामले की जांच शुरू, एसडीओ पहुंची तुरी टोला

चाईबासा। बिन ब्याही युवती की प्रसव के 24 घंटे बाद मौत एवं उसके नवजात शिशु की खरीद-फरोक्त मामले की जांच शुरू हो गई है. इसी क्रम में बुधवार को एसडीओ के नेतृत्व एक टीम मनोहरपुर स्थित तुरी टोला पहुंची. इसके पूर्व जांच टीम के सदस्यों ने इस मामले में संलिप्त दोनों सहिया, एएनएम एवं अवैध रूप से शिशु को एडॉपट करने वाली महिला से सीएचसी के बंद कमरे में पूछताछ की. विदित हो कि मनोहरपुर का यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है. जिला प्रशासन ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उपायुक्त के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम गठित की है.

नोवामुंडी : चिकित्सा शिविर में 166 लोगों की हुई फाइलेरिया जांच

चाईबासा। नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के कल्याण नगर स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण और गुवासाई के सामुदायिक भवन में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ाजामदा उप स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मंगलवार रात 8:00 बजे से रात 11:00 बजे तक फाइलेरिया की जांच की गई. इस दौरान कुल 166 लोगों की जांच की गई. सभी लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया. इस दौरान चिकित्सा शिविर में आए एमपीडब्ल्यू लखेंदर सोरेन, एमपीडब्ल्यू विष्णु सरदार, लैब टेक्नीशियन विकास सागर, निगरानी निरीक्षक चिंतामणि गोप की उपस्थिति में लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया.

एलाइजा से 300 सैंपल की जांच में मिले डेंगू के 55 मरीज

43 अन्य चार दूसरे जिले के हैं निवासी, लगभग सभी स्वस्थ हो घर लौटे

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद के कई इलाकों से डेंगू के मरीज मिले हैं. एलाइजा जांच शुरू होने के बाद से अब तक स्वास्थ्य विभाग ने 55 से अधिक डेंगू मरीजों की पुष्टि की है. इसमें 43 लोग धनबाद के हैं और चार दूसरे जिले से आए थे. अब तक 300 से अधिक सैंपल की जांच माइक्रोबायोलॉजी विभाग में की गई है. हालांकि सभी मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं. कुछ मरीज सामान्य बुखार की हालत में डॉक्टर की सलाह से घर पर रह कर ठीक हुए. धनबाद में डेंगू का पहला केस विगत 9 सितंबर को मिला था. इधर, उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग लगातार विभिन्न इलाकों में कंटेनर सर्वे के साथ लावार्नाशी दवा का छिड़काव कर रहा है. दूसरी ओर जिन क्षेत्रों में बुखार पीड़ित मिले, वहां कई घरों से सैंपल लेकर जांच कराई गई. विभाग के

अनुसार अब तक मलेरिया का एक भी मरीज नहीं मिला है.

संक्रामक वायरस फीवर की चपेट में लोग

डेंगू मरीज मिलने के बाद सबसे ज्यादा संक्रामक वायरस फीवर को लेकर है. जिला वेक्टर बोर्न डिजीज सलाहकार रमेश कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव व बरसात के कारण वायरस संक्रमण का असर सबसे ज्यादा है. लोग बुखार और बदन दर्द से पीड़ित हो रहे हैं. ऐसे में लगातार सैंपल लेकर जांच की जा रही है. हर रोज जांच में डेंगू के मरीज भी मिल रहे हैं. विभागीय रिपोर्ट के अनुसार अब तक मलेरिया और चिकनगुनिया का एक भी मामला सामने नहीं आया है.

बुखार पीड़ित तीन लोगों की हुई थी मौत

धनबाद में तेज बुखार से पीड़ित तीन लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग डेंगू को मौत की वजह नहीं मान रहा है. महुदा के एक मरीज की मौत रिम्स रांची में हो गई थी. झरिया में भी दो मरीजों की मौत हो गई. स्वास्थ्य विभाग का कहना है इन मरीजों की मौत दूसरी बीमारियों की वजह से हुई है. हालांकि वे बुखार से पीड़ित थे. विभाग का दावा है कि डेंगू के लक्षण नहीं मिले थे. तीन मामलों को छोड़ दिया जाए तो जिले में डेंगू से मौत की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है. जो भी मरीज मिल रहे हैं, वह स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं. इलाके में लगातार सर्वे अभियान चलाया जा रहा है.

दो नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, छह युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में छह लड़कों द्वारा दो नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सभी आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने अबतक आरोपियों के नाम का खुला नहीं किया है। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि 29 सितंबर की शाम दोनों नाबालिग मजदूरी करके घर लौट रही थी। इसी दौरान, पहचान के ही एक युवक से मुलाकात हुई। युवक ने उन्हें घर छोड़ने के बहाने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। इसके बाद उन्हें घर नहीं छोड़कर मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरने का बहाना बनाकर दुधबिला जंगल की ओर ले गया। वहां उसने अलग-अलग गांवों से अपने अन्य पांच साथियों को भी बुला लिया। उसके बाद सभी ने दोनों लड़कियों से दो दिनों तक बारी-बारी से दुष्कर्म किया। दो दिनों तक लगातार दुष्कर्म के बाद दरिंदों ने तीसरे दिन रविवार सुबह दोनों को घर भेज दिया। परिजनों ने जब लड़कियों से पूछताछ शुरू की तो हकीकत सामने आयी। परिजनों के निवेदन पर मंगलवार सुबह पास के गांव में पंचायत द्वारा एक बैठक की गई। पंचायत के वरिष्ठों ने आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। इसके उपरांत नाबालिग लड़की ने मोबाइल से बालजोड़ी गांव के युवक को इटर बालजोड़ी गांव आने के लिये बुला लिया। वहां पहले से लोग तैयार थे।

किरीबुरू : राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। झारखंड स्वास्थ्य विभाग एवं सेल की किरीबुरू-मेघाहातुबुरु जनरल अस्पताल प्रबंधन की ओर से सामुदायिक भवन किरीबुरू में बुधवार को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डब्ल्यूएचओ, एनटीइपी, झारखण्ड के कन्सल्टेंट डाक्टर प्रीतम घोष, सहयोगी की भूमिका में सेल किरीबुरू अस्पताल के डाक्टर मनोज कुमार, एनटीइपी, झारखण्ड के तकनीकी सलाहकार अभिषेक प्रसाद, एनटीइपी झारखंड के आइईसी अधिकारी प्राण रंजन मिश्रा, एनटीइपी झारखंड के पीपीएम कोर्डिनेटर दामोदर कुमार एवं चाईबासा के डीपीसी सुनील गागराई शामिल थे. डॉ प्रीतम घोष ने कहा कि टीबी हारेगा, तभी देश जीतेगा. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक पूरे विश्व से और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक पूरे भारत से टीबी

मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया हैं. यह लक्ष्य आपके सहयोग के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता है. उन्होंने टीबी के लक्षण, फैलने के कारण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी. कहा कि टीबी से ग्रसित मरीजों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा दी जाती है. इसे नियमित छः माह तक खाना है. नियमित दवा का सेवन नहीं करने वाले मरीजों के लिए स्थिति गंभीर हो सकती है तथा इसे ठीक होने में अधिक समय लग सकता है. टीबी सिर्फ गरीबों की ही नहीं बल्कि सम्पन्न लोगों व बच्चों को भी हो सकता है. बाल व नाखून को छोड़ शरीर के किसी भी अंग में टीबी हो सकती है. टीबी मरीजों से लोग घृणा नहीं करें, बल्कि उनका पूरा सहयोग करें. संपन्न व सक्षम लोग ऐसे मरीजों को गोद लेकर मदद कर सकते है. सरकार भी मरीजों को प्रत्येक माह 500 रुपये पौष्टिक आहार लेने हेतु देती है.

चाकुलिया : 8 अक्टूबर को खेला जाएगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच

जमशेदपुर। चाकुलिया के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में एएस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में खेले जा रहे चाकुलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट के प्लेऑफ के सारे मैच आगामी 8 अक्टूबर को दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे. टूनामेंट का लीग स्टेज खत्म हो गया है और अब प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे. लोधा लायंस, द ब्लड, टाइगर्स और गजराज ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है. लोधा लायंस पहले स्थान पर रही. वहीं द ब्लड दूसरे स्थान पर. इसके बाद गजराज तीसरे और टाइगर्स चौथे स्थान पर रही. ऐसे में लोधा लायंस और द ब्लड के बीच पहला क्वालीफायर और टाइगर्स और गजराज के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा. पहला क्वालीफायर मुकाबला लोधा लायंस और द ब्लड के बीच शाम 4 बजे खेला जाएगा. इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी. वहीं हारने वाली टीम को फाइनल में जाने का एक और मौका मिलेगा.

भाजपा नेता का घर ढहा तीन वाहन क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। झरिया के भाजपा नेता सह मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल का जर्जर मकान लगातार हो रही बारिश की वजह से ढह गया। इससे वहां खड़ी गई गाड़िया उसके चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में लाखों रुपए के वाहनों को क्षति हुई है। बताया जाता है कि झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर टैक्सी स्टैंड स्थित भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल के एक जर्जर मकान का क्षतिग्रस्त हिस्सा बुधवार की अहले सुबह लगभग 4:30 बजे गिर गया। इसकी चपेट में आकर महिंद्रा जाइलो, टाटा इंडिगो और एक एंबेसडर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बगल में खड़ी स्विफ्ट डिजायर कर में मामूली क्षति हुई है। गनीमत यह रही कि इसकी चपेट में कोई इंसान नहीं आया, अन्यथा यह एक बड़ी घटना का रूप ले सकता था। मकान का हिस्सा गिरने की खबर जंगल में लगी आग की तरह इलाके में फैल गई, जिससे सुबह होते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मकान पिछले कई महीनो से जर्जर स्थिति में था। वहीं पिछले चार दिनों से लगातार धनबाद में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण मकान बुधवार की अहले सुबह एकाएक ढह गया। घटना के बाद सड़क पर मकान का मलवा गिरने से आवागमन बाधित हो गया। अंदर मोहल्ले से सड़क की ओर कोई भी दो पहिया या चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था। इसके बाद जेसीबी की मदद से हटवाया गया, तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका।

बारिश से गिरा मजदूर का घर, तीन को लगी चोटें

गिरिडीह। बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के फिटकोरिया पंचायत स्थित पतरोडीह गांव में मूसलाधार बारिश के कारण 3 अक्टूबर की रात एक मजदूर का कच्चा मकान गिर गया. घटना के समय गृहस्वामी अपने परिवार के सदस्यों के साथ मकान में सोया हुआ था. मकान गिरने के सो रहे लोगों को चोट भी पहुंची है. इधर मकान गिर जाने से पीड़ित परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है. बताया गया कि पतरोडीह निवासी विष्णु दास पिता स्व अमीर दास दो कमरे के कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे. मंगलवार की रात एक कमरे में उनका बेटा व बहु सोए थे, जबकि दूसरे कमरे में वह अपनी पत्नी व पोती के साथ सोए थे. रात के समय ही लगातार हो रही बारिश के कारण उनके कमरे का मिट्टी का दीवार क्षतिग्रस्त हो गया और मकान गिर गया. घटना में कमरे में सो रहे तीनों लोगों को चोट पहुंची है. स्थानीय स्तर पर तीनों चोटिल लोगों का इलाज कराया गया है. मकान गिर जाने से गरीब परिवार के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है.

बोकारो : मेधा सम्मान समारोह में तीन राज्यों के 80 विद्यार्थी सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। डीपीएस बोकारो में 4 अक्टूबर को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में शैक्षिक सत्र 2022-23 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक, इको फ्रेंडली, अनुशासन, नैतिक मूल्यों सहित स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल के शीर्ष पद पर सेवा देने वाले कुल 34 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. वहीं, डीपीएस बोकारो की ओर से विगत 34 वर्षों से आयोजित की जा रही आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के विद्यालयवार व ओवरआल 45 विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. इनमें झारखंड सहित बंगाल व ओडिशा के प्रतिभागी भी शामिल रहे. समारोह के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने विद्यार्थियों

को सम्मानित करते हुए उनकी हौसला-अफजाई की. मौके पर प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि यह विद्यालय हर बच्चे की प्रतिभा को निखारने के लिये कटिबद्ध है. इस क्रम में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ह्यडिप्स रिफ्लेक्शनह्न के 35वें संस्करण का विमोचन किया गया. मंच संचालन स्कूल के विद्यार्थी उत्कर्ष, आव्या, समृद्धि और आद्या ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन हेड ब्वाय यश गौरव ने किया.

कोडरमा: सीडी बालिका हाई स्कूल में तंबाकू निषेध को लेकर किया जागरूक

कोडरमा । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीडी बालिका उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया में तंबाकू निषेध जागरुकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. छात्राओं को तंबाकू के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे विस्तृत जानकरी दी गयी. जिसमें बताया गया कि हृदय रोग, बालों का झड़ना, मोतियाबिंद, अल्सर और गैंग्रीन इत्यादि जैसे गंभीर रोग इसके सेवन से हो रहा है. तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए सदर अस्पताल, कोडरमा में स्थापित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र की सहायता ली जा सकती है. कार्यक्रम उपरांत छात्राओं के बीच में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाया गया, जिसमें प्रथम स्थान स्नेहा कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर रिया कुमारी रही.

मिट्टी की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत

कोडरमा। जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा पंचायत के लतभेदवा गांव में मिट्टी की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार लतभेदवा निवासी 57 वर्षीय सदानंद सिंह, पिता स्व. परमेश्वर सिंह अपने घर में सोए हुए थे. अचानक उनके घर के बगल की मिट्टी की दीवार उनके घर पर जा गिरी. जिससे उनके घर की दीवार भी गिर गई. जिसके नीचे सदानंद सिंह दब गये. परिजनों व ग्रामीणों ने किसी तरह बाहर निकाल आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले गये.

आफत बोकारो जिले के हिसिम पहाड़ व गर्री पंचायत में कई घर गिरे

बारिश में उजड़ा कई गरीबों का आशियाना

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। बोकारो जिले में पिछले चार दिन पहले 30 सितंबर से हो रही मूसलाधार बारिश अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है. बारिश का सबसे ज्यादा कहर कच्चे मकान में गुजर-बसर करनेवाले परिवारों पर टूटा है. मंगलवार शाम कसमार प्रखंड के हिसिम पहाड़ के आदिवासी बहुल गांव केदला व गुमनजारा के पांच गरीबों का आशियाना टूट गया. इससे कई आदिवासी परिवारों पर आफत आ गई है. जानकारी के अनुसार केदला गांव के हड़साली टोला में सुनीता देवी, निर्मल मांझी व रिंकी देवी का कच्चा खपरैल मकान बारिश में गिर गया. वहीं हिसिम पंचायत के गुमनजारा निवासी चुमु देवी व सगोरी देवी का भी मकान बारिश में क्षतिग्रस्त गया. इससे इन गरीब परिवार की

चिंता बढ़ गई है. बारिश में घर टूटने की सूचना परिवारवालों ने स्थानीय मुखिया बबीता देवी व पंचायत समिति सदस्य जगेश्वर मुर्मू को दी है. प्रतिनिधियों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रखंड प्रशासन को देकर आपदा राहत योजना के तहत गरीबों को मुआवजा दिलाने की मांग की है. इसके अलावा कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे गर्री पंचायत क्षेत्र में भी बारिश से कई गरीबों के कच्चे मकान गिर गए हैं. इनमें से तेलमुंगा गांव के झरी कपरदार की पत्नी गीता देवी, गर्री निवासी परमेश्वर घांसी की पत्नी कुंती देवी व बनकनारी निवासी कुलसुम बीबी का कच्चा खपरैल मकान बारिश में गिर गया है. गर्री की मुखिया गीता देवी ने बताया कि सूचना के बाद बारिश में गिरे घर का जायजा लेकर स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई है, ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजा मिल सके. इधर तेज बारिश में गांव की कच्ची सड़कें जलमग्न हो गयी है. जर्जर सड़कों पर बारिश में चलना दूभर हो गया है.

गैस एजेंसी के कार्यालय व गोदाम में एसडीओ ने की छापामारी

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। चाकुलिया नगर पंचायत स्थित चांदनी इंडेन के कार्यालय में और काकड़ीशोल के पास स्थित गोदाम में बुधवार को घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सत्यवीर रजक ने छापामारी की. उनके साथ अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गौरी शंकर दास भी मौजूद थे. अनुमंडल पदाधिकारी ने गोदाम में आवश्यक जांच की और एजेंसी की संचालिका चांदनी रंजन से जरूरी पूछताछ की. गोदाम में भरे हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर नहीं पाए गए, सभी सिलेंडर खाली थे. इस मसले पर संचालिका चांदनी रंजन ने पदाधिकारी को बताया कि सड़क



खराब होने के कारण गोदाम तक वाहन नहीं आ पा रहे हैं. इसलिए बाजार में ही किसी स्थल से गैस से भरे हुए सिलेंडर को उपभोक्ताओं तक पहुंचाया रहा है. अनुमंडल पदाधिकारी ने इसकी जांच करने के लिए अंचल अधिकारी को अधिकृत किया है. अंचल अधिकारी विस्तृत जांच कर जांच रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपेंगे. संचालिका को निर्देश दिया गया है कि वह तमाम कागजातों को अंचलाधिकारी को उपलब्ध करायें. जानकारी के मुताबिक चांदनी इंडियन के खिलाफ किसी उपभोक्ता द्वारा शिकायत की गई थी. इसी के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा छापामारी की गई.

गागर में सागर

पतरातू डैम में जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचा, एक गेट खुला

रामगढ़। जिले में पिछले 4 दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। जिस कारण नदी नालों और डैम का जलस्तर बढ़ गया है। बारिश के कारण पतरातू डैम में भी पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया है । जिसे देखते हुए बुधवार को सुबह 6:30 बजे पतरातू डैम प्रबंधन ने डैम का एक फाटक खोल दिया । वहीं, डैम का फाटक खुलने से निचले हिस्सों में खतरा बढ़ता जा रहा है। लोगों से नदी के तट से दूर रहने की सलाह दी गई है। पिछले दो दिनों से डैम में लगातार पानी बढ़ने को लेकर प्रशासन की नजर थी। बीते 3 अक्टूबर को ही डैम का फाटकर खोले जाने की नोटिस जारी का दिया गया था। पतरातू डैम रक्षा संपदा अधिकारी नवीन नयन ने जानकारी देते हुए बताया कि पतरातू डैम में 1328.5 आरएल जलस्तर पहुंचने के बाद डैम के एक फाटक को सुबह 6:30 बजे 3 इंच खोलकर पानी बाहर बहाया जाना आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि डैम में जैसे-जैसे जलस्तर बढ़ेगा वैसे अन्य गेटों को भी खोलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने निचले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पानी से सावधान रहने की सलाह दी है।

बरही से ग्यारह मुस्लिम धर्मावलंबियों का जत्था मक्का के लिए रवाना

बरही । बुधवार को बरही से ग्यारह लोगो का जत्था उमराह के लिए रवाना हुआ. जिन्हे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जामा मस्जिद में जुहर के नमाज के बाद फूल माला पहनाकर रांची के लिए रवाना किया. जो देर संध्या बुधवार को ही रांची एयरपोर्ट से मक्का के लिए उड़ान भरेंगे. उमराह (जेयारते मक्का शरीफ) जाने वालो में हाजी मो शकुर, हाजी मो उल्फत, जामा मस्जिद बरही के पेशे इमाम मुशर्फुल कादरी, मुआज्जीन, मो याकुब, नसीम सिद्दीकी पप्पु, राजा सिद्दीकी, अख्तर अंसारी, अनुमंडलीय अस्पताल बरही के वाहन चालक अब्दुलाह अंसारी शामिल है. उपस्थित लोगो ने गरम जोशी से सबों का स्वागत किया. स्वागत करने वालो में जामा मस्जिद के सदर मो शमीम, सेक्रेट्री मो कयुम, मदीना मस्जिद के इमाम हाजी कलीम उद्दीन रिजवी, सदर मो मुस्ताक, सिक्रेट्री मो इफ्तेखार, आक्शा मस्जिद के इमाम रिजवान मौलाना, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य विभाग) रिजवान अली, पंसस मो युसूफ, मो आजाद उर्फ भोला, निशार सिद्दीकी, अल्ताफ कुरैशी आदि सहित कई लोग शामिल थे.

घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क की जाम ,पहुंचे विधायक

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी में जीटी रोड का पानी मकानों में घुस जाने के विरोध में ग्रामीणों ने घंटो सड़क जाम कर दिया। जानकारी हो की जीटी रोड सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य को लेकर सड़क के किनारे नाली तोड़ दिया गया है। जिसके कारण सड़क का पानी किनारे पर बसे घरों के अंदर घुस जा रहा है। पिछले तीन चार दिनो से लगातार हो रही बारिश से ग्राम घंघरी निवासी मो हासीम, मो बशीर अंसारी, मो समीम अंसारी, मो कासिम मियां, कल्लू मियां समेत अन्य लोगों के घरों में पानी घुसने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मकान के अंदर रखें अनाज, कपड़ा, सभी घरेलु समान पूरी तरह से बर्बाद हो गया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा एवं नुकसान की भरपाई करने की मांग को लेकर तीन बजे दिन से सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य करा रही राज केशरी कंस्ट्रक्शन के अधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। मामले की सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं जिप सदस्या कुमकुम देवी,जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय ने जाम स्थल पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

पुल नहीं, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

बरसात में नौनिहाल प्रारंभिक शिक्षा से रह जाते हैं वंचित

रामकृष्ण पांडेय

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम तुर्कडीहा जो शिक्षित आदिवासी बहुल गांव है,में जाने के लिए नदी पर अब तक पुल नहीं बन सका है। ज्ञात हो कि पहाड़ों की तलहटी और जंगल झाड़ के बीच बसा यह गांव अब तक विकास से कोसों दूर है। कहने को तो तुर्कडीहा ग्राम पूर्ण साक्षर ग्राम है ।लेकिन आधुनिकता के पैमाने पर बिल्कुल फिसड्डी है। न ही स्कूल, ना स्वास्थ्य सुविधा, न सड़क और ना नदी पर पुल। बरसात के दिनों में इस गांव की दुर्दशा देखते ही मन व्याकुलता से भर जाता है ।जब यहां के छोटे-छोटे बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से पूरे बरसात भर वंचित रह जाते हैं। क्योंकि इन्हें नदी पार कर प्राथमिक विद्यालय चामू दोहर आना पड़ता है। वहीं लोगों को बाइक को पार करने के लिए चार-पांच लड़कों को साथ बुलाया जाता है ताकि वे अपने कंधों पर बाइक उठकर नदी पार कर दें। स्थानीय निवासी जॉन पीटर कहते हैं, यदि बरसात के मौसम में कोई बीमार पड़ जाए तो वह भगवान भरोसे ही हो जाता है ।महिलाओं की बीमार अवस्था में दुर्दशा तो कहिए ही नहीं। उन्हें खाट पर लाद कर पानी भरे नदी में पार करना कितनी मुश्किल होती होगी इसका अंदाजा स्वयं लगा सकते हैं ।विडम्बना है कि दशकों से ग्रामीण नदी पर पुल बनाने की मांग अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से करते रहे हैं ।लेकिन पुल बनाने की सूध आज तक किसी ने नहीं ली। वहीं गांव जाने का दूसरा कोई मार्ग नहीं है। बहरहाल बार-बार इस समस्या को उजागर करने के बाद भी नदी पर पुल बनाने की कवायत

शुरू होती है या नहीं यह तो समय ही बताया। ग्रामीणों को पूरी उम्मीद है कि इस वर्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस नदी पर पुल का निर्माण अवश्य कराया जाएगा।

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष में 9 घायल, चार रेफर

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम केवालु में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच हुई खूनी संघर्ष में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बुधवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में केदार साव 40 वर्ष पिता देवी साव, महेश साव 35 वर्ष, हेमलाल साव 37 वर्ष दोनों पिता भुगल साव, मीना मसोमात 36 वर्ष पति स्व जायत्री साव, देवी साव 60 वर्ष पिता स्व अकल साव, विजय साव 38 वर्ष पिता स्व यमुना साव, उनके पुत्र सूरज कुमार साव 18 वर्ष, चंदेश्वर साव 30 वर्ष पिता शिवम साव तथा थानु सिंह 40 वर्ष पिता अमली सिंह घायल हो गये। घायलो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जबकी चिकित्सक ने केदार साव, मीना मसोमत, विजय साव एवं थानु सिंह को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वहीं एक पक्ष धमनी देवी, पति संजय साव ग्राम केवालु के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की तहकीकात कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, मुआवजा राशि, स्वास्थ्य, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भाजपा की छह सदस्य कमेटी ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

जांच में मिली कमियां, जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

बरही । स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार भाजपा की छह सदस्यीय कमेटी ने अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के साथ सफाई, चिकित्सीय व्यवस्था और मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई. मौके पर मौजूद डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने निरीक्षण टीम को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की जानकारी दिया. बताया गया कि बारह चिकित्सक के स्थान पर मात्र तीन चिकित्सक और दो आयुष चिकित्सक मौजूद है. दुर्घटना जॉन क्षेत्र में अवस्थित होने के कारण हड्डी रोड, सर्जन, एनेस्थीसिया सहित शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ इत्यादि के नितांत आवश्यकता है. जांच

कमेटी ने बताया कि चिकित्सकों की कमी के कारण आयुष और दंत चिकित्सक से ओपीडी के अलावा दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का ईलाज करते है. एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, पोस्टमार्टम, रक्त जांच इत्यादि की सुविधा उपलब्ध नहीं है. डेंटिस्ट तो है परंतु इनके चिकित्सीय चेयर का अब तक इंस्टालेशन तक नही हुआ है. अस्पताल परिसर में लगा आरओ बंद रहने के कारण मरीजों को पीने की पानी के लिए भाग दौड़ करना पड़ता है. अस्पताल की कई छोटी छोटी मशीनें खराब पड़ी है. एंबुलेंस तो है परंतु मरीजों को समय पर उपलब्ध नहीं होता है. जिसके कारण मरीजों को निजी एम्बुलेंस या वाहन से बाहर जाना पड़ता है. निरीक्षण दल ने यह भी बताया कि कुछ छोटी मोटी समस्याओं को स्थानीय प्रबंधन द्वारा ठीक करवाए जा सकते है. परंतु ऐसा नही देखा गया है. निरीक्षण दल ने बताया कि रिपोर्ट स्थानीय सांसद को सुपुर्द कर उचित कारवाई करने की मांग करेंगे. निरीक्षण दल में विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रतिनिधि संजीव कतारियार, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू और पूर्व पंसस जितेंद्र गिरी शामिल थे. इस दौरान डेंटिस्ट डॉ प्रवीण कुमार, बीपीएम नारायण राम आदि सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

खबर का असर

मुखिया ने बरही नदी पुल घाट का कराया सफाई

नवीन मेल संवाददाता

बरही । गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल की ओर से बरही के प्रमुख स्थलों की गंदगी को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था. जिसके तहत पितृपक्ष के मौके पर बरही नदी क्षेत्र ने व्यापत गंदगी की भी चर्चा की गई थी. उक्त खबर को बरही पश्चिमी पंचायत के स्थानीय मुखिया मो शमशेर आलम ने गंभीरता से लिया. साथ ही पितृपक्ष को देखते हुए बरही नदी पुल घाट को जेसीबी लगाकर सफाई करवाया गया. जानकारी देते हुए मुखिया ने बताया कि यह सफाई उनके निजी कोष से की जा रही है. सफाई संबंधित कोई सरकारी कोष उपलब्ध नहीं है. इस कार्य में राजेंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, टिंकू आलम और मुकेश कुमार सिंह का सहयोग सराहनीय रहा. विदित हो कि पितृ पक्ष प्रारंभ होते ही पितरों को पानी देने के लिए प्रतिदिन सुबह में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग बरही नदी घाट पहुंचते हैं. नदी घाट क्षेत्र में गंदगी फैले होने के कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. हालांकि नदी घाट का मुक्तिधाम सहित अभी भी एक बड़ा एरिया गंदगी से भरा पड़ा है. इस क्षेत्र में भी सफाई की नितांत आवश्यक है.

आरएनवाईएम मवि. में एनसीसी कैडेट्स का चयन आज

बरही । रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के सत्र 23-27 हेतु एनसीसी में नामांकन के लिए गुरुवार को कैडेट्स का चयन किया जायेगा. उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर एनसीसी प्रभारी प्रो अजय कुमार ने दी. जारी बयान के अनुसार महाविद्यालय के स्नातक सत्र 2023-27 सेमेस्टर एक (कला/वाणिज्य) के नामांकित विद्यार्थी ही चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते है. इच्छुक विद्यार्थी अपने आधार कार्ड, हाल ही में बनाए गए दो पासपोर्ट साइज फोटो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बैंक पासबुक, 11वीं और 12वीं के अंक पत्र सहित महाविद्यालय प्रवेश रसीद के साथ एनसीसी प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं. चयन की प्रक्रिया पूर्वाहन 10:00 बजे से महाविद्यालय परिसर में प्रारंभ होगी.

बरकट्ठा में मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में कुछ स्थानों पर बारिश के कारण मिट्टी के मकान ध्वस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। विदित हो कि समय पर बारिश नहीं होने के कारण किसानों के चेहरे पर एक तरफ मायूसी है वहीं दूसरे तरफ आने वाले फसल के लिए बारिश होना कृषक शुभ संकेत मान रहे हैं। क्षेत्र की सूखी नदियां ,तालाब व कुएं में दो-तीन दिनों के भारी बारिश से पानी भर आया है।

रामगढ़ में 30 हजार घूस लेते सिरका कोलियरी क्लर्क संदीप कुमार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ । सिरका कोलियरी में कार्यरत भूतपूर्व डम्फर ऑपरेटर स्व. राजु मुंडा का आकस्मिक देहांत दिनांक 15.07.2023 को हो गया था। स्व. राजु मुंडा के देहांत के बाद अनुकम्पा के आधार पर नौकरी पानें के लिए उसकी पत्नी लत्ता देवी ने आवेदन दिया था। आवेदन देने के बाद परियोजना पदाधिकारी, सिरका कोलियरी नें आवेदन को सिरका कोलियरी में कार्यरत क्लर्क ग्रेड॥ संदीप कुमार के पास भेज दिया । जब लता देवी संदीप कुमार के पास गई तो कई बार उन्हें दौड़ाया गया। बाद में संदीप कुमार नें कहा कि नौकरी तब हीं मिलेगी जब स्क्रीनिंग कमेटी पास करेगी नहीं तो नौकरी नहीं मिलेगा। लत्ता देवी नें संदीप कुमार से कहा कि इसके लिए मुझे क्या करना पड़ेगा तो संदीप कुमार नें कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी में पास करवानें के लिए 30,000 हजार रुपया लगेगा। थक हारकर लता देवी कोलियरी मजदूर कांग्रेस के क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार को पैसा मांगे जाने के संबंध में जानें की जानकारी दी। तो संजय कुमार नें उन्हें लेकर सीबीआई, एसीबी, कार्यालय रांची गये और कार्यालय में रिश्वत माँगे जानें की शिकायत को ले एक आवेदन दिया । जिसके सत्यापन के बाद सीबीआई की टीम ने संदीप कुमार को 30,000 हजार रुपया रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। । सीबीआई की कारवाई के बाद कोलियरी मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रामेंश्वर सिंह फौजी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि लत्ता देवी एक सीधी साधी महिला होकर अदम्भय साहस का परिचय दिया है।

मनरेगा जेई सुशील कुमार 10 हजार रुपए घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार

हजारीबाग। एसीबी की हजारीबाग इकाई ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए मनरेगा के जेई को दस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. आरोपी जेई सुशील कुमार केशरी हजारीबाग में मनरेगा के संप्रति कनीय अभियंता हैं. पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित सेमरटांड़ निवासी सुशील कुमार केशरी के खिलाफ सोमर महतो ने शिकायत की थी. शिकायत करते हुए पीड़ित ने बताया कि पत्नी के नाम से मनरेगा योजना के तहत एक कूप निर्माण (2022-23) कार्य दिया गया है. जिसे उसने पूरा कर लिया है. आरोपी जेई ने फाईनल पुस्तक मापी भर दिया है. 1.70 लाख के भाउचर पर हस्ताक्षर के लिए 20 हजार रुपये घूस की मांग की जा रही है. शिकायत मिलने के बाद एसीबी मामले की जांच में जुट गई, इसी दौरान आरोपी जेई अनुनय विनय पर 10 हजार में पीड़ित का काम करने को तैयार हो गया. बुधवार की एसीबी की टीम आरोपी जेई को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

प्रदर्शन — झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक

स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति हो

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने व संचालन तपेश्वर महतो ने किया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो मौजूद थे। बैठक में राज्य सरकार से मांग की गई की राज्य के सभी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय को शामिल किया जाए एवं सभी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। कहा गया कि यदि राज्य में शारीरिक शिक्षा विषय को सभी स्तर के विद्यालयों में शामिल किया गया तो इससे आनवाले समय में राज्य को काफी लाभ होगा। क्योंकि शारीरिक शिक्षा विषय के विद्यालयों में शामिल होने पर विभिन्न स्पर्द्धाआ में झारखंड के प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रौशन करेंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मांग किया की राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय का पद सृजित कर नियुक्ति प्रकिया आरंभ की जाए। साथ ही कहा गया की राज्य के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा निदेशक, उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा विषय के विभागाध्यक्ष , प्रध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पद सृजित कर नियुक्ति की जाए। बीपीई,बीबीए , बीई / बीटेक एवं बीसीए को कला, वाणिज्य ,विज्ञान में स्नातक के समकक्ष मानते हुए सभी अभ्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा विषय की नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। झारखंड के सभी प्रखंडों में खेलकूद को पंचायत स्तर तक बढ़ावा देने के लिए प्रखंड खेल पदाधिकारी (बीएसओ) का पद को सृजित कर नियुक्ति की जाए एवं सभी नियुक्ति प्रक्रियाओं में उम्र सीमा मे छूट दी जाए। बैठक में मुख्य रूप से संजय महतो, रमेश कुमार महतो, तपेश्वर महतो, लीलावती, अंशु, पंकज मुंडा, आनंद रंजन, अमित मुंडा, ब्रहमदेव महतो, मीना कुमारी, मोतीलाल महतो, अनिता कुमारी, राकेश पासवान, जुली कुमारी, रूपेश कुमार आदि शामिल हुए।

बरही : 'बद्रीनाथ मंदिर' तर्ज पर बने पंडाल में विराजेगी मां दुर्गा, देंगी भक्तों को दर्शन

जयदीप कुमार सिन्हा

बरही । सार्वजनिक पूजा समिति गया रोड की ओर से इस वर्ष 20 फीट ऊंचे मां की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पूजा पंडाल को बद्रीनाथ मंदिर के रूप निर्माण कर रहा है. जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष उदय केसरी ने बताया कि बीते दस दिन से कोलकाता के करीब दो दर्जन कारीगर पंडाल निर्माण कार्य कर रहे है. जिसमे सात लाख पंडाल निर्माण व दो लाख विद्युत सज्जा सहित कलश यात्रा, पूजा और विसर्जन आदि मिलाकर करीब बारह लाख खर्च होने की अनुमानित लागत है. पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पूजा पंडाल के बड़े क्षेत्र में मेला का आयोजन किया जायेगा. जिसमे मीना बाजार, झूला इत्यादि सहित कई स्टॉल लगाए जायेंगे. इसकी निगरानी के लिए पूजा समिति के सदस्य सहित स्थानीय प्रशासन पूरी तरह तैनात रहेगा. पंडाल एवं अन्य

व्यवस्थाएं सप्तमी के पहले पूरा कर लिया जायेगा.

प्रशासन से अपील : पूजा समिति के अध्यक्ष ने स्थानीय प्रशासन से महीनो से खराब पड़े गया रोड के स्ट्रीट लाइट पूजा प्रारंभ होने के पूर्व दुरुस्त करने का आग्रह किया है. उन्होंने यह भी बताया कि मेला क्षेत्र में आस पास के मुहल्ले से घरों का पानी बहता रहता है. जिससे पूरा क्षेत्र कचड़े में कीचड़ और गंदगी भरे रहते है. उन्होंने स्थानीय प्रशासन से स्थाई नाली बनाने की अपील किया है. इसके साथ ही आगजनी जैसे अनहोनी से बचाने के लिए पूजा कैम्पस में पूजा के दौरान दमकल की स्थाई व्यवस्था की भी मांग की है.

पूर्व विधायक हैं मुख्य संरक्षक: अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पूजा समिति के मुख्य संरक्षक है. उनकी निगरानी में पूजा संपन्न करवाया जायेगा. पूजा समिति में बिनोद केसरी, बलराम केसरी, पप्पू केसरी, शमशेर आलम, शिवा निषाद आदि सहित दो दर्जन से भी अधिक सदस्य शामिल है.

गागर में सागर

कोडरमा : बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, गिरा मकान

कोडरमा। मरकच्चो प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. लगातार हो रही बारिश से प्रखंड की विभिन्न बरसाती नदियों के अलावे कुंआ, नहर, डैम, तालाबों आदि के जलस्तर मे इजाफा हुआ है. ग्रामीण इलाके की सड़कों पर जल जमाव होने से भी लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. वहीं लगातार बारिश से प्रखंड के दशारो मे रीता देवी, पति- सुरेन्द्र सिंह का कच्चा मकान बुधवार की दोपहर गिर गया. मकान के गिरने से घर के कई सामान मलवे मे भी दब गए. पीड़िता ने बताया कि लगातार बारिश से मंगलवार से ही उसका कच्चा मकान दरकना शुरू हो गया था. खतरे को भांपते हुए महिला अपने घर के जरूरी सामान निकाल चुकी थी. महिला ने परिवार के साथ बीती रात अपने दुसरे निमार्णाधीन मकान मे बिताया. बुधवार की सुबह भी अपने मिट्टी के मकान से सामान निकाल रही थी, इसी दौरान दोपहर लगभग एक बजे उसका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया. मकान मे रखे चारपाई कपड़े बर्तन समेत कई अन्य सामान जो निकाला नहीं जा सका था वो मलवे मे दब गया. महिला का पति बाहर काम करता है. वो अपने बच्चों के साथ उक्त मकान मे रहती थी. एक दिन पूर्व ही वो वो उस मकान से हटी थी अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी.

मरकच्चो में संकल्प सप्ताह आयोजित गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

कोडरमा। भारत सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में 4 अक्टूबर को जिला के आकांक्षी प्रखंड जयनगर एवं मरकच्चो में संकल्प सप्ताह का आयोजन पंचायत एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर किया गया. इस संकल्प सप्ताह के अन्तर्गत पंचायत एवं आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर 0-05 वर्ष तक के बच्चों का वजन लिया गया, इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन तथा ग्रामीणों के साथ पोषण एवं स्वास्थ्य पर चर्चा की गई. इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया. इस संकल्प सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बच्चों में व्याप्त कुपोषण को दूर करना एवं आमजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है. इसी क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा मरकच्चो के आंगनबाड़ी केंद्र जामु-1 एवं कोसडीहरा का भ्रमण किया गया एवं उनके द्वारा गर्भवती की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया.

कोडरमा : 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

कोडरमा। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में विजेता बनने पर सेक्रेड हार्ट स्कूल ने छात्रों को सम्मानित किया. इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद के द्वारा जो भी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, उसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल को जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में तृतीय स्थान मिला. उन्होंने यह भी बताया कि जूनियर वर्ग में एंजेल भारती और सौरव रंजन तथा सीनियर वर्ग में मयंक पांडेय और निखिल राज ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था. हर क्षेत्र में इस विद्यालय के बच्चे सफलता का परचम लहरा रहे हैं. इस मौके पर विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, अकादमी को-ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार मौजूद थ.। बच्चों की सफलता पर दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला, संजय तिवारी, किशोर कुणाल, जयप्रकाश सिंह, फैयाज कैशर, शंकर कुमार, विक्की कुमार, विक्रम कुमार, पवन ठाकुर, सतीश कुमार, अभिलाष सिंह, पायल सिंह, रंजीत सिंह, विशाल आनंद ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

केरसई में भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, कारोबार प्रभावित

केरसई। सप्ताह भर से हो रही बारिश से केरसई में जनजीवन प्रभावित है। निम्न दबाव बनने की वजह से हो रही बारिश के कारण लोगों की रोजमर्रा के कामकाजों में भी दिक्कतें आ रही हैं, विगत सुबह से हो रही बूंदाबांदी के कारण प्रखण्ड मुख्यालय क्षेत्रों में लोगों का आवागमन कम हुआ है जिससे दुकानों एवं बाजारों के कारोबार काफी प्रभावित हुए हैं।ठेले, खोमचे,छोटे दुकानदार जो प्रतिदिन की आय पर आश्रित होते हैं उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है तथा बाजार की स्थिति दयनीय बनीं हुई है। रुक-रूककर हो रही लगातार बारिश से नदियाँ उफान पर हैं वहीं किसान बंधुओं का कहना है कि बारिश से खरीफ फसल को लाभ व पैदावार अच्छी हो सकती है तथा टाँड़ भू-भाग में की गई खेती को काफी नुकसान होने की संभावना है।किसानों का कहना है जिस समय खेती के लिए बारिश की आवश्यकता थी, उस समय अच्छी बारिश नहीं हुई, जिसके कारण क्षेत्र के ज्यादातर खेत खाली पड़े हुए हैं।

भाजपा है राज्य के सर्वांगीण विकास का आधार : भाजयुमो अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। गुरुवार को भाजपा सिमडेगा कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था आने वाल लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए भाजयुमो पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकताओं के लिए एक योजनाबद्ध रणनीति तैयार करना। ताकि सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा में भाजपा पार्टी जीत का परचम लहराते हुए क्षेत्र की थमी हुई विकास के पहिए को एक बार फिर से पुनः आगे बढ़ाने का कार्य करें।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ करने से पहले समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा आदरणीय महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी को नमन किया गया। मंच का संचालन करते हुए भाजयुमो महामंत्री विद्या बड़ाईक ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अब पूरी ताकत के साथ चुनावी कार्य में लग जाना है। क्षेत्र में भाजपा के विधायक नहीं होने से विकास का पहिया पूरी तरह थम चुका है। यहां के जनप्रतिनिधि क्षेत्र की बुनियादी असुविधाओं को नजर अंदाज करते हुए सिर्फ तुष्टीकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति में लगे हुए हैं। हमें पूरी क्षमता के साथ जनता के बीच इस ठगबंधन सरकार के नाकामियों को उजागर करना है। इस सरकार ने पुरुष, महिला एवं युवा को ठगने का कार्य किया है। शौचालय सहित आवास योजना, नौकरी, रोजगार एवं सुविधाओं के नाम पर सिर्फ जुमलेबाजी किए हैं।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भाजयुमो, भाजपा की रीढ़ है। समस्त कार्यकर्ता एक दूसरे कार्यकर्ता के साथ सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी के माध्यम से जुड़ने का प्रयास करें। आज भारतीय जनता पार्टी सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी के माध्यम से एक ऐसा नेटवर्क बनाया है, जिससे कोई भी कार्यकर्ता भारत के किसी भी कोने में स्थित भाजपा के किसी भी कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित कर सकता है। यह नेटवर्किंग चुनावी कार्यों को सकारात्मक आधार देगा।कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज बड़ाईक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक दूसरे के साथ पार्टी से

संबंधित किए जा रहे हैं कार्यों पर चर्चा करें तथा समन्वय स्थापित करते हुए उस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहें।इस कार्यक्रम में भाजयुमो महामंत्री अनिरुद्ध सिंह दांगी एवं विद्या बड़ाईक, उपाध्यक्ष रुपेश बड़ाईक, मंत्री सुबास महतो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार एवं विनोद बड़ाईक, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद राम, नगर अध्यक्ष करण सिंह, विक्रम बड़ाईक, अखिलेश दास, राहुल कुमार मिश्रा, राहुल कैथवार, मनीष कुजूर, किशोर कुमार सिंह, संदीप नाग, नित्यानंद सिंह, अमित बड़ाईक, विवेक कुमार श्रीवास्तव, नारायण दास, राहुल सिंह, सोमलाल बेसरा, प्रमोद साहू एवं सुमित गुप्ता आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अल्बर्ट एक्का में जलसहिया संघ की बैठक

विभाग के कार्यशैली पर जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों से जलसहिया दीदियों का बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की को आमंत्रित कर कई समस्याओं को साझा किया गया। साथ मे इस्माइल केरकेट्टा भी मौजूद रहे। मौके पर जलसहिया जिलाध्यक्ष रेशमा परवीन ने बताया कि नाडेब 19513? और शोखता 8620? के कार्यो में कुल 28,133? रुपये के योजना में मात्र 17,700? हमे भुगतान कर योजना को पूर्ण करने को कहा जाता है। फिर मुखिया के द्वारा हमे जबरन यूसी में हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया जाता है। कि यदि हमने ऐसा नही किया तो कार्यवाही किया जाएगा। और इसी तरह मुखिया के द्वारा कुछ जलसहिया को बिना गलती के हटाया गया है शौचालय का प्रोत्साहन राशि भी हमे अब तक नही दिया गया। सिर्फ केरसई और बीरू में दिया गया है। मानदेय भी लंबे समय से बकाया है। राज्य के दूसरे जिले में आईडी पासवर्ड जलसहिया को दिया गया है

लेकिन हमारे जिले में नही है। क्योंकि आईडी पासवर्ड मिल जाने से मुखिया और भेंडर मनमानी नही कर पाएंगे। कई सहिया ने कहा कि जेई को जलमीनार खराब होने पर शिकायत करने पर कोई ध्यान नही देते। उसका मेंटेनेंस समय खत्म होने का इंतजार करते हैं। मुखिया अपने लोगो से काम कराने के लिए हमारे साथ ऐसा व्यहवार करते हैं जिसमे पीएचडी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत होती है। क्योकि हमारे द्वारा सूचना देने के बाद भी विभाग के लोग चुप रहते हैं। दीदियों ने यह भी बताया कि वर्षो से छोटे नवजात बच्चों को लेकर, अपने पैसे खर्च कर हम घर घर जाकर इतने मुश्किल हालात के साथ काम किये हैं और आज हमारे साथ ऐसा किया जा रहा। मौके पर दिलीप ने कहा कि आपलोगों के साथ विभाग और मुखियाओ द्वारा इस तरह का बर्ताव बिल्कुल नही सहा जाएगा। इनकी मनमानी नही चलने देंगे। आप सब एकजुटता बनाये रखिए ताकि इनके खिलाफ योजनाओं में हो रहे अनियमितता के लिए आवाज उठा सकेंगे। बैठक में जलसहिया जिलाध्यक्ष रेशमा परवीन, सचिव सुमन ठेथेओ, द्रौपदी देवी, प्रभा कंडुलना, मानो देवी, अलका मिंज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहीं।

आज सिमडेगा पहुंचेगी बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा रथ

सिमडेगा। विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा आज सिमडेगा पहुंचेगी, सिमडेगा में जगह-जगह पर रथ का स्वागत करते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कृष्ण शर्मा ने बताया कि यह यात्रा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या में बनने वाले भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों के अंदर धर्म चेतना जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम का उद्देश्य श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का शंखनाद करने के लिए किया जा रहा है ।जिसके तहत विभिन्न जिला में भी इसका स्वागत किया गया, सिमडेगा में भी यात्रा आज ऐतिहासिक होगा। जिसको लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है ।जगह-जगह पर तोरण द्वार भगवा ध्वज लगाया जा रहे हैं। उन्होंने कहा इस यात्रा के माध्यम से उन महापुरुषों को भी याद किया जा रहा है जिन्होंने झारखंड में अपने वीरगाथाओं की वजह से इस राज्य ब बना एवं उन्होंने अपने खून से सींचा है। आज के युवा पीढ़ी को बताने की है इसकी आवश्यकता है।कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज 5 अक्टूबर दिन गुरुवार को दिन में 11:45 बजे कोलेबिरा स्थित रण बहादुर चौक महावीर मंदिर के पास स्वागत आरती एवं धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा।

बाल विकास स्कूल में चित्रांकन सह भाषण प्रतियोगिता

बानो। बाल विकास विद्यालय बानो में स्वच्छता अभियान चलाया गया।मौके पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को अभिभावक के बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवान पांडा के द्वारा पुरष्कार प्रदान किया गया।चित्रांकन प्रतियोगिता में काजी अयाज अंसारी को प्रथम ,दिव्या कुमारी को द्वितीय एवं खुशी भोगता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।वही दूसरी ओर भाषण प्रतियोगिता में एकरा परवीन को प्रथम, श्रुति महतो को द्वितीय एवम राजवीर राम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।सांत्वना पुरष्कार के रूप में क्रमशः अंकिता कुमारी,सरजन समद,अदीबा साहिन और अक्षत अग्रवाल को दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में सुमित्रा महतो,सोनी खान,गीता कुमारी,हनी महतो जमीला खातून एवं अभिभावक जनों का सराहनीय योगदान रहा।

डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच एवं निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक कमरों में लगाये गए रूम की वस्तु स्थिति का सीसीटीवी के माध्यम से अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग के अमृत मिंज, अग्निशामक पदाधिकारी भगवान ओझा, एवं निर्वाचन शाखा के कर्मीगण उपस्थित थे।

मजदूरों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

सिमडेगा। बुधवार को सिमडेगा महावीर चौक पर मजदूरों की आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद नसरूद अंसारी ने किया।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया जिसमे बंगाली ठेकेदार के विरोध में कई बातें हुईं ,स्थानीय मजदूरों को सरकारी काम पर कार्य मिलना चाहिए।मजदूरों का शोषण न हो बाल मजदूरों के खिलाफ सख्त कारवाई ,मजदूरी बकाया के संबंध में। बताया गया कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर दिनांक 13 अक्टूबर को विशाल जुलूस एवं जनसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमे मुख्य अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा होगें।मौके पर समाज सेवी दीपक लकड़ा, भैयाराम बड़ाईक बैठक में राज मिस्त्री और लेबर काफी संख्या में उपस्थित थे।

बलात्कार पीड़ितों पर टू फिंगर टेस्ट समाप्त करने को लेकर सिविल सर्जन को किया गया आग्रह

सिमडेगा। बलात्कार पीडितों पर टू फिंगर टेस्ट को समाप्त करने के लिए उपाय अपनाने का आग्रह पत्र महिला अधिकार कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता पूजा प्रसाद ने सिविल सर्जन सिमडेगा को सौंपा। अगुस्टीना सोरेंग ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लिल्लू बनाम हरियाणा राज्य 2013 14 एसीसी 643 मामले में स्पष्ट प्रतिबंध करने के बावजूद बलात्कार पीडितों पर टू फिंगर टेस्ट का चलन अब भी जारी है, तथा यह टेस्ट पीडिता के लिए अपमानजनक तथा असहज होता है। उन्होंने कहा केस स्टडी के दौरान पाया कि कई नाबालिगों ने डर तथा असहजता के कारण इनकार कर देती हैं। जिससे न्याय प्रक्रिया में बहुत परेशानी आती है।अतः टू फिंगर टेस्ट को समाप्त कर उपाय अपनाया जाए।

दो दिनी शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में साख फॉउंडेशन के माध्यम से छलांग प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला की शुरूआत हुई।पीरामल फाउंडेशन जिला स्तर पर दो गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से पांच ब्लॉकों में छलांग प्रोजेक्ट को कार्यान्वित और सहायता प्रदान कर रहा हैई.एल.एम.एस स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा छलांग प्रोजेक्ट चलाई जा रही है। कार्यशाला में सिमडेगा, ठेठईटांगर और पाकरटांड प्रखंड के लगभग 50 शिक्षक इस कार्यशाला में उपस्थित थे। रांची से आये प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग की अवधारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य, मापने योग्य परिणाम, शारिरिक शिक्षा और खेल के महत्व आदि पर विस्तरित रूप से झारखंड के परिपेक्ष्य में जानकारी दिया गया। मौके पर झारखंड शिक्षा परियोजना डीपीएम अलका लकड़ा, फील्ड मैनजर प्रसांत मंगल पांडेय, पिरामल फाउंडेशन प्रोग्राम लीडर अमित चतुवेर्दी, मनीषा नेगी, प्रशिक्षक निर्मल सिंह आदि उपस्थित थे।

विधायक ने नानेसेरा में चबूतरा का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने सदर प्रखंड के नानेसेरा में विधायक मद से निर्मित चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर फा जुगल किशोर लकड़ा की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। विधायक ने कहा कि जनता का सेवक होने के नाते जनता की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ही गरीबों का सच्चा सेवक है। महागठबंधन की सरकार ही आदिवासी मूलवासी का भला कर कर रही है और आगे भी करती रहेगी। हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, गरीब, ब्यापारी, किसान, महिलाएं सभी के लिए योजनाएं चला रही है। युवाओं को नौकरी दिया जा रहा है। महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी ग्रामीण आगे बढ़ें और योजना का लाभ लें। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू,तेज कुमार लकड़ा,पूनम लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

जागरूक

झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक

अभियान में तेजी लाने पर दिया गया बल

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति, केंद्रीय समिति, प्रखंड समिति, सहित कई अन्य समिति की बैठक बुधवार को सिमडेगा परिसदन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को तेज करने पर बल दिया गया। साथ ही आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को बताया गया कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताएं। वही मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा झारखंड सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को आम ग्रामीणों तक कार्यकर्ता पहुंचाएं और उन्हें योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाए। साथ ही उन्होंने कहा जिला में सांगठनिक गतिविधियों को तेज करने तथा आम जनता को सरकारी योजनाओं का उचित लाभ दिलाने के लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बैठकों एवं कार्यक्रमों के आयोजन करें कार्यकर्ता। वहीं जिला सचिव सफीक खान ने कहा प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने पर जोर देते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से गांवों में जा कर सदस्यता अभियान चलाने को कहा।साथ ही उन्होंने कहा आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं और बूथ स्तर तक संगठन को

मजबूत बना कर चुनाव तैयारी में लग जाएं।मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना , जिला सचिव मो सफीक खान, पूर्व बिधायक बसंत कु लोंगा, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग , नोवास केरकेट्टा, सचिव सिकंदर बारवा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्री कोडरमा गौशाला समिति ने दानदाताओं को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। झुमरी तिलैया शहर के स्थानीय शिव वाटिका में श्री कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा एक आम सभा आयोजित की गई. जिसकी शुरूआत झ गायत्री वंदना से सभा हुई. आम सभा में वितीय वर्ष- अप्रैल झ 23 से अगस्त- 23 तक के आय-व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ ने प्रस्तुत किया गया. साथ ही गौशाला के विकास पर चर्चा की गई. जिसमें गौशाला में पल रहे 320 गौवंशों का पालन-पोषण के दौरान हो रहे आर्थिक समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न योजना को लाने की चर्चा की गई. जिसमें गौ अभिभावकों की संख्या में वृद्धि करने, गौ ग्रास डब्बा से दान से आने वाली राशि में वृद्धि हो, सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर चर्चा की गई. सभा के दौरान वित्तीय वर्ष में शीर्ष-20

दान-दाताओं को फूल का पौधा देकर सम्मानित किया गया. जिसमें ग्रिजली बीएड कॉलेज प्रथम दानदाता के रूप में सम्मानित किए गए. आम सभा में कई प्रकार के सुझाव आए जैसे गौशाला की जमीनों की घेराबंदी हो, इस वर्ष गोपाष्टमी मेला का आयोजन हो, नगर पर्षद के साथ उङ्ग-ङ्ग१ल्लिंङ्गल्ल करके आवारा गौवंशों को गौशाला ले जाया जाए, ताकि वह दुर्घटना के शिकार न हों, सभा के दौरान -नितेश शहबादी द्वारा 21फीट एवं सुरेन्द्र लाल मोदी द्वारा 5फीट बाउंड्रीवाल का निर्माण में सहयोग दिया गया. शुभलक्ष्मी चौधरी के नेतृत्व में गौशाला में हो रहे साप्ताहिक भागवत मूल पाठ में अधिक से अधिक गौ भक्त पधारें. सभा में अध्यक्ष प्रदीप केडिया, श्याम सुंदर सिंहानियां, सुरेश जैन, ओम प्रकाश खेतान, महेश दारूका, कैलाश चौधरी, संजय अग्रवाल, अरुण मोदी आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

बारिश में एक दर्जन कच्चे मकान हुए क्षतिग्रस्त, सरकारी मदद का भरोसा

भवनाथपुर। अरसली उतरी पंचायत में पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश के कारण लगभग एक दर्जन कच्चे का मकान क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में अधिकतर गरीब परिवार के लोगों के हैं। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में बबलू चौरसिया, सुरेंद्र बियार, बजरंग बियार, अवध बियार, सरजू बियार, महेंद्र बियार, गोपाल बियार, भरत विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, जयमूर्ति कुंवर पति विश्वनाथ भुंइया आदि शामिल हैं। उक्त पीड़ित परिवार ने प्रशासन से घर मरमती के साथ-साथ सरकारी आवास की भी मांग की है। घटना के बाद पंचायत के मुखिया इसरत जहां ने पंचायत का दौरा कर सभी पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलवाने के आश्वासन दिया है। इस मौके पर उप मुखिया दयानंद प्रजापति, मुखिया पति पिन्टू अंसारी व सभी वार्ड सदस्य शामिल थे।

सीएचसी में हुई मासिक समीक्षा बैठक

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षा बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास की अध्यक्षता में की गई, जिसमें सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक के द्वारा नियमित प्रतिरक्षण, मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम, मलेरिया, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आंख जांच से संबंधित, हाइड्रोसील ऑपरेशन, डीडीटी छिड़काव, कुपोषण इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी तीनों प्रखंड में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का तीसरा चक्र चलाया जाएगा, जिसमें टीकाकरण से छूटे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा एवं गर्भवती महिलाओं का एएनसी किया जाएगा। बैठक में डॉक्टर रंजन कुमार दास, डॉक्टर अभिनित विश्वास, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, अनुज कुमार, विद्यानंद प्रजापति सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

लोकपाल ने की मनरेगा योजना की जांच

रंका। रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल मनरेगा योजना की जांच करने पहुंचे। बताते चलें कि रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा गढ़वा मनरेगा लोकपाल को शिकायत मिली थी कि बाहाहारा पंचायत में मुखिया एवं बिचौलिया ठेकेदार की मिलीभगत से योजना बिना बने पैसे की निकासी कर ली गई है। बाहाहारा पंचायत मनरेगा आयुक्त ने जांच के बाद पाया कि रिता देवी का गाय शेड एवं अन्य लोगों की योजना धरातल पर है ही नहीं और पैसे की निकासी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि हम जांच कर रहे हैं। पूरी तरह से जांच कर लेने के बाद जो लोग दोषी पाए जाएंगे उन लोगों पर नियम संगत कार्यवाई की जाएगी। इधर बाहाहारा पंचायत के ग्रामीण मनरेगा लोकपाल से न्याय की आस लगाए हुए हैं कि बिना कार्य के पैसा निकासी करने वाले मुखिया एवं बिचौलिया ठेकेदार पर मनरेगा लोकपाल क्या कार्यवाई करते हैं या नहीं।

7 को मरांडी की संकल्प यात्रा बरवाडीह में

बरवाडीह। भाजपा की संकल्प यात्रा के सातवें चरण में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 7 अक्टूबर को मनिका विधान सभा के प्रखंड के हाई स्कूल मैदान परिसर में सभा का आयोजन किया जाएगा। मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बरवाडीह प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर मैदान में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पूरे जिले से भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं विशेष अभियान के तहत पूरे विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जोर-जोर से चलाते हुए अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। मौके पर जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव प्रखंड के मनोज कुमार, मनोज यादव, सुनील सिंह, दिलीप कुमार यादव विकास कुमार सिंह, पारस जयसवाल आदि मौजूद थे।

पीडीएस डीलरों ने बीडीओ सह एमओ से की समस्याओं के समाधान की मांग

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने बुधवार को बीडीओ सह एमओ गणेश महतो से मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान करने का मांग की। साथ ही जल्द प्रखंड के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित करवाने का आग्रह किया।

बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों को अपने स्तर से समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही दो-चार दिनों में जनप्रतिनिधियों के साथ करवाने की बात भी कही। डीलर रामबृक्ष शर्मा ने कहा कि सभी डीलर हर माह अनाज का वितरण करते हैं, फिर भी

एनआईसी के द्वारा पूर्व क्लोजिंग बैलेंस दिखाकर स्टॉक से अधिक राशन काटा जा रहा है। पीएमजीकेएवाई अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 तक कोरोना कल की अवधि का कमीशन बकाया है। हम सभी डीलरों को ई पॉश मशीन जब से मिली है कभी मशीन का मेंटेनेंस कंपनी ने नहीं किया। मशीन में नेटवर्क, बैटरी की खराबी आदि समस्याएं लगी रहती हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन में राशन वितरण करते समय कुछ न कुछ समस्या आ जाती है। गोदाम में शुद्ध तौलकर राशन नहीं मिलता है। जेएसएफएसएस का अनाज जो जनवरी 2023 से सितंबर 2023 तक का वितरण किया है उसका कमीशन आज तक बकाया है। डीलरों से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अवैध पैसे की मांग की जाती है।

इस दौरान फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष शिवकुमार यादव, नरेश बैठा, भगवान दत्त मेहता, जवाहिर उरांव, शंभू लाल श्रीवास्तव, अजय पासवान, इंदल पासवान, मुकेश कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, रेयासत अंसारी, नजारे आलम आदि उपस्थित थे। वहीं बीडीओ सह एमओ खरौंधी गणेश महतो ने इस संबंध में कहा कि डीलरों कार्यालय में आकार अपनी समस्याएं बताई हैं। हम अपने स्तर से उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा नेता लक्ष्मण राम को बताया विधायक शाही का तोता

झामुमो का भानू पर पलटवार

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड कार्यालय में झामुमो के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा नेता लक्ष्मण राम के झामुमो नेता ताहिर आंसारी व पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के विरुद्ध दिए बयान पर पलटवार किया है। झामुमो नेताओं ने लक्ष्मण राम को विधायक भानू प्रताप शाही का तोता बताते हुए विधायक शाही को विकास विरोधी बताया है। कहा कि विधायक शाही ने कोर्ट में याचिका डाल कर डोमनी बराज का निर्माण कार्य रुकवाया। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने कहा कि भाजपा नेता लक्ष्मण राम को अपने गिरेबान में झांककर देखने के बाद ही दूसरी पार्टी के नेताओं पर बयान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा एवं ताहिर अंसारी पर बयानबाजी करने से पहले उनको अपना चश्मा उतार कर देखना चाहिए कि वह जिस पार्टी में है वह पार्टी दलित एवं समाज विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा नेता लक्ष्मण राम संविधान को लेकर लंबी-लंबी बातें हांक रहे थे। आज वे संविधान विरोधी पार्टी की गोद में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही का तोता बनना बंद करें।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीब क्रांतिकारी का बेटा हैं। राज्य की हेमंत सरकार गरीबों को हित में काम कर रही है। इस सरकार में किसानों को ऋण माफी योजना, स्थानीय नीति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, आंगनबाड़ी सेविका स्थाई करना, पुरानी पेंशन योजना, अबूआ आवास, ग्रीन कार्ड, गरीब छात्र-छात्राओं को विदेश पढ़ाना, मॉडल विद्यालय आदि योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। मंत्री मिथलेश ठाकुर के प्रयास से गढ़वा जिला में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को कराया जा रहा है।

झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि लक्ष्मण राम को अपने आप को देखना चाहिए कि उनकी पार्टी में उनकी क्या हैसियत है। वह जिस समाज से आते हैं उस समाज की भाजपा कितनी हितैषी है। समाज से यह छिपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने धूरकी स्थित बालचौरा पुल के नाम पर नौ बार दाढ़ी बढ़ाई एवं छिलवाया लेकिन बालचौरा का पूल अभी तक नहीं बना। तुलसीदामर माइंस बंद कराकर मजदूरों को बेरोजगार करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों झामुमो नेताओं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पर कोई भी आरोप नहीं है। लक्ष्मण राम को अपने नेता यानि विधायक भानू प्रताप शाही पर लगे विभिन्न आरोपों को भी देखना चाहिए। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, उपप्रमुख देवदत प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद यादव, शशि पासवान, देव कुमार यादव, सत्येंद्र बैठा, राम सुभाग राम, विष्णु राम, देवबंश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

तेली समाज के लोग करेंगे भाजपा का पुतला दहन

संगठन की जिला समिति की आयोजित बैठक में समाज के लोगों ने यह निर्णय लिया

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी को राज्य के तेली समाज को अवसरवादी, झूठभेया और नकाबपोशी कहना पड़ेगा भारी। अन्य जिले की तरह गढ़वा जिला में भी उक्त पार्टी का पुतला दहन होगा। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन गढ़वा जिला समिति की आयोजित बैठक में समाज के लोगों ने बुधवार को यह निर्णय लिया। साथ ही कहा है कि भाजपा अगर उस बात के लिए माफी नहीं मांगती है तो राज्य के दूसरे जिले की तरह हम सभी भी संयुक्त रूप से भाजपा का पुतला दहन करने का काम करेंगे। राष्ट्रीय तेली साहू महागठबंधन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने उस बाबत बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि तेली समाज का 95 प्रतिशत वोट सिर्फ और सिर्फ भाजपा के खाते में जाता है। बावजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के द्वारा सम्मान के बजाय अपमान करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि झूठभैया, अवसरवादी और नकाबपोश जैसे अपमानजनक शब्दों ने हमारे समाज के लोगों को पूरी तरह आहत करके रख दिया है। गुमला जिला के भाजपा मीडिया प्रभारी के बयान को लेकर भाजपा अगर मामले पर माफी नहीं मांगती है तो हम सभी उक्त पार्टी के खिलाफ कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। वहीं समाज के डॉक्टर राकेश रंजन ने कहा कि आज का परिवेश पूरी तरह बदला बदला सा हो गया है।

उन्होंने कहा कि जो जिसकी खातिर मरता है या समर्पित रहता है उनके द्वारा उनकी घोर बेइज्जती की जाती है। राकेश ने कहा कि हर बार के चुनाव में तेली समाज के लोग सिर्फ भाजपा को ही वोट करने का काम करते आए हैं। उसके बाद भी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज को खुल्लम-खुल्ला अखबार के माध्यम बेज्जती करने का काम किया जा रहा है। भाजपा अगर उस बात के लिए माफी नहीं मांगती है तो दूसरे जिलों की तरह हम सभी भी संयुक्त रूप से उक्त पार्टी का पुतला दहन करेंगे।

मांगों को लेकर ग्रामीण डाककर्मी ने की हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़/बरवाडीह

अपनी 5सूत्री मांग को लेकर बुधवार को महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इसकी जानकारी देते हुए चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार ने बताया कि हमारी 5सूत्री मांगों में 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ मिले, सवेतन अवकाश को 180 दिन बढांए, एसडीबीएस में जीडीएस और विभाग का योगदान बढ़ाना, 12/24/36 को प्रख्यापित करना तथा जीडीएस और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान देने की मांग शामिल है। इसे लेकर पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने मुख्य डाकघर के गेट के सामने धरना पर बैठकर नारेबाजी भी की। बुधवार को हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों में चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार, मो. सकीर अंसारी, संदीप कुमार गुप्ता, सुरजमणी देवी, मधुसूदन, सुरज कुमार, सुरेश्वर उरांव, राम कुमार, सुरज प्रताप, समीर बडाईक, ब्रजेश पांडेय, अमन कुमार, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।वहीं बरवाडीह अप डाकघर के कर्मियों अपनी मांगों को लेकर बुधवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। अतिरिक्त ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर प्रखंड के उप डाकघर में कार्यरत आधा दर्जन से अधिक डाककर्मियों सब पोस्ट ऑफिस (डाकघर) के सामने यूनियन के गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुए एकदिवसीय हड़ताल पर है। ग्रामीण डाककर्मी की मुख्य मांगों में वेतन एवं बोनस बढ़ोतरी के साथ कटा हुआ बोनस देने की मांग मुख्य रूप से शामिल थी। डाककर्मी संघ के गजेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी ग्रामीण डाककर्मी अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल पर रहे।

'गढ़वा में ऐतिहासिक होगा मरांडी का कार्यक्रम'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी किस चेतना में आयोजित कार्यक्रम की सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीब 20 हजार लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा के गढ़वा जिला प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह ओमप्रकाश केसरी पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने दी।

जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा चल रही है। पिछले दिनों पलामू में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम हुआ, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। काफी बारिश होने के बाद भी लोक प्रदेश अध्यक्ष की बातों को सुने और राज्य की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 5 अक्टूबर को गढ़वा होते हुए बंशीधर नगर जाएंगे। उसके पूर्व फरठिया मोड पर, चिरौंजिया मोड पर, मेराल, रमना में उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जतपुरा में आयोजित यज्ञ स्थल पर जाएंगे। वहां से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। बंशीधर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे, जहां 11बजे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुख्य समारोह में संबोधन होगा। उसके बाद पुनः चेतन पहुंचकर 3 बजे कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गढ़वा में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में जिस प्रकार से लूट मची हुई है। आम लोग परेशान हैं। लोगों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। प्मरांडी के समक्ष रखने के लिए, उक्त समस्याओं से रूबरू कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से जिस तरह से भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी, बबलू पटवा आदि शामिल थे।

'प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार से लोग खुश नहीं'

श्री बंशीधर नगर। श्री बंशीधर नगर में संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व सीएम सह प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी गुरुवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनकी यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि बाबू लाल मरांडी गुरुवार 10 बजे श्री बंशीधर नगर पहुंच जाएंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभास्थल पर वाटर प्रूफ मंच और टेंट लगाया गया है। पूरे शहर को झंडे और होर्डिंग्स बैनर से पाट दिया गया है। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा में जिस तरह से लोगों का समर्थन दिखाई दे रहा है वह यह साबित करता है कि प्रदेश की हेमंत सरकार से लोग खुश नहीं हैं। यह यात्रा हेमंत सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने का बिगुल है। आम जनता प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यों से त्रस्त है। जितने भी वादे किए गए थे वह 4 साल हो जाने के बाद भी पूरा नही हुआ। मौके पर भाजपा नेता मथुरा पासवान, सलीम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

धर्म-कर्म

ईश्वर की आराधना भक्ति से करनी चाहिए : जीयर

बड़ा आदमी अपनी बड़प्पन नहीं बताता

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने उद्धव जी से कहा कि मेरी चार जगह शक्ति रहेगी। मेरा स्वरूप श्रीमद्भागवत ग्रन्थ में रहेगी। मेरा स्वरूप बद्रीनारायण में रहेगी। मेरा स्वरूप मेरा जहां धाम रहेगा वहां रहेगा। मेरा स्वरूप भक्तों के हृदय में वास करेगी। मेरा स्वरूप जहां जहां मेरी कथा होगी वहां रहेगी। श्री लक्ष्मी जी के बेर के वृक्ष के रूप में छाया देने से नाम पड़ा बद्रीनारायण। बद्रीनारायण का मतलब होता है भगवान के अनेक अवतारों में भगवान एक अवतार यह हुआ कि तपस्वी जीवन जी करके भी हम

जगत का कल्याण करें। राजन्या अवतार, ऋषि का अवतार, विप्र का अवतार, मत्स्यावतार, कुर्मावतार, इस अवतार को लेकर मैने जगत का उद्धार किया। लेकिन तपस्वी का अवतार लेकर भी जगत का उद्धार करना चाहिए। ऐसा विचार कर भगवान श्रीमन्नारायण अपने ही स्वरूप से अपने स्वयं नारायण बन गए और अपने भक्त को अपने आप नर बना दिए। नर तथा नारायण दोनों जब तपस्या करने लगे तब लक्ष्मी जी हिमालय पर बेर के वृक्ष के रूप में भगवान श्रीमन्नारायण को छाया देने लगी। इस प्रकार भगवान का नाम पड़ा बद्रीनारायण। बड़ा आदमी अपने को कभी अपना बड़प्पन नहीं बताता है। बड़ा आदमी जो होता है वह अपने को कभी परिचय देकर बड़प्पन में नहीं बताता है। उसका कृतित्व, उसका व्यवहार, उसका आचरण ही समाज के लिए बड़प्पन का कारण बनता है। उसको बड़ा बनाता है। अपने से नहीं बनता है।

उपसमाहर्ता राहुल होंगे प्रखंड के नए बीडीओ

डंडई। जिले के परिक्षयमान उपसमाहर्ता राहुल कुमार सानू को प्रखंड का नया बीडियो बनाया गया है। उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उन्हें उक्त जिम्मेवारी दी गई है। प्रखंड के विकास योजनाओं पर किसी भी तरह का प्रभाव न पड़े उस बाबत उपायुक्त ने वैसे प्रखंडों के लिए जिले के पदाधिकारी को बीडीओ के रूप में प्रतिनियुक्त किया है जहां पर राज्य सरकार की ओर से बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई है। जिले के पदाधिकारी को बीडीओ का प्रभार मिलने से प्रखंड को कुछ जरूर नया मिलेगा। उनका अनुभव और कार्यप्रणाली की प्रखंड वासियों को लाभ लाभ मिलना तय है।

गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास कार्यालय के द्वारा बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम नीत निखिल सुरीन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, सीओ संतोष बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो, सीआई गौतम कुमार लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पांच गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं हेल्दी बेबी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

अन्नप्राशन योजना के तहत पांच बच्चों को खीर खिलाकर मुंह जुठी कराई गई तथा हल्दी बेबी

शो का भी आयोजन कर तीन बच्चों को खिलौना देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर, श्वेता कुमारी आदि मौजूद थे। वहीं मॉडल ऑगनबाड़ी केंद्र ढ़ोड़ीटोली चटकपुर में भी शिविर का आयोजन कर दो गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई। बच्ची को पोषण परी बनाकर लोगों को कुपोषण से बचाव के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ऑगनबाड़ी सेविका पुनम देवी, आशा तिग्गा, रूबी कुजूर, इलिजाबेद गिद्ध, सुनीता देवी, एएनएम उमा देवी आदि मौजूद थे।

वहीं चैनपुर- 2, अक्सी मुण्डा टोली, छगराही, चटकपुर ढ़ोड़ीटोली, असनारी, सुग्गी, भेड़ीगंझार, पुटरूंगी, कुरोकला, केवंरकी केनाटोली, माईल एवं बटुआटोली आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाया गया।

जाम से मुक्ति मिले

पूरे झारखंड में जाम की समस्या विकराल है। दुर्भाग्य की बात यह कि इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। इसके पीछे नगर निगम कम दोषी नहीं है। पुलिस प्रशासन की बात यहां नहीं की जा सकती। कारण खुद यह विभाग लापरवाही बरतने में आगे है। शहर में वाहनों का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। गाड़ियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जबकि इसके अनुकूल सड़कों की चौड़ाई नहीं बढ़ रही है। जाम के कारण लोगों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। कई बार ऐसा होता है कि एक या दो किलोमीटर जाने में घंटो लग जाते हैं। सड़कों पर ठेला,खोमचे वाले ने अतिक्रमण कर लिया है। दूसरी तरफ छोटी गाड़ी वाले अपनी गाड़ी पार्क कर इत्मीनान से अपने काम में निकल जाते हैं। जाम को लेकर निगम प्रशासन की नीतियां भी कम जिम्मेवार नहीं हैं। जाम के कारण आर्थिक,स्वास्थ्य तथा समय नुकसान झेल रहे लोगों के प्रति कोई संवेदना नहीं है। इतनी बड़ी समस्या का हल्के में लिया जाना यह बताता है कि लापरवाही चरम पर है। शिकायत करने पर अधिकारी बचना चाहते हैं। उनके पास कई प्रकार के बहाने हैं। जाम के कारण बाहर से आने वाले खास कर अन्य राज्य के लोगों के मन में नकारात्मक छवि बनती है। इससे निजात पाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाये जाने की जरूरत है। कारण बगैर यातायात को ठीक किये जाम से मुक्ति नहीं दिलायी जा सकती है। झारखंड के मेदिनीनगर शहर की स्थिति भी खराब होती जा रही है। बड़ी गाड़ी से निकलना मुश्किल होता जा रहा है। इसकी खास वजह यह भी है कि आज भी लोग आदिम जमाने की सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। सड़कों का निमार्ण या प्लाईओवर नहीं के बराबर है। इसके पलटवार गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गयी हैं। जिस सड़क पर कभी सौ गाड़ियां चलती थी,वहां अब हजारो चलती है। दूसरी खास वजह यह कि लोग गाड़ी तो शौक से खरीद लिए हैं,लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण वह अपनी गाड़ी को सड़कों पर छोड़ देते हैं। यह आलम गली मुहल्लों में भी देखने को मिलती हैं। जिस कारण पैदल चलना भी आम शहरी को परेशानी का सबब बनता जा रहा है। बदलते समय के अनुसार शहर का विकास हो रहा है। लेकिन यातायात के दृष्टिकोण से देखा जाये तो इस ओर किसी का ध्यान नहीं के बराबर है। ऐसे में एक जवाबदेह नागरिक का कर्तव्य बनता है कि इस दिशा में उचित कार्रवाई की दिशा में अपनी आवाज उठाये। यह समस्या पूरे राज्य में है। रांची की बात करें तो यहां यह समस्या और विकराल है। बगैर जाम से मुक्ति दिलाये शहर के विकास की परिकल्पना बेकार है। यह बड़ी समस्या है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। आखिर इसके लिए कोई नियम सख्ती से क्यों नहीं बन पाते हैं। यह माना जा सकता है कि गुजरते जमाने के साथ हम आज हाईटैक भी हुए हैं। दूसरी तरफ लापरवाही यहां के लोगों के रक्त में है। यातायात के नियमों का पालन करवाने के लिए सख्ती जरूरी है। इसके बगैर लोग नहीं सुनने को तैयार हैं। इस परिस्थिति में कठोर कदम उठाकर ही इसे रोका जा सकता है। साथ ही लोगों को जागरूक करने की दिशा में प्रयास जरूरी हैं। सबसे अधिक परेशानी बीमार व्यक्ति को होती है,जब उसे हॉस्पिटल पहुंचाने में जाम के कारण परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में किसी की जान भी चली जाती है।

जाम के कारण लोगों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। कई बार ऐसा होता है कि एक या दो किलोमीटर जाने में घंटो लग जाते हैं। सड़कों पर ठेला,खोमचे वाले ने अतिक्रमण कर लिया है। दूसरी तरफ छोटी गाड़ी वाले अपनी गाड़ी पार्क कर इत्मीनान से अपने काम में निकल जाते हैं।

आओ नोबेल पुरस्कार हासिल करने का बुलंद हौसला धारण करें



किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सबसे प्रतिष्ठित दुर्लभ पुरस्कारों की श्रेणी में नोबेल पुरस्कार आता है, जिसे पाने के लिए हर योग्य व्यक्ति ही नहीं बल्कि हर देश को लालसा होती है कि उन्हें या उनके नागरिकों को यह पुरस्कार मिले। जिस तरह से भारत वर्तमान समय में हर क्षेत्र में सफलताओं के झंडे गाढ़ रहा है, उससे यह कयास लगाना लाजमीं है कि आने वाले वर्षों में छह क्षेत्रों में भारत का नाम भी नोबेल पुरस्कार में शामिल होगा, इस बात को कुछ माह पूर्व नोबेल पुरस्कारों से जुड़े नार्वे के भारतीय मूल के सांसद हिमांशु गुलाटी ने भी कहा था कि जिस तेजी से भारत के नॉमिनेशन आ रहे हैं संभावना है कि, आने वाले वर्षों में इसका नतीजा सकारात्मक दिखे। वैसे तो नोबेल पुरस्कार संबंधी सर्वेक्षण टीम हर वर्ष भारत आती है जिसमें इस बार नार्वे भी शामिल था और हमारे माननीय पीएम का नमिनेशन नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सोशल मीडिया में भी नॉमिनेशन चला था। चूंकि अभी 2 से 9 अक्टूबर 2023 तक नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणाओं का क्रम शुरू है जिसमें दो अक्टूबर को चिकित्सा, तीन को भौतिकी और चार कोकेमिस्ट्री क्षेत्र में विजेताओं की घोषणा हो चुकी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के बढ़ते विकास और बौद्धिक क्षमता से भविष्य में नोबेल पुरस्कारों के छह क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज कराने की संभावना का हौसला रखना जरूरी है। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कारों के शेड्यूल और घोषणा शुरू होने की करें तो, नोबेल पुरस्कार 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 2023 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 2 अक्टूबर 2023 से जारी है। भारत में भी इसकी चर्चा खूब हो रही है, लेकिन इस बीच लोगों के मन में इससे जुड़े कई सवाल भी उठते हैं जिसकी जानकारी सबको नहीं होती। इस कड़ी में सबसे पहले वैज्ञानिक कैटेलिन कैरिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है। इन दोनों वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार कोविड-19 के प्रभावी टीकों से जुड़ी उनकी खोज के लिए दिया गया है। इसके बाद 3 अक्टूबर 2023 कोभौतिकी के नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया है। इस श्रेणी के लिए 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल हुलियर को दिया गया। इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किये गये। एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं। वहीं साहित्य याने लिटरेचर के पुरस्कार की घोषणा 5 अक्टूबर को और नोबेल पीस प्राइज की घोषणा 6 अक्टूबर 2023 को होगी, जबकि 9 अक्टूबर 2023 को अर्थशास्त्र के नोबेल विजेताओं की घोषणा की जायेगी। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार वितरण की जटिल प्रक्रिया की करें तो, नोबेल पुरस्कारों की प्रस्तावना चयन और पाने के लिए संपूर्ण प्रक्रिया होती है, जिसकी कार्यवाही लगभग एक वर्ष पूर्व ही प्रारंभ कर दी जाती है। जिस वर्ष के लिए नोबेल पुरस्कार होता है, उसके पूर्व वर्ष के सितंबर माह में नोबेल पुरस्कार की प्रस्ताव के लिए प्रपत्र भेज दियाजाता है, जिसमें नाम प्रस्तावित करने होते हैं जो प्रस्तावित वर्ष के फरवरी माह में नाम के प्रस्ताव पर प्रस्तावित समिति से मांगे जाते हैं। मार्च से मई तक प्रत्येक विषय के लिए विशेष चयन समिति का गठन कर दिया जाता है, जो जून से अगस्त तक अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो 5 से 6 पराग्राफ में होती है सितंबर माह में रिकॉर्ड रिपोर्ट अल्फ्रेड ट्रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी को सौंप दी जाती है। बता दें केवल जीवित व्यक्तियों को ही नोबेल पुरस्कार के लिए चुना जाता है परंतु चयन के बाद अगर चयनित प्रत्याशी की मृत्यु हो जाती है तो पुरस्कार दिया जा सकता है। नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा अक्टूबर माह में की जाती है जो मेडिसिन, भौतिक, केमिस्ट्री साइकोलॉजी, साहित्य, शांति और इकोनामिक साइंस के क्षेत्र में योग्य व्यक्तियों को दिया जाता है फिर पुरस्कारों के लिए प्रतिवर्ष सेल्फ ट्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को विजेताओं को पुरस्कार के रूप में एक स्वर्ण पदक एक प्रमाण पत्र और चार करोड़ से अधिक की धनराशि दी जाती है। नोबेल पुरस्कार विजेता एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों में नोबेल समिति के अतिथि होते हैं। प्रस्ताव के नामों को पूर्णतया गुप्त रखा जाता हैं, ताकि कोई उन्हें प्रभावित करने का प्रयास न कर सके। प्रस्ताव में रॉयल स्वीडिश विज्ञान अकादमी के सदस्य, विषय के पूर्व नोबेल विजेता, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड तथा नार्वे के विश्वविद्यालय व केरोस्का संस्थान स्टॉकहोल में नियुक्त स्थाई सहायक प्रोफेसर तथा स्वीडिश मिशन एकेडमी द्वारा स्वीकृत अन्य लोग सम्मिलित होते हैं, इसके अतिरिक्त कोई अन्यकिसी नाम का प्रस्ताव नहीं कर सकते प्रस्तावित नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना 50 वर्षों तक किसी भी प्रकार से किसी को भी नहीं दी जा सकती। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन कोई भी वो व्यक्ति कर सकता है जो इसके नामांकन मानदंडों को पूरा करता है। नामांकन भरने के लिए निमंत्रण पत्र की जरूरत नहीं है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति नामांकन किये गये लोगों में से नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं का चयन करती है। 1 फरवरी से पहले नामांकन भेजा जा सकता है, इसके बाद समिती इन नामों पर चर्चा करती है और फरवरी से मार्च महीने के बीच एक लिस्ट तैयार की जाती है। चयन, समिति के सभी सदस्यों के वोटिंग के आधार पर होती है। इसके बाद विजेताओं के नाम की घोषणा होती है। दिसंबर में उन्हें पुरस्कार दिया जाता है। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार को समझने की करें तो, यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो छह अलग-अलग क्षेत्रों में दिया जाता है। ये उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान मानव जाति को सबसे बड़ा लाभ पहुंचाया है। मूल रूप से यह पुरस्कार फिजिक्स, केमिस्ट्री, साइकॉलजी, मेडिसिन, साहित्य और शांति के क्षेत्र में दिया जाता है। इसमें शांति पुरस्कार की विशेषता यह है कि ये उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्रों के बीच फैलोशिप को आगे बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने और शांति की स्थापना और प्रचार के लिए सबसे अधिक या सबसे अच्छा काम किया है। 1968 में इसमें सातवां पुरस्कार जोड़ा गया था जो आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में था। यह पुरस्कार आधिकारिक तौर पर नोबेल पुरस्कार नहीं है, लेकिन इसे अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिजेस रिक्सबैंक पुरस्कार कहा जाता है।

मार्च से मई तक प्रत्येक विषय के लिए विशेष चयन समिति का गठन कर दिया जाता है, जो जून से अगस्त तक अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो 5 से 6 पराग्राफ में होती है सितंबर माह में रिकॉर्ड रिपोर्ट अल्फ्रेड ट्रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी को सौंप दी जाती है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

तीन लोक का राज जीव को जै कोई दे लाख बधाई क्या करे जै नहीं नाम से नेह

भगवान हमें बताते हैं कि एक बार जब भक्त को ज्ञान हो जाता है तो वह जान जाता है कि जब तक आत्मा को पूर्ण गुरु से दीक्षा नहीं मिलती है, तब तक तीनों लोकों में पद, शक्ति बेकार है।

इन्द्र कुबेर ईश की पद्वी, ब्रह्मा, वरूण धर्मराया। विष्णुनाथ के पुर कूं जाकर, बहुर अपूठा आया।।

भगवान समझाते हैं कि इंद्र का पद प्राप्त करने के बाद भी या ब्रह्मा, विष्णु आदि के लोक में जाने के बावजूद भी आत्मा अगर पुनरावृत्ति में है यानि जन्म मरण के चक्र में है तो सब बेकार है। दयालु भगवान कबीर जी ने त्रेता युग में पक्षियों के राजा, भगवान विष्णु के वाहन की शरण में लिया और उन्हें सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान अर्थात तत्वज्ञान प्रदान किया। आइए हम उसी के संबंध में सर्वशक्तिमान कबीर जी और धर्मराज (यम) के बीच हुए संवाद का अध्ययन करें। गरुड़ जी को दिये गये तत्त्वज्ञान के संबंध मे पूर्ण परमात्मा कबीर जी और धर्मदास जी के बीच संवाद संदर्भः कबीर सागर, अध्याय 11 गरुड़ बोध पृष्ठ 65 (625) पर भगवान कबीर जी ने धर्मदास जी को बताया कि उन्होंने पक्षियों के राजा अर्थात गरुड़ जो भगवान विष्णु का वाहन है, उनको सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान दिया। गरुड़ अमरलोक और सतपुरुष की महिमा सुनकर दंग रह गये थे। उनके लिए विश्वास करना कठिन था। गरुड़ जी ने कबीर परमेश्वर से कहा कि हमें अब तक गुमराह किया गया है। कबीर भगवान ने गरुड़ जी को अपना परिचय दिया कि 'मैं कबीर हूँ, संपूर्ण ब्रह्मांडों, सृष्टि का निर्माता। मेरा निज धाम सतलोक है। तुम सभी आत्माओं को काल ब्रह्म ने भ्रमित कर दिया है।

(क्रमशः)

मुस्कान है सेहत व समृद्धि का अनमोल उपहार

ललित गर्ग

प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, 'स्माइली' निर्माता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे। अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गये हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरूआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा। सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाये रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना-हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं।

1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है।

मुस्कान दिवस

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

जाति की आग को फिर मिलने लगी हवा



डॉ. प्रभात ओझा

मसला जाति का हो तो राजनीति होनी ही है। यह जाति के आधार पर जनगणना कराने की बात है। यानी हर जगह, कहां कौन सी जाति के कितने लोग हैं। अगले चरण में इसी औसत में सम्बंधित समुदाय को लाभ देने के कदम उठाये जाएं, यह स्वाभाविक है। जानकार लोगों को मंडल कमीशन (दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग) की रिपोर्ट और उसके बहुत बाद केंद्र में वी. पी. सिंह सरकार के समय उस रिपोर्ट को लागू करने के समय की घटनाएं याद होंगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तब भी ऐसा किसी जातिगत जनगणना के आधार पर नहीं किया गया था। पहले एक आयोग बना। उसी की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गयी। जातिगत जनगणना तो 92 साल बाद हुई है। वह भी सिर्फ एक प्रांत में। वर्ष 1931 के 92 साल बाद बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इसी के साथ इसके औचित्य पर सवाल शुरू हो गये हैं और कुछ संस्थाओं ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली है। सवाल उठता है कि ऐसी जनगणना की जरूरत क्यों पड़ी? इसके बाद क्या क्या होने वाला है? ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि इन 92 साल के दौरान ऐसी गणना की जरूरत नहीं पड़ी। आजादी के बाद जो पहली जनगणना कराई गई थी, उसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जरूर गिना गया था। ऐसा इसलिए किया गया कि इन दोनों को आरक्षण देने का फैसला हुआ था। तब से 1951 के बाद 2011 तक हर जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के ही आंकड़े एकत्र किये जाते हैं। तय समय के मुताबिक, 2021 में कोरोना के चलते जनगणना नहीं हो सकी है। इस बीच भिन्न-भिन्न राज्य सरकारों ने एक अनुमान के आधार पर समय-समय पर अन्य जातियों को भी आरक्षण दिया। बीच-बीच में कुछ संस्थाएं तो कई राजनीतिक दल ऐसी जनगणना की मांग करते रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने इस पर अमल भी किया। अपनी योजना में वह बहुत कुछ सफल होते दिख रहे हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इसे भ्रम फैलाने का प्रयास बता रही है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि राज्य विधानसभा में मौजूद सभी दलों के एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के आधार पर ही राज्य मंत्रिपरिषद ने यह गणना कराई है। गांधी जयंती के दिन जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग 36.01 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 1.68 प्रतिशत लोग हैं। जो लोग आरक्षण में नहीं आते ऐसे सवर्ण लोगों की संख्या 15.52 प्रतिशत है। स्वाभाविक है कि आरक्षण में आ सकने वाले लोगों की संख्या अधिक है। यह वर्ग बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी है और पूरे देश में इनकी संख्या 52 प्रतिशत से कुछ अधिक बताई गई है। इस समय भाजपा को छोड़ कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दल इस तरह की जनगणना की मांग पूरे देश के लिए कर रहे हैं। खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस विषय में आवाज गौर की जा रही है। प्रधानमंत्री ने तो एक सभा में राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस संख्या के बल पर हिस्सेदारी की बात कह रही है, तो क्या हिंदू सारी सुविधाओं पर अपना हक जमा लें। प्रधानमंत्री कांग्रेस के उस रुख, खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस वक्तव्य पर व्यंग्य कर रहे थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। श्री मोदी का सवाल जायज लगता है कि क्या कांग्रेस मुसलमानों क साथ छोड़ रही है। कांग्रेस नेता और दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी जो भी कहें, सच यह है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और उसके बाद लोकसभा निर्वाचन के नजदीक होने से राजनीति के हर दांव आजमाये जा रहे हैं।

आजादी के बाद जो पहली जनगणना कराई गई थी, उसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जरूर गिना गया था। ऐसा इसलिए किया गया कि इन दोनों को आरक्षण देने का फैसला हुआ था।

जाति जनगणना

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

गागर में सागर

मुर्शिदाबाद में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हत्याओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना मुर्शिदाबाद की है। यहां तृणमूल की पूर्व पंचायत सदस्य के पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान प्रबीर दास के तौर पर हुई है। घटना मुर्शिदाबाद के सूती हपानिया इलाके की है। सूती थाने की पुलिस ने बताया है कि मंगलवार देर शाम प्रबीर अपने मुर्गी फार्म पर बैठे हुए थे। तभी कई लोग बाइक सवार होकर बंदूक लिए हुए मुर्गी फार्म में घुस गए। उन्हें तीन राउंड गोली मारी गई। प्रबीर की गर्दन में गोली मारी गई जिसकी वजह से बहुत अधिक खून गिरने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई । महिसाइल ब्लॉक अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूती थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है। फरक्का के एसडीपीओ रासप्रीत सिंह भी बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे हैं। बुधवार सुबह से इलाके की निगरानी हो रही है और पूछताछ जारी है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से माइंस कर्मचारी की मौत

बालोद। डौंडी थाना क्षेत्र के अवारी गांव के पास बुधवार अलसुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक माइंस कर्मचारी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी अपने बेटे के पास डौंडी में रुका था, जो आज बुधवार सुबह कच्चे माइंस में ड्यूटी करने जा रहा था। इस दौरान वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर 108 की टीम पहुंची और मृतक को डौंडी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान प्रसेन राजपूत, पिता हैसनाथ, वार्ड नंबर 7, कोरिया के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई, जिससे सड़क पर दोनों तरफ गाड़ियों की कतार लग गई। काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।
डौंडी थाना के टीआई सुनील तिर्की ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम को खुलवा दिया है। आवागमन सामान्य हो गया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

पंप को निकालने कुएं में उतरे दो सगे भाई समेत तीन की मौत

सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के बिजवार गांव में बुधवार की सुबह कूएं में लगे पंप को निकालने के लिए निचे उतरे दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई।
पुलिस सूत्रों ने बताया की बुधवार की सुबह 06:30 बजे बिजवार गांव निवासी 31वर्षीय सुर्य प्रकाश अपने घर के पास स्थित कुएं में लगे पंप को निकालने के लिए में निचे उतरा। पंप निकालते समय वह जहरीली गैस के चपेट में आ गया और छटपटाने लगा। छोटे भाई को छटपटाते देख बड़ा भाई 35वर्षीय दिपक उसे बचाने के लिए कुएं में निचे उतरा लेकिन वह भी जहरीली गैस के चपेट में आ गया और छटपटाने लगा। दो भाईयों को छटपटाते देखकर उनका पड़ोसी मित्र 40 वर्षीय बलवन्त भी दोनों को बचाने के लिए कुएं में उतरा और वह भी जहरीली गैस की चपेट में आ गया। तीनों को पानी में देखकर गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कुएं में कांटा फेककर तिनों को बाहर निकाला और इलाज हेतू फौरन वैनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए जहां पर डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने फौरन तीनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सीआरपीएफ जवान की हार्ट अटैक से मौत

जगदलपुर। दंतेवाड़ा जिले के नरेली में पदस्थ सीआरपीएफ 230 वीं बटालियन में पदस्थ हेड कांस्टेबल बाबूलाल रजक पिता रामू रजक उम्र 51 वर्ष निवासी रांची झारखंड की हार्टअटैक से मौत हो गई। बुधवार सुबह डिमरापाल मेकॉज में पोस्टमार्टम के बाद हेलीकॉप्टर से उनके पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची झारखंड में रहने वाले बाबूलाल रजक विगत कई वर्षों से दंतेवाड़ा जिले के नरेली कैंप में सीआरपीएफ 230 में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ थे। मंगलवार सुबह कैंप में अपने रूम में बैठे ही थे, इसी दौरान उनके सीने में दर्द हुआ। साथियों ने बाबूलाल को कैंप के डॉक्टर को दिखाया, डॉक्टर ने जांच के बाद हार्टअटैक आने की बात बताई। कैंप से उसे बेहतर उपचार के लिए दंतेवाड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मेकॉज रिफर कर दिया गया। मंगलवार की रात जवान बाबूलाल रजक को मेकॉज लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, कहा

समस्या समाधान को सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलावें, जमीन कब्जाने वाले भूमाफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी हो। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी। सबको न्याय मिले।
गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना

और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। उधक, राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन के मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने को कहा। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप पांच और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम पांच की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट इस साल जनवरी से लेकर अगस्त माह तक की है। इसमें पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में दर्ज मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है।

नियुक्ति भ्रष्टाचार मामला

एक बार फिर अभिषेक को ईडी ने भेजा नोटिस

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर अभिषेक बनर्जी को नोटिस भेजा है। उन्हें आगामी सोमवार को सीजीओ परिसर स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने को कहा गया है। लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी के निदेशक के तौर पर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके पहले उन्हें तीन अक्टूबर यानी एक दिन पहले ही हाजिर होने को कहा गया था। लेकिन दिल्ली में अपनी पार्टी की ओर से केंद्र के खिलाफ धरने का नेतृत्व वह कर रहे थे इसलिए शामिल नहीं हुए। इसके पहले ईडी ने अभिषेक बनर्जी के पिता अमित बनर्जी और मां लता बनर्जी को भी अपनी संपत्ति से संबंधित दस्तावेज

लेकर हाजिर होने को कहा था। नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए गए सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाट वाले काकू अभिषेक बनर्जी के पास काम करते थे। दावा है कि लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी के लिए काम करने वाले काकू ने करोड़ों रुपये कंपनी के जरिए ब्लैक से व्हाइट किया है। आरोप है कि रुपये नियुक्ति भ्रष्टाचार के एवज में वसूले गए थे। क्योंकि अभिषेक बनर्जी इसके निदेशक हैं, इसलिए इस लाभ से उनके भी लाभान्वित होने के आरोप हैं।

दिल्ली में टीएमसी नेताओं को हिरासत में लेने पर बरसीं ममता

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बकाये के भुगतान के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दो दिवसीय धरना तीन अक्टूबर की रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में खत्म हो गया। इसके बाद तृणमूल प्रतिनिधियों सहित पश्चिम बंगाल के करीब ढाई हजार मनरेगा मजदूर बंगाल के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी समेत अन्य नेताओं को हिरासत में लेने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है यह लोकतंत्र के लिए सबसे काला दिन है। दरअसल केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री से मिलने के लिए अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल प्रतिनिधिमंडल कृषि भवन पहुंचा था। यहां मुलाकात नहीं होने के बाद इन सबने धरना दिया। इस पर पुलिस उन्हें उठाकर मुखर्जी नगर थाने ले गई। करीब दो घंटे तक हिरासत में रखने के बाद देररात रिहा कर दिया।
इसे लेकर ममता बनर्जी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर देररात लिखा, आज लोकतंत्र के लिए अंधकार और काला दिवस है। पश्चिम बंगाल के लोगों के प्रति

भाजपा के घृणा और गरीबों के अधिकारों के प्रति उनका गैर जिम्मेदाराना आचरण सामने आ गया है। लोकतांत्रिक मूल्य भी पूरी तरह से खत्म दिख रहा है। सबसे पहले उन्होंने पश्चिम बंगाल के गरीबों का रुपया रोक दिया। हमारे प्रतिनिधि ने जब दिल्ली में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर उनसे मुलाकात करने की कोशिश की तो हमारे साथ निर्मम आचरण किया गया। पहले राजघाट पर और बाद में कृषि भवन में दिल्ली पुलिस ने हमारे प्रतिनिधियों को प्रताड़ित किया।उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का फंड रोके जाने को लेकर दिल्ली में तृणमूल कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया है।

लालू परिवार को जमानत मिलने के बाद बोले तेजस्वी, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा

एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में जमानत मिलने के बाद कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने मामले को राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताया। इस मामले में एक अदालत द्वारा उन्हें, राजद प्रमुख और उनके पिता लालू प्रसाद यादव, उनकी मां और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनकी बहन और राज्यसभा सांसद मीसा भारती को जमानत दिए जाने के बाद यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "हमें न्यायपालिका पूरा भरोसा है। और हमें न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह रेलवे घोटाले से जुड़े हुये नहीं हो सकते। वह तब छात्र थे

और दिल्ली के आरके पुरम इलाके में पढ़ते थे और क्रिकेट भी खेलते थे। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, यह राजनीतिक प्रतिशोध के तहत किया जा रहा है। आज आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के खिलाफ और कल पत्रकारों के परिसरों पर तलाशी ली गई। यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के तहत किया जा रहा है। राजद नेता ने कहा, "अगर आप सच बोलेंगे और सत्ता से जवाब मांगेंगे तो ऐसी चीजें होंगी।" तेजस्वी यादव ने कहा, मैंने कई बार कहा है कि पिछले साल जब हमारी सरकार बनी थी, उसी दिन मैंने भविष्यवाणी की थी कि तलाशी और छापे शुरू होंगे। मेरा नाम आरोप पत्र में नहीं था लेकिन पूरक आरोप पत्र में डाल दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा, अगर आप भाजपा के विरुद्ध लड़ेंगे तो यही होगा। और अगर आप भाजपा के साथ रहेंगे तो सब कुछ साफ हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी दिल्ली की एक अदालत द्वारा बुधवार को कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में लालू प्रसाद, उनके बेटे और पत्नी को जमानत दिए जाने के बाद आई है। अदालत ने 22 सितंबर को राजद सुप्रीमो, उनके बेटे और पत्नी सहित अन्य के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक नए आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। चूंकि जांच एजेंसी ने जमानत का विरोध नहीं किया, राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने यादव परिवार को जमानत दे दी।

शिवराज मंचों से खुद ही अपना विदाई भाषण देने लगे, लेकिन जनता को कोई गम नहीं: कमलनाथ

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें वो जनता से पूछ रहे हैं कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उनके इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भी निशाना साधा है। कमलनाथ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से तंज कसते हुए कहा मप्र के मुख्यमंत्री की विडंबना तो देखिए कि अब वो मंचों से अपने जाने की बात खुद ही करने लगे हैं। ये भाजपाई राजनीति का अजब दौर है, जब खुद ही वो अपना विदाई समारोह आयोजित कर रहे हैं, खुद ही विदाई भाषण पढ़ रहे हैं लेकिन एक विशेष विरोधाभास ये है कि विदाई की इस बेला में जनता की

आंख में आंसू नहीं हैं बल्कि भाजपा सरकार के जाने की और कांग्रेस सरकार के आने की खुशी में जनता के चेहरों पर मुस्कान है। कांग्रेस मुस्कान की गारंटी है।
बता दें कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष रणनीति बनाई है। भाजपा आलाकमान कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा ने इस चुनाव में अपने सभी बड़े कद्दावर नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। इसी रणनीति के तहत नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय जैसे तमाम बड़े नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र से टिकट दे दिया है और उन्हें फोकस करने को कहा है। राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चा है कि अगली बार शिवराज सिंह चौहान को सीएम नहीं बनाया जाएगा। वहीं, भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को अपना सीएम का चेहरा भी नहीं बनाया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि हाईकमान अब किसी दूसरे चेहरे का तलाश कर रही है।
दरअसल अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी में मंगलवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज जनता से पूछ रहे हैं कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं? यदि लड़ना चाहिए तो क्या बुधनी से ही लड़ना चाहिए या नहीं? शिवराज सिंह ने जनता से यह सवाल ऐसे वक्त में पूछा है। जब अटकलें लगाई जा रही है कि वो बुधनी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव नहीं लड़ेंगे। शिवराज के इतना कहते ही लोगों ने मामा- मामा के नारे लगाना शुरू कर दिया। जनता से सवाल पूछते समय सीएम भावुक होते हुए भी नजर आए। हालांकि उनका बयान सामने आने के बाद नई बहस शुरू हो गई है।

चोरी और सीनाजोरी कर रहीं ममता बनर्जी: गिरिराज

एजेंसी। बेगूसराय

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने आज यहां कहा कि हजारों करोड़ का लूट करने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चोरी और सीनाजोरी कर रही हैं लेकिन उनकी यह नीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को मंगलवार को ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मिलने का समय दिया गया था। साध्वी निरंजन ज्योति रात 8:30 बजे तक कार्यालय में बैठी रहीं लेकिन उनसे मिलने के लिए तृणमूल कांग्रेस का ना तो कोई मंत्री और ना ही कोई सांसद आया। यह लोग पांच सौ आदमी को लेकर जहां-तहां अराजकता फैला रहे हैं। यदि नियम के विरुद्ध कार्य करेंगे तो मजबूर होकर प्रशासन को अपना काम करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री काल

में पश्चिम बंगाल को दो लाख पांच हजार करोड़ से अधिक की राशि दि, जिसमें से 54 हजार करोड़ सिर्फ मनरेगा के लिए दिया गया लेकिन ममता बनर्जी और उनके नेता काम करने के बदले लूट मचाए हुए हैं। साथ ही लूट को दबाने के लिए अराजकता फैलाया जा रहा है।गिरिराज ने कहा कि केंद्र के निर्देश का पालन नहीं करने एवं केंद्रीय टीम के दौरे की कार्रवाई रिपोर्ट का अनुपालन नहीं करने के कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की धारा-27 के प्रावधान के अनुसार निधि जारी करने पर रोक लगाया गया है।

राजनीति पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग फिर उठने लगी है।

पार्टी नेताओं की अलग-अलग राय से असमंजस में भाजपा

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के विभाजन से लेकर पश्चिमी हिस्से को अलग राज्य बनाने से जुड़े मुद्दे ने सत्तारूढ़ भाजपा के लिए भयंकर स्थिति पैदा कर दी है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस सप्ताह की शुरूआत में मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने की मांग उठाई थी। उन्होंने यहां तक सुझाव दिया कि मेरठ को प्रस्तावित राज्य की राजधानी बनाया जाए।
जहां बलियान के बयान ने क्षेत्र में राज्य की दशकों पुरानी मांग को पुनर्जीवित कर दिया है, वहीं भाजपा की ओर से कुछ ही घंटों में विरोध सामने आ गया। पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो यह क्षेत्र 'मिनी पाकिस्तान' बन जाएगा। भाजपा नेता सोम ने कहा कि इसके बजाय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली में मिला दिया जाना चाहिए। दशकों से, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुए हैं और इस क्षेत्र के लिए अलग राज्य का दर्जा अब संभव नहीं है।
सरधना से दो बार के विधायक ने यह भी कहा कि एक विशेष समुदाय की बढ़ती आबादी के कारण, अगर यह अलग राज्य बन जाता है तो हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। ऐसे क्षेत्र का विकास तो नहीं होगा, लेकिन राजनीतिक परिदृश्य जरूर बदल जाएगा। बेहतर होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दिल्ली से जोड़ने की पहल की जाए।इस मुद्दे पर भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं की अलग-अलग राय ने पार्टी को

मुश्किल में डाल दिया है। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने कहा, "हम इस मुद्दे पर तब तक कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे जब तक कि पार्टी नेतृत्व इस पर कोई फैसला नहीं ले लेता। दोनों नेताओं के अपने-अपने दृष्टिकोण हैं और हम उनमें से किसी को भी खारिज नहीं कर सकते।"इस बीच, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने उत्तर प्रदेश को चार राज्यों - पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखण्ड, पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश में विभाजित करने की बलियान की मांग का समर्थन किया। ओपी राजभर ने कहा, उत्तर प्रदेश एक बड़ा राज्य है और कुशल प्रशासन के लिए इसे चार राज्यों में विभाजित किया जाना चाहिए।
राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि राज्य का पुनर्गठन पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाना रालोद की पुरानी मांग है। उन्होंने कहा, लेकिन बलियान का बयान लोकसभा चुनाव से पहले सिर्फ एक राजनीतिक चाल है। पूर्व रालोद प्रमुख अजीत सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हरित प्रदेश के गठन की मांग उठाई थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने पर भाषण देने के बजाय केंद्रीय मंत्री को अलग राज्य के गठन के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी लेनी चाहिए।' वहीं बसपा एमएलसी भीमराव अंबेडकर ने कहा कि 2011 में, जब पार्टी सत्ता में थी, राज्य विधानसभा ने उत्तर प्रदेश को चार राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव पारित किया था। प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया था, लेकिन केंद्र में लगातार सरकारों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। बसपा प्रमुख मायावती उत्तर प्रदेश के विभाजन की प्रबल समर्थक रही हैं। बसपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को चार भागों-पूर्वांचल (21 जिले), बुन्देलखण्ड (सात जिले), अवध प्रदेश (21 जिले) और पश्चिम प्रदेश (26 जिले) में विभाजित करने का फैसला लिया था। एमएलसी ने कहा कि अगर भाजपा छोटे राज्यों के गठन के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे इस संबंध में प्रस्ताव पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।
लोकसभा चुनावों में हार के डर से, भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश कार्ड खेला है। बलियान एक केंद्रीय मंत्री हैं और उन्हें इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह नहीं करना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने एक बैठक में इस मामले को उठाया, उससे साफ संकेत मिलता है कि भाजपा राज्य के विकास के बजाय वोट-बैंक की राजनीति में अधिक रुचि रखती है। बलियान के बयान के बाद समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा को इस मुद्दे पर सफाई देनी चाहिए। उन्होंने पूछा, "क्या उत्तर प्रदेश का विभाजन भाजपा का आधिकारिक रुख है या मंत्री का बयान जनता के मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है।

मामूली विवाद को लेकर नाबालिग को चाकू मारा, मौत

रतलाम। मामूली बात को लेकर 80 फीट रोड़ पर 16 वर्षीय नाबालिग युवक विनोद पांचाल की मंगलवार रात करीब 8.30 बजे चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाले आरोपी भी नाबालिग है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृत्यु पूर्व बयान में नयागांव निवासी विनोद पिता जगदीश पांचाल ने हमलावरों के नाम भी पुलिस को बता दिए थे। औद्योगिक थाना क्षेत्र के इस इलाके में दो दिन पूर्व ही मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। बाद में आरोपी विनोद को घर से बुलाकर ले गए और चाकू से वार कर घायल कर दिया, जिसे बाद में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के माता-पिता उपचार हेतु बड़ोदा गए थे, उसी दौरान यह घटना हो गई।बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

गागर में सागर

शतरंज में 2700 रेटिंग पार करने वाले नौवे भारतीय बने निहाल सरीन

नई दिल्ली। भारत के 19 वर्षीय ग्रांड मास्टर निहाल सरीन ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2023 के राउंड 2 में ग्रांड मास्टर पॉलियस पुल्टिनेविसियस के खिलाफ काले मोहरों से अभूतपूर्व जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, निहाल की अब लाइव रेटिंग 2702.5 हो गयी है और अंततः वह 2700 रेटिंग के जादुई शतरंज आंकड़ें को पार करने में कामयाब हो गए है । केरल के त्रिशूर का 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी 2700 तक पहुंचने वाला 9वां भारतीय बन गया है। निहाल ने बार-बार साबित किया है कि वह स्पीड शतरंज में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और क्लासिकल में बेहद मजबूत है पर अब उन्होने क्लासिकल शतरंज का वह मुकाम हासिल कर लिया है जिसकी उनसे हमेशा से उम्मीद की जाती रही थी। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन और उसके बाद लगातार अच्छे नतीजों के साथ, निहाल अब 2700 क्लब में अपने साथियों के साथ शामिल हो गया है! निहाल और उनके असंख्य प्रशंसकों के लिए यह एक अद्भुत क्षण है। निहाल के पहले विश्वनाथन आनंद, कृष्णन ससिकिरन, पेंटाला हरीकृष्णा, विदित गुजराती, डी गुकेश, अर्जुन एरिगासी, आर प्रज्ञानन्दा यह कारनामा कर चुके है।

आईसीसी ने विश्वकप के लिए सचिन को बनाया ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को विश्व कप के लिए ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सचिन अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच गुरुवार को होने वाले उद्घाटन मैच से पहले विश्व कप ट्रॉफी के साथ मैदान पर आएंगे और टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा करेंगे। तेंदुलकर ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि विश्व कप के आयोजन से युवा लड़कों और लड़कियों का इस खेले के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। इससे उन्हें ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा, इतनी सारी विशेष टीमें और खिलाड़ी यहां भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में कड़ी प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, मैं इस शानदार टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एशियाई खेल बैडमिंटनः पीवी सिंधु और एचएस प्रणय क्वार्टर फाइनल में

हांगझू। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने बुधवार को एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मौजूदा रजत पदक विजेता पी वी सिंधु ने महिला एकल वर्ग के अंतिम 16 मुकाबले में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वदार्नी को 21-16, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, यह मैच 55 मिनट तक चला। वहीं, एचएस प्रणय ने भी कजाख शटलर दिमित्री पनारिन को केवल 29 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इससे पहले सिंधु, जो इस सीजन में बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसक गई हैं, ने दुनिया की 21वें नंबर की चीनी ताइपे शटलर सू वेन ची 32वें राउंड के मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। यह मैच 42 मिनट तक चला था। दुनिया के सातवें नंबर के भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगोलिया के दुनिया के 311वें नंबर के खिलाड़ी बटदावा मुंखबत को केवल 25 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी।

भारत ने महिला 4 गुणा 400 रिले रेस में जीता सिल्वर

हांगझोऊ। एशियाई खेलों में बुधवार को महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में भारत की विथ्या, ऐश्वर्या, प्राची और सुभा की टीम ने रजत पदक जीता। उन्होंने 2018 के अपने गेम्स रिकॉर्ड को भी बेहतर किया, जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम का नया रिकॉर्ड 3:27.85 है। भारतीय खिलाड़ी बहरीन की चौकड़ी मुना साद एस, ओलुवाकेमी मुजिदत, जेनब मौसा अली और सलवा ईद नासेर के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने 3:27:65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

एकदिवसीय विश्वकप : आज इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच मैच

एजेंसी। अहमदाबाद

भारत की मेजबानी में शुरू हो रहे आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप 2023 का पहला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच आज नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए सभी टिकट पहले ही बिक गये थे। ऐसे में स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहेगा। इस मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। इस मैच में जहां इंग्लैंड टीम एक बार फिर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। वहीं कीवी टीम पिछले विश्वकप की हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी। स्टार खिलाड़ियों से भरी इंग्लैंड की टीम जहां इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वहीं न्यूजीलैंड ने अभ्यास मैचों में शानदार प्रदर्शन से दिखाया है कि वह कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है।

इंग्लैंड की टीम जोस बटलर की कप्तानी में विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। टी20 विश्व कप भी इंग्लैंड ने ही जीता था। दूसरी ओर अभी तक आईसीसी विश्व कप नहीं जीत सकी न्यूजीलैंड टीम के सामने कई समस्यायें हैं। कप्तान केन विलियमसन अभ्यास मैच खेलने के बावजूद फिट नहीं हुए हैं, ऐसे में टीम को उनके बिना ही

उतरना होगा। टॉम लाथम को विलियमसन के नहीं होने के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं तेज गेंदबाज टिम साउदी भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। विलियमसन ओर साउदी सर्जरी के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इन दोनो अहम खिलाड़ियों के बिना कीवी टीम कमजोर नजर आती है। विलियमसन जहां प्रमुख बल्लेबाज हैं। वहीं साउदी अनुभवी गेंदबाज है। दूसरी ओर इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स जैसे ऑलराउंडर हैं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण मैच विजेता माने जाते हैं। अहमदाबाद की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों की सहायक मानी जाती है ओर ऐसे में इंग्लैंड के पास बड़ा स्कोर बनाने का अच्छा अवसर है क्योंकि उसके पास जो रूट , लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक सहित कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। स्टोक्स घुटने की दिक्कत के कारण गेंदबाज शायद ही करें पर बल्लेबाजी में वह कभी भी बाजी पलट देते हैं।पिछले दो विश्व कप फाइनल (2019 और 2022) में उन्होंने ये साबित किया था।

उनके अलावा इंग्लैंड के कप्तान लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, डेविड मलान और जो रूट जैसे बल्लेबाज भी हैं। उसके कई खिलाड़ियों ने आईपीएल में खेला है जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। इसके अलावा मोईन अली, क्रिस वोक्स और सैम कुरेन के रूप में उनके पास काफी अच्छे ऑलाराउंडर हैं। गेंदबाजी में मार्क वुड के पास तेजी और आईपीएल का अनुभव है। स्पिन की जिम्मेदारी रशीद के पास रहेगी। इंग्लैंड को 2019 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह रिजर्व के रूप में टीम में हैं। दूसरी ओर विलियमसन और साउदी के अनुभव की न्यूजीलैंड को कमी खलेगी पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके हौसले बुलंद होंगे। न्यूजीलैंड टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), जो रूट, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम कुरेन, डेविड विली, आदिल रशीद, मार्क वुड, रीसे टॉपली, गुस एटकिंसन।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कोंवे, विल यंग, केन विलियमसन (पहले मैच में उपलब्ध नहीं), मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी।

हॉकी में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में पहुंचे

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को एशियाई खेल 2023 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हरा दिया है। भारत ने आज जीत की लय बरकरार रखते हुए आक्रमक अंदाज में पहले क्वार्टर में 3-0 गोल किए। मजबूत डिफेंस के साथ भारत ने कोरिया को गोल करने करने मौके नहीं दिया। खेल शुरू होने के 5 मिनट बाद हार्दिक सिंह ने फील्ड गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। इसके बाद मनदीप सिंह ने 11वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी समय में ललित उपाध्याय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया।दूसरे क्वार्टर में भारत को गोल के ज्यादा मौके नहीं मिले। भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहदास ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया। इस क्वार्टर में कोरिया ने दो गोल दागे। दोनों गोल मंजे जंग ने किए, जिसमें पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दूसरा गोल था। पहले हाफ की समाप्ति तक मैच में भारत ने 4-2 से अपनी बढ़त को बनाए रखा। भारत की ओर से हार्दिक सिंह (5वें मिनट), मनदीप सिंह (11वें मिनट), ललित उपाध्याय (15वें मिनट), अमित रोहतास (24वें मिनट) और अभिषेक (54वें मिनट) ने गोल किए। वहीं, कोरिया की तरफ से मंजे जंग ने 17वें , 20वें ,42वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में दक्षिण कोरिया ने भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया। भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस दिखाया और गोल के कई मौके बनाए। लेकिन इस क्वार्टर में भारत ने एक भी गोल नहीं दागा। कोरिया ने 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मंजे ने कोरिया के लिए तीसरा गोल दागकर स्कोर 4-3 कर दिया। खेल में दक्षिण कोरिया ने चौथे क्वार्टर में अटैक करना जारी रखा। वहीं, भारत ने गोल करने की लगातार कोशिश की और 54वें मिनट में अभिषेक ने भारत के लिए गोलकर स्कोर 5-3 कर दिया। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल में जीत हासिल की।

एशियाई गेम्स : अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

एजेंसी। हांगझोउ

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को खेले गए तीसरे पुरुष क्रिकेट क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान ने नूर अली के अर्धशतक और गुलबदीन नईब और क्वैस अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को 8 रन से हराया दिया है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत ठीक नहीं रही और दूसरे ही ओवर में थुषारा ने सेदिकुल्लाह अटल को एक रन के स्कोर पर वापस पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए नूर अली ने ओपनर मोहम्द शहजाद के साथ संभालकर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में समराकून ने मोहम्मद शहजाद 20रन को अराछिगे के हाथों कैच आउट कर दिया। उसके बाद शाहीदुल्लाह 23 ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को सौ रन के पार पहुंचा। उन्हें वियसकांत ने फर्नांडो के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान गुलबदीन नईब ने 7 रन का योगदान दिया।

मुक्केबाज परवीन हुडा ने महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जीता कांस्य

हांगझू। भारतीय मुक्केबाज परवीन हुडा ने बुधवार को हार के बाद महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक के साथ अपने एशियाई खेलों के अभियान का समापन किया। महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल मैच में उन्हें दो बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की लिन यू टिंग से 0-5 से हार झेलनी पड़ी और उनका सफर यहीं खत्म हो गया। बता दें कि पहले सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन अब निकहत जरीन, प्रीति और नरेंद्र के बाद एशियाई खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली चौथी भारतीय मुक्केबाज बन गई हैं। वहीं, एशियाई खेलों में भारत ने अब तक 73 पदक हासिल कर लिया है, इनमें 16 स्वर्ण, 26 रजत और 31 कांस्य पदक शामिल है।

विश्वकप में खिलाड़ियों पर दबाव को हावी नहीं होने देंगे : रोहित शर्मा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उनकी टीम विश्वकप में पूरे उत्साह से उतरेगी। रोहित ने कहा कि पिछले एक दशक में कोई आईसीसी खिताब नहीं जीतने के कारण टीम पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं है। भारतीय टीम को अपनी धरती पर होने वाले इस विश्वकप में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हालांकि पिछले एक दशक से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है जिससे माना जा रहा है कि उसपर दबाव होगा पर रोहित ने ऐसी किसी भी संभावना से इंकार किया है। रोहित ने कहा कि वह खिलाड़ियों पर किसी भी प्रकार के दबाव को हावी होने नहीं देंगे।

भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। उसके बाद से ही टीम कोई

खिताब नहीं जीत पायी है। भारतीय टीम साल 2017 में भी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची पर तब उसे पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम इंडिया दो बार पहुंची थी पर वहां भी उससे विफलता मिली। रोहित ने कहा, यह सही है कि हम 2013 से कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीते हैं लेकिन मैं एक व्यक्ति के रूप में इस बारे में ज्यादा विचार कर बिना बात के दबाव में नहीं आता। इंग्लैंड टीम ने भी अभी-अभी जीतना शुरू किया है, कई सालों के बाद उन्होंने विश्वकप जीता है। ऐसा होता है। ऑस्ट्रेलिया ऐसी एकमात्र टीम है जिसने लगातार जीत हासिल की है। साल 2007 के बाद उन्होंने 2015 में भी एकदिवसीय वर्ल्डकप जीता, दुबई में उन्होंने टी20 वर्ल्डकप भी जीता।

रोहित ने साथ ही कहा, ऐसे में विश्वकप कौन जीतेगा,मेरे पास इसका जवाब नहीं है। मैं केवल यह जानता हूं कि हमारी टीम अच्छी स्थिति में है और हर कोई फिट है, इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकता। वैसे यदि प्रशंसकों की उम्मीदें बहुत ऊंची न हों तो मुझे खुशी होगी। लोग जैसी उम्मीद लगाए हैं, हम उस पर नियंत्रण नहीं कर सकते। हम जहां भी जाते हैं, वे कहते हैं विश्वकप जीतना है। यह सिलसिला सब जगह होता है और ये रुकने वाला नहीं है।

एशियाई खेल 2023 : कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में

ज्योति-ओजस ने भारत को दिलाया ऐतिहासिक स्वर्ण

एजेंसी। हांगझू

भारत ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपना सबसे बड़ा पदक हासिल किया, जब ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवतले ने चीन के हांगझू में कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह इन एशियाई खेलों में भारत का 71वां पदक है, जो किसी एक संस्करण में भारतीय दल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। जकार्ता और पालेमबांग में 2018 एशियाई खेलों में भारत ने 70 पदक जीते थे। ओजस और ज्योति ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया को 159-158 से हराया और स्वर्ण पदक अपने नाम करते हुए भारत के लिए ऐतिहासिक 71वां पदक हासिल किया। इससे पहले भारतीय तीरंदाज ज्योति-प्रवीण ने कजाकिस्तान के एडेल जेक्सेनबिनोवा और एंड्रे ट्युटुन्टो को 159-155 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, उन्होंने इससे पहले मलेशियाई टीम को 158 - 155 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। बता दें कि आज सुबह 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में राम बाबू और मंजू रानी के कांस्य पदक ने भारत को 70 पदकों के रिकॉर्ड तक पहुंचाया और फिर तीरंदाजी पदक ने इतिहास रच दिया। कंपाउंड तीरंदाजी के साथ, भारत ने एक ही संस्करण में अपने सर्वाधिक 16 स्वर्ण पदकों की बराबरी भी कर ली है।

अनाहत, अभय ने मिश्रित युगल में जीता कांस्य पदक

भारत के अनाहत सिंह और अभय सिंह को बुधवार को चल रहे एशियाई खेलों में स्क्वैश के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अनाहत और अभय अपना सेमीफाइनल मैच मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक से 1-2 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने रोमांचक मैच खेला और खेल तीसरे सेट तक चला गया। अनाहत-अभय की शुरूआत अच्छी रही और उन्होंने पहला गेम 11-8 के करीबी अंतर से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने अपनी लय खो दी और 2-11 से हार गई। निर्णायक गेम में भारत ने वापसी की और 9-6 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली, लेकिन मलेशियाई टीम ने 11-9 की मामूली जीत के साथ खेल समाप्त किया। इससे पहले, दीपिका पल्लीकल और हरिंदर सिंह की भारतीय स्क्वैश जोड़ी बुधवार को मिश्रित युगल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गई। अपने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, उन्होंने ली का यी और वोंग ची हिम की हांगकांग जोड़ी को 2-1 से हराया।

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने थाईलैंड को 63-26 से हराया

एजेंसी। हांगझू

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेल 2023 में ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में बुधवार को थाईलैंड को 63-26 से हरा दिया। 37 अंकों के अंतर ने पवन सहरावत के नेतृत्व वाली भारतीय टीम को कबड्डी ग्रुप ए अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार रखा। चीनी ताइपे ने भी दो में से दो जीत हासिल की हैं लेकिन भारत के 74 की तुलना में उसके अंकों में 37 का अंतर है। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने शुरूआती मिनटों में तेज रेड से भारतीय कबड्डी टीम को तेज शुरूआत देने में मदद की। भारत ने थाईलैंड को ऑल-आउट करने में कोई समय नहीं लिया और शुरूआती पांच मिनट में 11-2 की बढ़त बना ली। थाईलैंड के प्रमोट सेसिंग ने सुपर रेड के साथ जवाब देते हुए स्कोर 15-5 कर दिया। फिर भी, भारत ने जल्द ही अपने स्टार रेडर नवीन कुमार और बाद में परवेश भैंसवाल और सुनील कुमार को फिर से कार्यभार संभालने के लिए पुनर्जीवित किया। भारत ने पहले हाफ में थाई कबड्डी टीम को तीन ऑलआउट किया और दूसरे हाफ में धीमा होने से पहले 37-9 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारत के असलम इनामदार, आकाश शिंदे और नितिन रावल सबसे आगे आये।

आईसीसी विश्व कप | पिछले तीन संस्करणों से मेजबानों का रहा है प्रभुत्व

टीम इंडिया परंपरा को जारी रखने की ताक में

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों का इतिहास देखा जाए तो मेजबानों का वर्चस्व रहा है और इसकी शुरूआत 2011 में भारत से हुई है। 2011 से पहले मेजबान देशों का उतना अच्छा इतिहास नहीं रहा है, केवल श्रीलंका ने भारत और पाकिस्तान के साथ सह मेजबानी में खिताब जीता था, वो भी श्रीलंकाई टीम ने फाइनल मुकाबला लाहौर में खेला था।

हालांकि वर्ष 2011 से भारत ने पूरी तरह से परिपाटी बदल दी और फिर उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने भी भारत का अनुसरण करते हुए अपनी मेजबानी में विश्व कप का खिताब जीता। महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने अपनी मेजबानी में खिताब जीतने की परिपाटी की शुरूआत की। भारतीय टीम ने 28 साल बाद भारत के लिए दूसरा विश्व कप खिताब जीता। 2 अप्रैल 2011 महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के लिए यादगार साबित हुआ, क्योंकि वह अंततः

विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे। उन्होंने फाइनल में केवल 18 रन बनाए, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने प्लेयर-ऑफ-द-मैच के साथ भारत को जीत दिलाई थी। युवराज सिंह ने भी 362 रन और 15 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द टूनामेंट जीता, जबकि वह कैंसर से पीड़ित थे। फाइनल में कप्तान धोनी खुद युवराज सिंह से ऊपर नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए, इस बदलाव का फायदा उन्हें मिला और उन्होंने 79 गेंदों में 91 रन बनाकर भारत को दूसरी बार खिताब दिलाया और देश को खुशी से भर दिया। इसके बाद वर्ष 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी मेजबानी में पांचवीं बार खिताब जीतकर भारत द्वारा बनाई गई परंपरा को आगे बढ़ाया, ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप की शुरूआत सकारात्मक रही जब उन्होंने एमसीजी में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 111 रन से हराया। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ हार से टीम का उत्साह कम हो गया, इससे पहले कि न्यूजीलैंड ने ईडन पार्क में कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में सिर्फ एक विकेट से जीत हासिल की।

हालांकि इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की और माइकल क्लार्क की टीम ने मेलबर्न में फाइनल में न्यूजीलैंड की टीम को पहले 183 रन पर ऑलआउट किया और फिर ऑस्ट्रेलिया ने 101 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के नक्शेकदम पर चलते हुए 2019 में इंग्लैंड ने भी अपनी मेजबानी में पहला विश्व कप खिताब जीता। वर्ष 2019 से पहले इंग्लैंड ने पहले कभी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप नहीं जीता था, लेकिन कप्तान इयोन मोर्गन घरेलू धरती पर विश्व कप जीत कर नया इतिहास लिख दिया।

लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया फाइनल मैच रोमांच से भरपूर था, सुपर ओवर के साथ रोमांच के चरम पर पहुंचने से पहले मैच में किसी भी अच्छे एकदिवसीय मुकाबले की तरह उतार-चढ़ाव आया और अंत में इंग्लैंड ने मैच और खिताब जिस तरह से जीता, उसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। इस बार विश्व कप फिर से भारत की मेजबानी में खेला जा रहा है और भारतीय टीम अपनी ही बनाई गई परंपरा को आगे बढ़ाने की ताक में है, अब देखना ये है कि कप्तान रोहित शर्मा क्या भारत को तीसरा एकदिनी विश्व कप खिताब दिलाकर उस परंपरा को आगे बढ़ाते हैं।

गागर में सागर

राष्ट्रीय निवेश ने शुरू किया 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान कोष

नई दिल्ली। राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष ने 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान कोष शुरू करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ भागीदारी की है। इस कोष में जेबीआईसी और भारत सरकार एंकर निवेशक रहेंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि यह कोष पर्यावरण स्थिरता और कम कॉर्बन उत्सर्जन की रणनीतियों में निवेश पर केंद्रित होगा। इसके अलावा यह भारत में जापान के निवेश को और बढ़ाने के लिए ह्यह्यपसंद के भागीदार' की भूमिका भी निभाएगा। यह एनआईआईएफ का पहला द्विपक्षीय कोष है। इसमें भारत सरकार 49 प्रतिशत और जेबीआईसी 51 प्रतिशत का योगदान देंगे। कोष का प्रबंधन एनआईआईएफ लिमिटेड (एनआईआईएफएल) और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की अनुषंगी कंपनी) द्वारा किया जाएगा। यह भारत में जापान के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एनआईआईएफएल को समर्थन देगा।

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 400 अंक टूटा



नई दिल्ली। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ने और धारणा प्रभावित होने के बीच ताजा आर्थिक आंकड़ों के बीच भारतीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख रहा। एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों में बिकवाली देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 436 अंक या 0.67% की गिरावट के साथ 65,075 पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी सुबह 9.21 बजे 130 अंकों यानी 0.67% की कमजोरी के साथ 19,398 पर कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स के शेयरों में से मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक गिरावट के साथ खुले, जबकि केवल नेस्ले इंडिया और एचयूएल बढ़त के साथ खुले। टीवीएस मोटर, मारुति सुजुकी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 1.22 प्रतिशत की गिरावट आई।

एयर इंडिया 23 अक्टूबर से कोलकाता-बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी



नई दिल्ली। एयर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 23 अक्टूबर से कोलकाता और बैंकॉक के बीच एक नई नॉन-स्टॉप सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, एआई322 कोलकाता से रात 10 बजे उड़ान भरेगा, जबकि एआई321 बैंकॉक से दोपहर 3.05 बजे वापसी उड़ान भरेगा। एयरबस परिवार के विमान से संचालित होने वाली यह उड़ान इकोनॉमी और बिजनेस क्लास की दो-श्रेणी की होगी और छह दिन चलेगी, सोमवार से शनिवार तक। प्रवक्ता ने कहा, इस नई सुविधा से दोनों शहरों में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, बैंकॉक के यात्रियों को एयर इंडिया के नेटवर्क पर थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया के 10 लोकप्रिय गंतव्यों तक कनेक्टिंग फ्लाइट लेने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

हिंदुस्तान जिंक और ग्रीनलाइन ने ग्रीन लॉजिस्टिक्स के लिए किया समझौता

मुंबई/उदयपुर। टिकाऊपन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिंदुस्तान जिंक ने ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड (ग्रीनलाइन) के साथ हाथ मिलाया है। ग्रीनलाइन एस्सार ग्रुप का एक हिस्सा है और यह ग्रीन मोबिलिटी समाधानों में अग्रणी है। अपने टिकाऊ लॉजिस्टिक्स भागीदार के रूप में यह परिवहन संचालन में ग्रीनलाइन के एलएनजी-संचालित बेड़े को तैनात करने के लिए तैयार है। एलएनजी से चलने वाले वाहन डीजल की तुलना में काफी कम उत्सर्जन करते हैं और दोनों कंपनियों के टिकाऊ लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। यह पहल न केवल परिवहन से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगी बल्कि ग्रीन लॉजिस्टिक्स के लिए नए उद्योग मानक भी स्थापित करेगी।

यूएस समेत पूरी दुनिया में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बाजारों में दहशत

वाशिंगटन। यूएस समेत पूरी दुनिया में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बाजारों में दहशत बनी हुई है। एशियाई बाजारों में 2 फीसदी से अधिक की कमजोरी देखने को मिल रही है। वहीं अमेरिकी बाजार भी कल गिरावट के साथ बंद हुए। उद्दह फ्यूचर्स में भी दबाव देखने को मिल रहा है। बॉन्ड यील्ड में तेजी ने बाजार पर दबाव बनाया है। 16 सालों की ऊंचाई पर वर की 10 सालों की यील्ड कायम है। जापान की बेंचमार्क बॉन्ड यील्ड 10 सालों की ऊंचाई पर पहुंची। आज एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। गिफ्ट निफ्टी में 0.16 फीसदी की गिरावट दिख रही है। वहीं, निक्केई करीब 2.28 फीसदी की गिरावट के साथ 30,526.88 के आसपास दिख रहा है। वहीं, स्ट्रेट टाइम्स में 1.60 फीसदी की गिरावट के साथ 3,141.01 पर कारोबार कर रहा है। ताइवान का बाजार 1.11 फीसदी गिरकर 16,273.38 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

बैंक में चेक कर लें, कहीं आपके नाम से कोई क्रेडिट कार्ड तो नहीं

फ्रॉड करने वाले किसी अन्य के बैंक खाते से क्रेडिट /डेबिट कार्ड बनवा लगा रहे चूना

आरएनएम। नई दिल्ली

फ्रॉड करने वालों की इतनी चांदी हो गई है कि अब वे किसी अन्य के बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड बनवा कर उसको लाखों रुपये चूना लगाने लगे हैं। इसलिए आप भी बैंक जाकर चेक करा लें कि कहीं आपके नाम पर भी किसी ने क्रेडिट कार्ड तो नहीं ले लिया है। मालूम हो कि क्रेडिट कार्ड एक ऐसा कार्ड होता है जिसके मार्फत आप लाखों रुपये एडवांस में ले सकते हैं। जिसके आधार पर बैंक आपको लोन देते हैं और फिर धीरे-धीरे आपके अकाउंट से पैसे काटते जाते हैं। क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कई लोग करते हैं, लेकिन कई लोग इससे बचने की कोशिश करते हैं। फिर भी उनके फोन पर क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए फोन आते रहते हैं। यदि आपके पास भी इस तरह के फोन आते हैं तो एक बार अपने बैंक में फोन करके ये चेक जरूर कर लीजिए कि आपके नाम से कहीं कोई क्रेडिट तो नहीं बना हुआ या फिर जो क्रेडिट कार्ड आप इस्तेमाल कर रहे हैं उसके अलावा भी कोई और कार्ड बैंक ने आपके नाम से जारी तो नहीं किया है। क्योंकि इन दिनों क्रेडिट व डेबिट कार्ड के मार्फत धोखाधड़ी होने लगी है। यह करने वाले देश भर में तमाम गैंग सक्रिय हैं। हाल ही में पता चला है कि ऐसे गैंग वाले 200 से ज्यादा लोगों को करोड़ों रुपये चूना लगा चुके हैं। ये ऐसे लोग हैं जिन्हें पता ही नहीं था कि इनके नाम से किसी ने क्रेडिट कार्ड जारी करवा रखा है। इनके नाम पर बैंक में क्रेडिट कार्ड बना हुआ था, लेकिन इन्हें पता ही नहीं था और वो इसलिए क्योंकि ये काम किया था एक बहुत बड़े रैकेट के लोगों ने। सतर्क नहीं रहे तो आप भी ऐसे गैंग का शिकार बन सकते हैं। ऐसे फजीर्वाड़े की शुरूआत उन फोन कॉल्स से होती है जो हमारे पास क्रेडिट और डेबिट कार्ड बनवाने के लिए आते हैं। बैंक के एक्जीक्यूटिव बनकर इस गैंग के लोग फोन करते हैं और क्रेडिट कार्ड बनवाने की बात करते हैं। ये क्रेडिट कार्ड पर काफी लुभावने ऑफर देते हैं। इसी बहाने ये लोगों से उनका एड्रेस और उनकी डिटेल ले लेते हैं। उसके बाद इस गैंग की महिला कर्मचारी उस बैंक में फोन करती हैं , जहां आपका बैंक अकाउंट है। ये उस बैंक में खुद को ग्राहक के परिवार से या फिर ऑफिस से बताती हैं और क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करती हैं। बैंक सारी डिटेल्स मांगते हैं जो इनके पास पहले से ही होती हैं। जब बैंक को सारी डिटेल्स मिल जाती हैं तो कार्ड इश्यू कर दिया जाता है, लेकिन ये कार्ड पहुंचता है इस गैंग के पता पर। क्योंकि ये बैंक को अपना पता बताते हैं। उसके बाद ये कस्टमर से बात करना बंद कर देते हैं। लोगों का लगता है कि बैंक से कार्ड नहीं मिला होगा, लेकिन असल में कार्ड तो जारी हो चुका होता है। इस गैंग के लोग उस कार्ड का इस्तेमाल खुद करते हैं। इस कार्ड के आधार पर ये लोग बैंक से लाखों रुपये एडवांस ले लेते हैं और ग्राहक को पता ही नहीं चलता। जब कई महीने बाद पैसा कटना शुरू होता है तो पता चलता है कि वो तो क्रेडिट कार्ड के नाम पर उधार लिया गया था। ऐसे गैंग दिल्ली, मुंबई सहित कई राज्यों की राजधानियों व जिला मुख्यालयों में सक्रिय हैं।

जल्द 100 डॉलर पहुंचेगा कच्चा तेल

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के प्रमुख तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक (डढएउ) के प्रमुख ने एक चेतावनी दी है। ओपेक के महासचिव हैथम अल घैस ने बताया कि ऑयल इंडस्ट्री में इन्वेस्टमेंट की कमी आ रही है, जो ग्लोबल एनर्जी सिक्योरिटी के लिए एक खतरा है। इससे कच्चे तेल की कीमतें जल्द ही 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अबू धाबी में एडीपीईसी एनर्जी समिट में घैस ने कहा कि अब से 2045 के बीच ऑयल इंडस्ट्री में कम से कम 12 ट्रिलियन डॉलर का कुल निवेश आवश्यक है ताकि ऊर्जा की कीमतों में उछाल को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑयल सेक्टर में कम निवेश खतरनाक है। उन्होंने कहा, 'कम निवेश करके हम वास्तव में ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मुझे लगता है कि मांग बढ़ने के साथ कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ने की गंभीर संभावनाएं हैं। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड ऑयल जून के मध्य के निचले स्तर से 29% बढ़ गया है। यह पिछले नवंबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर के करीब कारोबार करता दिख रहा है। बुधवार को यह 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर ट्रेड करता दिखा। मुख्य रूप से सऊदी अरब और रूस द्वारा उत्पादन में कटौती को बढ़ाने के चलते दाम ऊपर जा रहे हैं। जब घैस से पूछा गया कि क्या कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगी। तो उन्होंने कहा, 'ओपेक कीमतों का पूवार्नुमान नहीं करता है, लेकिन इस संख्या को जन्म दे सकने वाले कारक कुछ समय से मौजूद हैं(और बने हुए हैं।

हिंडनबर्ग ने भी नहीं हिला पाया भरोसा

अडानी की फ्लैगशिप कंपनी में अबू धाबी की आईएचसी ने बढ़ाया निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

पहले हिंडनबर्ग और फिर ओसीसीआरपी ने अडानी की कंपनियों को लेकर निगेटिव रिपोर्ट जारी की। अडानी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाए। अडानी की कंपनियों के शेयरों पर ओवरप्राइसिंग से लेकर खाते में गड़बड़ी के आरोप लगे। इन आरोपों ने भले ही अडानी के शेयरों को नुकसान हुआ लेकिन ये आरोप अडानी के निवेशकों का भरोसा नहीं हिला पाया। मुश्किल दौर में भी अडानी की कंपनियों में जीक्यूजी जैसी कंपनियों ने निवेश किया, तो अब वहीं अबूधाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी ने अडानी समूह की फ्लैगशिप कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई है। आईएचसी ने अडानी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 5 फीसदी से अधिक कर ली है। आईएचसी ने अडानी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश बढ़ा दिया है। कंपनी ने अपनी सब्सिडयरी कंपनी ग्रीन एंटरप्राइजेज इंनेस्टेमेंट होल्डिंग आरएससी लिमिटेड के माध्यम से अडानी की फ्लैगशिप कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। कंपनी के पास पहले से ही अडानी एंटरप्राइजेज की 3.53 फीसदी हिस्सेदारी थी, जिसे बढ़ाकर 5 फीसदी से अधिक कर लिया है। खासबात ये भी है कि कंपनी ने हाल ही में अडानी की दो कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेची थी। आईएचसी ने अप्रैल 2022 में अडानी ग्रीन एनर्जी और पावर कंपनी में 50-50 करोड़ रुपए का निवेश किया था।

आईएल एंड एफएस ने सितंबर तक 35,600 करोड़ रुपए लौटाए

मुंबई। आईएल एंड एफएस समूह ने अपने 99,000 करोड़ रुपए के कुल कर्ज में से करीब 35,600 करोड़ रुपए का निपटारा कर दिया है। समूह ने बयान में कहा कि उसने 14 कंपनियों में अंतरिम वितरण के जरिए लगभग 10,000 करोड़ रुपए का पुनर्भुगतान किया है। आईएल एंड एफएस समूह के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने कहा कि समूह ने अपने 99,000 करोड़ रुपए के कुल कर्ज में से सितंबर तक 35,650 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है।

कर्ज का भुगतान संपत्ति मुद्रीकरण यानी उसे बाजार पर चढ़ाकर, बैंकों के स्वतः पैसा लिए जाने और समूह की कंपनियों में अंतरिम वितरण के जरिए किया गया।" उन्होंने कहा, हम अंतरिम वितरण ढांचे के तहत 10,000 करोड़ रुपए का भुगतान कर खुश हैं। इसका प्रस्ताव नए निदेशक मंडल ने किया था और पिछले साल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने इसकी मंजूरी दी थी।

विदेश

कनाडा में बढ़ती महंगाई को लेकर घिरे जस्टिन ट्रूडो, विपक्ष ने लगाई क्लास

एजेंसी। कनाडा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाकर अब अपने देश में घिरते नजर आ रहे हैं। इस बार मामला कनाडा में बढ़ती महंगाई से जुड़ा है जिस कारण लोग परेशान हैं। इसका असर विदेशों से आए प्रवासियों खास कर भारत से आए छात्रों पर पड़ रहा है। निज्जर मामले में भारत कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को भी निष्काषित कर दिया है। यही नहीं, कुछ व्यापार सौदे जो होने थे, उन्हें भी फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। बिगड़े हालात कारण कनाडा में महंगाई अपने चरम पर जा पहुंची है। कनाडा-भारत के बीच साल 2023 में कारोबार 8 बिलियन डॉलर यानी 67 हजार करोड़ रुपए का था। ऐसे में अगर तनाव बढ़ता चला गया तो इससे इकोनॉमी को करीब 67000 करोड़ का नुकसान होने की संभावना है। इकोनॉमी वॉर के बाद अब आम पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। कनाडा-भारत विवाद के चलते आम आदमी के किचन का बजट बिगड़ने की संभावना है. वहीं, देश में महंगाई कम होने की बजाए बढ़ सकती है। इस मुद्दे पर कनाडा में हाउस ऑफ कॉमन्स में नेता विपक्ष पीयर पॉलिएवर ने ढट जस्टिन टूडे को आड़े हाथों लिया है। पीयर पॉलिएवर ने महंगाई से लेकर बढ़ते अपराध तक के मुद्दों पर टूडो सरकार को लताड़ते हुए नाकाम करार दिया है। जब उनसे पूछा गया कि भारत ने दर्जनों कनाडाई राजनयिकों को निकालने की बात की है तो उन्होंने कहा कि इस बात से वह चिंतित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश महंगाई और अपराध जैसे मुद्दों से जूझ रहा है और टूडो अपनी नाकामियां छुपाने के लिए देश का ध्यान भटकाने के लिए निज्जर जैसे मामलों को हवा दे रहे हैं। टूडो के आरोप के बाद भारत ने भी सख्त तेवर दिखाते कनाडा को अल्टीमेटम दे दया कि वह अपने 41 डिप्लोमैट्स को 10 अक्टूबर तक अपने देश वापस बुला ले। लेकिन अब कनाडा के पीएम के तेवर नरम होते दिख रहे हैं। कनाडा सरकार का कहना है कि वह भारत से साथ तल्खी को बढ़ाना नहीं चाहता है। वह भारत के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखेंगे। अब अपने ही देश में जस्टिन टूडो के लिए विपक्ष के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो गया है।

नेपाल में विवादित पोस्ट के बाद 2 समुदाय के बीच हिंसक झड़पें

अनिश्चितकालीन लगा कर्फ्यू, सुरक्षा हुई सख्त

एजेंसी। काठमांडू

हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच तेजी से बढ़ते तनाव के मद्देनजर दक्षिण पश्चिम नेपाल के एक शहर में विगत मंगलवार को कर्फ्यू लगाए जाने और सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद बीती रात शांति बनी रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपालगंज में सप्ताहांत के दौरान तनाव की शुरूआत तब हुई जब एक हिंदू समुदाय के लड़के ने सोशल मीडिया पर मुस्लिम समुदाय को लेकर सामग्री साझा की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने क्षेत्र के मुख्य सरकारी प्रशासक के कार्यालय भवन के अंदर इसका विरोध करते हुए सड़कों पर टायर जलाए और यातायात अवरुद्ध किया। वहीं, क्षेत्र में मंगलवार को दूसरे समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने एक विशाल रैली का आयोजन किया जिस पर पत्थर और बोतलें फेंकी गई। इस घटना में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए। हिंदू प्रदर्शनकारियों पर हमले के बाद काठमांडू से 400 किलोमीटर पश्चिम में स्थित नेपालगंज में विगत मंगलवार दोपहर से ही अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। इलाके के पुलिस प्रमुख संतोष राठौड़ ने बताया कि कर्फ्यू के दौरान अधिकारी शहर में गश्त लगा रहे हैं। लोगों को घर से बाहर निकलने तथा समूह में एकत्रित होने की अनुमति नहीं है। रात के दौरान और बुधवार सुबह किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच और झड़प न होने देने के लिए उन्हें घर पर रहने का आदेश लागू करने और लोगों को एक साथ इकट्ठा होने से रोकने की जरूरत है। नेपाल एक हिंदू बहुसंख्यक देश है जो कि कुछ साल पहले ही धर्मनिरपेक्ष बना है। देश में सांप्रदायिक हिंसा आम बात नहीं है। नेपालगंज की आबादी में लगभग एक तिहाई हिस्सा मुस्लिम हैं।

पेज एक के शेष

ईडी को सीएम के ...

हाईकोर्ट का जो भी फैसला होगा वह उसके अनुरूप ही काम करेंगे।

डिफेक्ट कर लिया गया दूर, जल्द होगी सुनवाई : हेमंत सोरेन के अधिवक्ता के द्वारा ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को बताया गया है कि उनके मुवक्किल हेमंत सोरेन के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पीटिशन 787/23 दर्ज किया गया है। इस याचिका के डिफेक्ट को दूर कर लिए जाने की जानकारी भी अधिवक्ता ने दी है। साथ ही एजेंसी को इससे जुड़ा नोटिस भी भेजा जा चुका है। अधिवक्ता ने ईडी को जानकारी दी है कि जल्द ही इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई भी हो सकती है। चूंकि एजेंसी के समन को ही याचिका के जरिए चुनौती दी गई है, याचिका न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में अभी इस मामले में कोई आगे की कार्रवाई नहीं की जाए।

सभी पांच समन पर सीएम रहे अनुपस्थित : रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने पहली बार सात अगस्त को समन भेज कर 14 अगस्त को बुलाया था। लेकिन तब पूरी कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए सीएम ने ईडी को पत्र भेजा था। इसके बाद ईडी ने 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर व 4 अक्तूबर को उपस्थिति के कुल पांच समन भेजे थे। सीएम ने रिट पीटिशन में ईडी के समन को चुनौती दी है। साथ ही ईडी को पीएमएलए 50 और 63 के तहत मिले अधिकारी को भी चुनौती दी है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के डिविजन बेंच में होगी।

उत्तरी कोयल जलाशय...

जारी रहा और उस वर्ष बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा रोक दिया गया। बांध में जमा पानी से बेतला नेशनल पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व को खतरा होने की आशंका के कारण बांध का काम रुका हुआ था। काम रुकने के बाद यह परियोजना 71,720 हेक्टेयर में वार्षिक सिंचाई प्रदान कर रही थी। नवंबर 2000 में बिहार के विभाजन के बाद, बांध और बैराज का मुख्य कार्य झारखंड में हैं। इसके अलावा मोहम्मदगंज बैराज से पूरी 11. 89 किमी बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) झारखंड में है। हालांकि, दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) के 110. 44 किमी में से पहला 31.40 किमी झारखंड में है और शेष 79. 04 किमी बिहार में है। वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने परिकल्पित लाभों को प्राप्त करने के लिए परियोजना को संचालित करने के लिए उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए जलाशय के स्तर को कम करने का निर्णय लिया गया। परियोजना के शेष कार्यों को 1622. 27 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय पर पूरा करने के प्रस्ताव को अगस्त 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसके बाद, दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर, कुछ अन्य घटकों को परियोजना में शामिल करना आवश्यक पाया गया। इस प्रकार, गया वितरण प्रणाली के कार्य, आरएमसी और एलएमसी की लाइनिंग, रास्ते में संरचनाओं की रीमॉडलिंग, कुछ नई संरचनाओं का निर्माण और परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के राहत एवं पुनर्वासन (आर एंड आर) के लिए एकबारगी विशेष पैकेज को अद्यतन लागत अनुमान में प्रदान किया जाना था। तदनुसार, परियोजना का संशोधित लागत अनुमान तैयार किया गया था। शेष कार्यों की लागत 2430. 76 करोड़ रुपये में से केंद्र 1836. 41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा।

पलामू के गणके में ...

कहा कि लाह को उद्योग का दर्जा दिया गया है। लाह का सबसे बड़ा रिसर्च सेंटर झारखंड में है। आने वाले दिनों में किसानों को लाह का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान खेतिबारी छोड़कर खेतीहर मजदूर बन रहे हैं। जबकि सरकार से जुड़कर किसान स्वावलम्बी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सात डेयरी प्लांट हैं। जमशेदपुर में जल्द खुलेगा और रांची तथा पाकुड़ में मिल्क पाउडर प्लांट प्रस्तावित है। उन्होंने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि आप एक कदम आगे बढ़ें तो सरकार चार कदम चलने को तैयार है।

मौके पर राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने अपने सम्बोधन में कहा कि पलास, लाह और महुआ पलामू की पहचान थी। यह विलुप्त हो रही है। इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने पशुपालन के साथ साथ चारा उत्पादन पर जोर दिया। कहा कि पशुओं का चारा बाहर से महंगा आता है। चारा महंगा होगा तो किसान को दूध बेचने में कोई फायदा नहीं होगा। स्थानीय स्तर पर चारा उत्पादन हो तो काफी विकास होगा। उन्होंने मिल्क प्लांट में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की बात कही।

राज्य के कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने सम्बोधन में किसानों को दी जा रही सुविधाओं की चर्चा की। कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर तीन रुपए का प्रोत्साहन राशि देगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने इस प्लांट को लटका दिया था। झारखण्ड में 50 हजार लीटर दूध उत्पादन होता था। इसे बढ़ाकर 2.5 लाख लीटर कर दिया। अब राज्य में 5 लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की सोच धरातल पर उतर रही है। समारोह को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी, एमडी सुधीर कुमार सिंह, पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन समेत कई अधिकारी, प्रगतिशील किसान व झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस के बिट्टू पाठक समेत बड़ी संख्या में किसान व सत्ताधारी दलों के नेता उपस्थित थे।

लालू, राबड़ी...

प्रसाद के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी नियुक्तियों से संबंधित है, जिसके बदले में आवेदकों ने राजद सुप्रीमो के परिजनों या सहयोगियों के नाम पर भूमि उपहार में दी थी या हस्तांतरित की थी।

जांच एजेंसी ने 18 मई 2022 को लालू, उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों व निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने पिछले साल अक्टूबर में लालू, राबड़ी और अन्य के खिलाफ मामले में पहला आरोप पत्र दायर किया था। यह रेलवे के मुंबई मुख्यालय वाले सेंट्रल जोन में की गई नियुक्तियों से संबंधित था।

झारखंड में आयुष्मान भारत ...

रिपोर्ट में भी झारखंड के हॉस्पिटल्स द्वारा बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़े का खुलासा किया गया था। रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि झारखंड के प्राइवेट हॉस्पिटल्स ने 250 ऐसे लोगों के इलाज के नाम पर पैसा उठाया, जिनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। राज्य के 47 हॉस्पिटल्स ने एक-एक दिन में अपनी कुल बेड क्षमता की तुलना से ज्यादा मरीजों के इलाज के नाम पर योजना का लाभ लिया। सावित्री देवी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल की कुल बेड क्षमता 30 है। इसने एक दिन में योजना के तहत 103 मरीजों के इलाज का दावा किया। इसी तरह किडनी केयर सेंटर में मात्र 12 बेड हैं लेकिन इसने 55 मरीजों के इलाज का दावा किया। रांची के इरबा स्थित क्यूरी अब्दुर्ज्जाक अंसारी कैंसर इंस्टीट्यूट ने 100 बेड की क्षमता रखते हुए 112 मरीजों का इलाज दिखाया। पलामू जिले के एक हॉस्पिटल ने योजना के तहत डि-इम्पैनल होने के बाद अपना नाम बदल लिया और 130 मरीजों के इलाज के दावा किया। कई मरीजों के इलाज के नाम पर इसने भुगतान भी उठा लिया।

विस सचिव 7 दिन में ...

की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे। पूर्व की सुनवाई विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी। इस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

रेमडिसिविर कालाबाजारी...

सह प्रोपराइटर, कविलाश चौधरी को मृत दिखाते हुए चार्जशीट की है। वहीं डॉ सुधाकर देव की पत्नी अंजू कुमारी, अनीष कुमार सिन्हा, पुनीत प्रजापति, आशीष गुप्ता के खिलाफ अंतिम चार्जशीट की गई है। बुधवार को जिन आरोपियों पर पूरक चार्जशीट हुआ, सभी साई कृपा के सह प्रोपराइटर हैं। डीजी अनिल पालटा ने बताया कि एसआईटी के समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर साई कृपा मेडिकल एंड सर्जिकल का लाइसेंस रद हो चुका है। वहीं रिम्स के दो कर्मियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर 29 अप्रैल 2021 को कोतवाली थाने में दर्ज केस का अनुसंधान एसआईटी बनाकर किया जा रहा था। आरोप था कि अभियुक्तों ने ऊंचे दामों पर कालाबाजारी कर अनाधिकृत रूप से रेमडिसिविर बेचा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

वाराणसीः तेज रफ्तार कार और ट्रक में सीधी टक्कर, आठ लोगों की मौत

वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव के निकट बुधवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाते ही मौके पर क्षेत्रीय पुलिस भी पहुंच गई। हादसे में कार में सवार 03 साल का बच्चा जीवित बचा है। सभी मृतक पीलीभीत जनपद के रहने वाले थे। घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अफसरों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित उपचार कराए।

दानिश-बिधूड़ी विवाद पर विशेषाधिकार समिति ने 10 को बुलाई पहली बैठक

नई दिल्ली। बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 10 अक्टूबर को समिति की पहली बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि विशेषाधिकार समिति ने इस विवाद पर पहली बैठक में अपनी सफाई देने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को बुलाया है। 10 अक्टूबर की बैठक में बिधूड़ी अपने ऊपर लगे आरोपों की सफाई देंगे और दानिश अली के व्यवहार को लेकर मौखिक साक्ष्य भी दे सकते हैं। आपको याद दिला दें कि, कई विपक्षी सांसदों द्वारा लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग के जवाब में भाजपा लोक सभा सांसद निशिकांत दुबे एवं रवि किशन और भाजपा राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर दानिश अली के व्यवहार की जांच करवा कर कार्रवाई करने की मांग की थी। दोनों पक्षों की तरफ से कई सांसदों की शिकायत मिलने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी शिकायतों को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजते हुए पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दे दिया था।

पीएम ने सिक्किम के सीएम से बात की

नई दिल्ली। सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से दूरभाष पर बात की। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने सभी प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, ह्लसिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग से बात की और राज्य के कुछ हिस्सों में दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर स्थिति का जायजा लिया। चुनौती से निपटने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मैं प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।" उल्लेखनीय है कि सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से कई लोग लापता हैं। लापता लोगों में सेना के जवान भी हैं।

पीएम आज राजस्थान व मध्य प्रदेश में कई योजनाओं की रखेंगे आधारशीला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार राजस्थान और मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कल सुबह लगभग 11:15 बजे जोधपुर (राजस्थान) में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग 5000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री लगभग 03:30 बजे जबलपुर (मध्य प्रदेश) पहुंचेंगे। वहां वो सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल क्षेत्रों से जुड़ी 12,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। राजस्थान को उपहारः प्रधानमंत्री राजस्थान में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

बदलते भू-राजनीतिक माहौल में तैयार रहने की जरूरत : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार रहने की जरूरत है। 63वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारी सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण से कहीं आगे तक फैली हुई हैं और इसमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा सहित कल्याण के अन्य आयाम भी शामिल हैं। सशस्त्र बलों की भूमिका पारंपरिक सैन्य मामलों से परे भी विस्तारित हुई है। जटिल रक्षा और सुरक्षा परिवेश में भविष्य के संघर्षों के लिए अधिक एकीकृत बहु-राज्य और बहु-एजेंसी दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। इसलिए एनडीसी पाठ्यक्रम भविष्य के जटिल सुरक्षा माहौल से व्यापक तरीके से निपटने के लिए सैन्य और सिविल सेवा अधिकारियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक वातावरण गतिशील है और कई चुनौतियां खड़ी करता है। तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है।

राष्ट्रीय एवं वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करना है बल्कि साइबर युद्ध, प्रौद्योगिकी समर्थित आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी नई सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। व्यापक शोध पर आधारित अद्यतन ज्ञान और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को लागू करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम अपनी तरह का एक अनूठा पाठ्यक्रम है जिसमें शासन, प्रौद्योगिकी, इतिहास और अर्थशास्त्र के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीति के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीसी में सीखने के समग्र दृष्टिकोण ने चुनौतियों का सामना करने के मामले में पाठ्यक्रम के सदस्यों को समृद्ध किया है।

न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ समेत दो गिरफ्तार

स्पेशल सेल ने 46 संदिग्ध लोगों से की पूछताछ



एजेंसी। नई दिल्ली

चीनी फंडिंग के आरोपों से घिरी एक वेबसाइट न्यूजक्लिक और उससे जुड़े लोगों पर छापेमारी की कार्रवाई के बाद मंगलवार शाम को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने दो गिरफ्तारियां की हैं। स्पेशल सेल ने वेबसाइट के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ यूएपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले, मंगलवार सुबह दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल में दर्ज यूएपीए मामले के संबंध में मंगलवार को न्यूजक्लिक के 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापे मारे गए थे। इस दौरान कई पत्रकारों को हिरासत में भी लिया गया था। छापेमार के दौरान तलाशी, जब्ती और हिरासत में लिए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया है कि "परिसर में कुल 37 पुरुष संदिग्धों से पूछताछ की गई। जबकि 9 महिला संदिग्धों से उनके आवास पर पूछताछ की गई है। जांच के दौरान डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों आदि को जब्त किया गया है।" दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने न्यूजक्लिक के नई दिल्ली कार्यालय को सील कर दिया है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई अब भी जारी है।

ईडी ने आप सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आपा) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति घोटाला मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। आआपा ने कहा है कि भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध में ऐसा कर रही है। वहीं, भाजपा नेताओं ने कहा है कि आबकारी नीति घोटाले में आआपा नेताओं ने दिल्ली सरकार के करोड़ों के राजस्व को चूना लगाया है। उसी का यह प्रतिफल है। सूत्रों ने बताया कि आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लान्ड्रिंग के एक मामले में ईडी ने आज सुबह करीब सात बजे संजय सिंह के 131 नार्थ एवेन्यू आवास पर छापेमारी की। संजय सिंह को ईडी के ऑफिस ले जाया गया जहां उनका बयान दर्ज किया गया। अब उन्हें गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया जा सकता है। जहां जांच एजेंसी उनकी हिरासत की मांग करेगी।

केंद्र ने 3 केंद्रशासित प्रदेशों के लिए किरायेदारी नियमों को दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह किरायेदारी विनियमन- 2023, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव किरायेदारी विनियमन- 2023 और लक्षद्वीप किरायेदारी विनियमन- 2023 को लागू करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 राष्ट्रपति को केंद्रशासित प्रदेशों के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि किरायेदारी विनियमन लागू होने से ये मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों एवं अधिकारों को एक जवाबदेह और पारदर्शी ईको-सिस्टम बनाने में कानूनी ढांचा प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह विनियम किराये के बाजार में निजी निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा देंगे, प्रवासियों, औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों, पेशेवरों, छात्रों आदि सहित समाज के विभिन्न आय वर्गों के लिए पर्याप्त किराये के आवास स्टॉक का निर्माण करेंगे। इससे गुणवत्तापूर्ण किराये के आवास तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी और किराये के आवास बाजार को धीरे-धीरे औपचारिक बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। जो केंद्रशासित प्रदेशों- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव और लक्षद्वीप में एक जीवंत, स्थाई और समावेशी किराये के आवास बाजार का निर्माण करेगा।

लोगों के स्वास्थ्य बिगाड़ रही गाड़ियों से निकलने वाले नैनो पार्टिकल

आरएनएम। नई दिल्ली

देश के प्रमुख शहरों में गाड़ियों से निकल रहे नैनो पार्टिकल की बढ़ती संख्या लोगों के स्वास्थ्य खराब कर रही है। सड़कों के किनारे रहने वाले लोग इसकी वजह से कई तरह के बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली को रोहतक से जोड़ने वाली नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली की बवाना रोड पर हुई एक शोध अर्बन क्लाइमेट जर्नल में प्रकाशित हुई है। इस क्षेत्र में आसपास कई शैक्षणिक संस्थान, आवासीय परिसर, व्यावसायिक परिसर हैं। इसके कारण यहां ट्रैफिक ज्यादा रहता है। इन जगह पर गाड़ियों के अलावा बायोमास बर्निंग व अन्य कारणों से भी नैनो पार्टिकल बढ़ रहे हैं। रिसर्च के अनुसार इस सड़क पर 1300 गाड़ियां हर घंटे निकलती हैं। हर दिन यहां से औसत 40,000 गाड़ियां गुजरती हैं। दो सालों तक चले शोध की टीम में दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और अहमदाबाद फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के शोधार्थी शामिल थे। इसमें एक अप्रैल 2021 से 30 जून 2021 तक और फिर 3 अक्टूबर 2021 से 30 नवंबर 2021 तक के बीच दो फेज में आकलन किया गया।

जितनी ज्यादा गाड़ियां उतने ज्यादा नैनो पार्टिकल

डीटीयू के डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव कुमार मिश्रा का कहना है कि शोध में आया कि सड़क के किनारे मानवीय गतिविधियों और गाड़ियों की संख्या के बढ़ने व कम होने का असर पार्टिकल पर भी पड़ रहा था। नैनो पार्टिकल गाड़ियों के हिसाब से ही कम और ज्यादा हो रहे थे। जब हवा तेज चलती तो यह आसपास के क्षेत्र में बह जाते और वहां के लोग इनकी जद में आ जाते। शहरी क्षेत्रों में अल्ट्रा फाइन पार्टिकल वायुमंडल में मौजूद कुल नैनो पार्टिकल का 90 प्रतिशत तक हो जाते हैं। राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली जैसे शहरों में सड़कों के किनारे रेजिडेंशल एरिया के लोग इस प्रदूषण की अधिक चपेट में है। पुलिसकर्मी, स्ट्रीट वेंडर, ड्राइवर, बाइक चलाने वाले, डिलीवरी बॉय तो उसकी चपेट में ज्यादा ही हैं। शोध में दिवाली के बाद पाया गया कि नैनो पार्टिकल की संख्या 35 प्रतिशत तक बढ़ गई। इसकी वजह ट्रैफिक और आतिशबाजी रही। यह भी पाया गया गया कि पीक आवर के समय नैनो पार्टिकल की संख्या नॉन पीक आवर से दोगुनी होती है।

FILMY हलचल

ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी ने रणबीर कपूर को भेजा समन



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मामले में ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने रणबीर कपूर को 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने का आदेश दिया है।महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कई बॉलीवुड अभिनेता और गायक ईडी के राडार पर हैं। ईडी इस बात की भी जांच कर रहा है कि महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी और सक्सेस पार्टी में कौन-कौन मौजूद था। रणबीर कपूर के अलावा कम से कम 15 से 20 सेलिब्रिटीज ईडी के राडार पर हैं। इनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली अजगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, नेहा कक्कड़, एली अवराम, भारती सिंह, सनी लियोन, भाग्यश्री, पुलकित-कृति, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। महादेव गेमिंग-बेटिंग एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप है। इस ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर ने फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शादी की थी। इस शादी पर 200 करोड़ से ज्यादा खर्च किये गये थे, उनकी शादी में शामिल हुए सभी सेलिब्रिटी जांच एजेंसियों के राडार पर आ गए हैं।

कास्टिंग काउच को लेकर नीना गुप्ता के बयान ने फिर मचाई खलबली

एक्ट्रेस नीना गुप्ता का एक पुराना बयान इन दिनों फिर सुर्खियों में है। उन्होंने कास्टिंग काउच को लेकर कभी एक इंटरव्यू दिया था, उसके बाद न्यू कमर्स के लिए दिए बयान से काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब उनकी अपकमिंग फिल्म काफी चर्चा में है। नीना गुप्ता की फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर मीडिया में खूब मसाला आ रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। आने वाली ये फिल्म अगले साल मार्च में रिलीज होगी। हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर हिट बनाने के लिए सितारे लगातार फैंस के बीच जाकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं।

फिर सुर्खियों में एआर रहमान, म्यूजिक डायरेक्टर का सर्जन एसोसिएशन पर मानहानि का आरोप

एक लाइव शो के दौरान एआर रहमान खराब मैनेजमेंट की वजह से सुर्खियों में थे। अब रहमान एक बार फिर एक अलग वजह से खबरों में हैं। दिग्गज संगीत निर्देशक एआर रहमान ने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को कानूनी नोटिस भेजा है। रहमान ने एसोसिएशन पर वार्षिक सम्मेलन में उनका नाम खराब करने का आरोप लगाया है। रहमान ने मानहानि के लिए 10 करोड़ रुपये का मुआवजा भी मांगा है। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया ने आरोप लगाया है कि 2018 में रहमान को संस्थान के 78वें वार्षिक सम्मेलन में प्रदर्शन करना था, लेकिन वह शामिल नहीं हो सके। इसके लिए एडवांस के तौर पर लिए गए 29.5 लाख रुपये रहमान ने नहीं लौटाए हैं। हालांकि, एआर रहमान की वकील नर्मदा संपत ने चार पेज के जवाब में आरोपों से इनकार किया है। कोर्ट को सौंपे गए नोटिस में एआर रहमान ने कहा है कि उन्होंने एसोसिएशन के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया। हालांकि कहा जा रहा है कि पब्लिसिटी के लिए उनकी प्रतिष्ठा खराब करने की कोशिश की जा रही है। इतना ही नहीं दावा किया गया है कि रहमान को इसके लिए एडवांस के तौर पर कोई रकम नहीं मिली। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया है कि रहमान पर लगाए जा रहे आरोप सिर्फ मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए लगाए जा रहे हैं। इसलिए, नर्मदा संपत ने मांग की है कि एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को रहमान से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही नोटिस में यह भी कहा गया है कि रहमान को 15 दिन के अंदर 10 करोड़ की रकम का भुगतान किया जाए।

उपलब्धि एचएएल ने वायु सेना को सौंपा एलसीए तेजस पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

मिलेंगे कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

एचएएल से पहला एलसीए तेजस मार्क-1ए अगले साल मिलेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

वायुसेना को आज लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को बेंगलुरु में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को सौंपा। एचएएल और भारतीय वायु सेना के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से यह पहला है।

एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ने एक औपचारिक समारोह में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में एलसीए तेजस का पहला ट्रेनर संस्करण सीएएस एयर चीफ मार्शल चौधरी को सौंपा। इस कार्यक्रम में वायु सेना के उप प्रमुख, भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अधिकारी और परियोजना से जुड़े कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। एचएएल ने पहला तेजस ट्रेनर बना लिया है, जो अंतिम विकासात्मक परीक्षण उड़ानों से गुजर चुका है। तेजस डिवीजन के दौरे पर एयर मार्शल दीक्षित को एचएएल टीम ने ट्रेनर एयरक्राफ्ट के उत्पादन की स्थिति और एलसीए मार्क-1ए की डिलीवरी की योजना के बारे में जानकारी दी थी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी। वायु सेना को फरवरी 2024 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए मिलेगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन तेजस एमके-1ए प्राप्त करने वाली पहली स्क्वाड्रन होगी। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है।

एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्मसुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाईं जाएंगी। तेजस एमके-1ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायु सेना को मिलेंगे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति 2024 से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायुसेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। एलसीए तेजस एमके-1ए संस्करण में फिलहाल स्वदेशी सामग्री 50% है जिसे 60% तक बढ़ाया जाएगा।